स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
3 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 311 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वैभव सूर्यवंशी को क्यों नहीं मिल रहा मौका?



**फैजाबाद बार एसोसिशन के वकीलों ने ट्रस्ट के तीन सदस्यों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर**

# चंपत राय पर एफआईआर की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के प्रकरण को लेकर फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के अधिवक्ताओं ने श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य डा. अनिल मिश्रा और मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये जैसे कचेहरी से आगे अधिवक्ताओं की टीम अयोध्या के लिये कूच की, वैसे ही पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया और रामपथ, सिविल लाइन पर बनी चौकी तक ही आने दिया। अधिवक्ताओं की मांग थी कि जिन लोगों के नाम छूट गये हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं हो रहा है? फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद एवं महासचिव शैलेन्द्र जायसवाल ने 'स्वतंत्र भारत' को बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में हम लोग श्रीरामजन्मभूमि थाना अयोध्या में एफआईआर दर्ज कराने के लिये निकले ही थे वैसे ही पुलिस प्रशासन ने कचेहरी से दस कदम की दूरी पर हम लोगों को घेर लिया और कहा कि अब आप लोग इससे आगे नहीं जा सकते। पुलिस प्रशासन ने रामपथ पर बनी सिविल लाइन में चौकी पर ही उनका आवेदन ले लिया और इन लोगों को वापस कर दिया। एसोसिएशन के सचिव के मुताबिक रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डा. अनिल मिश्रा, जो चंदा व दान धन गणना प्रमुख हैं और बिना किसी अधिकृत पद के ट्रस्ट के समस्त कार्यों में प्रमुखता से दिखने वाले गोपाल राव की संदिग्धता



स्पष्ट रूप से चन्दा/दान धन चोरी में परिलप्ति है। जिनके द्वारा भी अपने करीबी लोगों को दान की गिनती में लगाकर लगातार बड़े पैमाने पर दान की चोरी की गयी है जो वेशकीमती जेवरात की चोरी करायी गयी। एसोसिएशन के महासचिव ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज होना चाहिये। इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ता लोग काफी आक्रोशित थे और गुस्से में थे। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने अपनी पहली रिपोर्ट ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य संजय प्रसाद जो प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन भी हैं को सौंपी और उसी एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर जो आज भी सार्वजनिक नहीं है। उन्होंने कहा कि 25 जून को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी, जिसमें चोरी के प्रमुख जिम्मेदार व्यक्ति चम्पत राय बंसल, डा. अनिल मिश्रा, गोपाल राव का जिक्र ही नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि इन लोगों के नाम क्यों नहीं एफआईआर किया गया जो यह बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की मांग है कि इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाय। फैजाबाद बार एसोसिएशन के महासचिव ने स्वतंत्र-भारत को बताया कि अगर एफआईआर नहीं दर्ज होता है तो अगला कदम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां जाकर एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास करेंगे। अगर वहां एफआईआर दर्ज नहीं हुआ तो हम लोग अदालत के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास करेंगे।

**तहरीर और आरोप:** वकीलों ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मंदिर में हुए चढ़ावा चोरी जैसे बड़े मामले की जानकारी इन तीनों सदस्यों को भी होनी चाहिए थी, इसलिए इनकी संलिप्तता की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए?
**वकीलों का अल्टीमेटम:** इससे पहले फैजाबाद बार एसोसिएशन के वकीलों ने एक प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी थी कि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव अयोध्या छोड़ दें?
**बहिष्कार का निर्णय :** पूर्व में वकीलों ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई भी स्थानीय वकील इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पैरवी नहीं करेगा और यदि कोई ऐसा करता है, तो उस पर 5 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा।

### खुद को ठगा महसूस कर रहे चम्पत राय

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने यह महसूस किया कि मैं जिन लोगों के ऊपर भरोसा करता था, आज उन्हीं लोगों ने मुझे धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि मैं आज खुद को ठगा महसूस कर रहा हूं। श्री राय का कहना है कि भगवान राम के प्रति कितनी श्रद्धा है मेरी यह मैं स्वयं जानता हूं, लेकिन इन लोगों ने मुझको ऐसा धोखा दिया कि मरने के बाद भी मैं सोचता रहूंगा। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि चढ़ावा चोरी प्रकरण से वह अत्यधिक परेशान रहते हैं। फिर भी उनका कहना है कि मैं हर जगह इन परेशानियों से लड़ने के लिये तैयार हूं। सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का जब यह आदेश आया कि राम मंदिर जन्मभूमि पर ही बनेगी तब से लेकर श्री राय ने मंदिर बनाने और संवारने में ही समय बिता दिया। अब श्री राय चाहते हैं कि मंदिर चढ़ावा चोरी की निष्पक्ष जांच हो और जो लोग उसमें दोषी पाये जाएं, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

**पीएम मोदी बोले- ताकाइची छोटी बहन और दूरदर्शी**

# भारत-जापान में अहम द्विपक्षीय समझौते

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच आज अहम द्विपक्षीय समझौते हुए। दोनों देशों के बीच हुए वार्षिक सम्मेलन के बाद आर्टिफिशियल

- **एआई व फार्मा सेक्टर से जुड़े समझौतों पर हस्ताक्षर**

इंटेलिजेंस (एआई) के अलावा फार्मा सेक्टर से जुड़े समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त प्रेस वार्ता भी की। अपनी गर्मजोशी और प्रधानमंत्री पद से इतर इंसानी रिश्ते के लिए दुनियाभर में मशहूर पीएम मोदी ने जापानी समकक्ष को अपनी छोटी बहन बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा मेरी छोटी बहन, प्रधानमंत्री सनाए तकाइची, दोनों प्रतिनिधिमंडलों के सम्मानित सदस्य, मीडिया के सदस्य, नमस्कार और कोनिचिवा (इसका मतलब जापानी भाषा में हैलो होता है)। उन्होंने आगे कहा कि भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री तकाइची की भारत की पहली यात्रा पर उनका स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। इसके साथ ही एक दूरदर्शी और व्यापक रूप से सम्मानित नेता भी हैं। वे नारा प्रांत से आती हैं,



जो भारत और जापान की साझा बौद्ध विरासत का एक प्रमुख केंद्र है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री तकाइची की इस यात्रा के साथ, हम अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। आज, भारत और जापान दोनों ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। एक स्वतंत्र, समृद्ध और नियमों पर आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हमारी साझा प्राथमिकता है। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और बाजार-आधारित अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर, हमने आज कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने कहा, जापान की मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स का एक डिस्ट्रॉयर और भारतीय नौसेना का एक जहाज संयुक्त अभ्यास करने की योजना बना रहे हैं। हम हिंद महासागर में अभ्यास बढ़ाएंगे, नौसेना के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल में सहयोग को बढ़ावा देंगे और मेक इन इंडिया फ्रेमवर्क के तहत उपकरणों के मामले में सहयोग को मजबूत करेंगे। इस तरह के सहयोग को और गहरा करने के लिए, मैंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे बातचीत करें और साल के अंत से पहले अगली जापान-भारत द्विपक्षीय बैठक आयोजित करें।

## बेंगलुरु : पत्थर की खदान में चट्टान गिरी, सात मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला हादसा सामने आया है। बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मडापट्टना में गुरुवार सुबह एक पत्थर की खदान में काम के दौरान एक विशालकाय चट्टान गिर गई। इस हादसे में बिहार के रहने वाले कम से कम सात दिहाड़ी मजदूरों की मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए खदान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में पत्थर की एक खदान में बड़ी चट्टान गिरने से बिहार के कम से कम सात मज़दूरों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह-सुबह बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मडापट्टना में हुआ, जब कावेरी कंपनी के कर्मचारी एक चट्टान पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मारे गए सभी लोग दिहाड़ी मज़दूर थे जो पत्थर तोड़ने वाली जगह (स्टोन क्रशर साइट) पर काम कर रहे थे; वे गिरी हुई चट्टान के नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा खदान में खुदाई के काम के दौरान हुआ। शुरुआती जांच के मुताबिक, खदान में काम चल रहा था तभी एक बड़ी चट्टान टूटकर नीचे काम कर रहे मज़दूरों पर गिर गई।

# दिल्ली में दहशत की साजिश नाकाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई प्रायोजित एक अंतर-राज्यीय आतंकी

- **आईएसआई से जुड़े चार आतंकी गिरफ्तार**
- **एनसीआर भी था निशाने पर**

और हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन पंजाब से और एक दिल्ली से है। ये आरोपी दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शुभदीप सिंह, गुरजंट सिंह, साजन सिंह और गगनप्रीत के रूप में हुई है। इन्हें आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों के निर्देश पर काम करने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। ये नंबर उन्हें पाकिस्तानी हैंडलरों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। स्पेशल सेल ने आरोपियों के पास से दो विदेशी पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। एक आरोपी गगनप्रीत को दिल्ली में पुलिस प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की रेकी करने का काम सौंपा गया था। उसे दिल्ली में गोलीबारी की घटना को अंजाम देने का भी निर्देश दिया गया था।स्पेशल सेल को पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी द्वारा दिल्ली-एनसीआर में आतंकी घटना की योजना की विश्वसनीय जानकारी मिली थी। इनपुट से पता चला कि उन्होंने पंजाब से युवाओं की भर्ती की थी। खुफिया जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दिल्ली और पंजाब में कई छापे मारे गए। पहली गिरफ्तारी अमृतसर से शुभदीप सिंह की हुई, जिसके पास से एक पिस्तौल, पांच कारतूस और दो मोबाइल फोन मिले। पूछताछ में उसने ड्रोन के जरिये हथियार और नशीले पदार्थ मिलने की बात कबूली।
जांच के दौरान शुभदीप के दो सहयोगी गुरजंट सिंह और साजन सिंह को पंजाब से पकड़ा गया। उनके पास से एक जिगाना पिस्तौल, चार कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। बाद में, 24 अप्रैल, 2026 को गगनप्रीत को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उसके मोबाइल फोन से कई आपत्तिजनक सबूत मिले हैं।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नेटवर्क बढ़ा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से 15 जून से कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने के बाद उड़ानों की संख्या बढ़ गई है।

- **नौ नए शहर जुड़े, अब रोजाना 34 उड़ानों का संचालन**

नेटवर्क विस्तार में नौ शहर बुधवार को जुड़े। एयरपोर्ट प्रबंधन की योजना अगले दो सप्ताह में श्रीनगर के लिए भी उड़ान शुरू करने की है। अभी 14 शहरों के लिए विमानन सेवा उपलब्ध रहेगी। एयरपोर्ट से कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू करने के लिए लखनऊ से पहली उड़ान आई थी। बुधवार से इसे नियमित कर दिया गया। सुबह 8.05 बजे यह विमान लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट पहुंची। शाम के समय लखनऊ के लिए फ्लाइट वापसी के लिए शेड्यूल की गई है। इसी तरह बंगलुरू भी लखनऊ से नोएडा होते हुए शिड्यूल किया गया है। लखनऊ से आने वाली फ्लाइट को ही ले-ओवर नोएडा में दिया गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार जल्द ही श्रीनगर सहित कई अन्य शहरों के लिए भी उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी। अभी एयरपोर्ट से 14 शहरों के लिए कुल 34 उड़ानों का संचालन होगा। मुंबई और लखनऊ के लिए प्रतिदिन दो-दो फ्लाइट रहेंगी।

## अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था जम्मू से रवाना



**श्रीनगर।** जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुरुवार सुबह 4 बजे अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था

- **सिर्फ रजिस्टर्ड श्रद्धालुओं को एंट्री मिली**
- **बद्रीनाथ में 14.5 लाख, केदारनाथ में 13.75 लाख श्रद्धालु पहुंचे**

रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया। श्रद्धालु बम-बम भोले के जयकारों के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए। 57 दिन की यात्रा 3 जुलाई से पहलगाम और बालटाल दोनों रास्ते से शुरू होकर 28 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलेगी। पहले जत्थे में सिर्फ उन्हीं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया, जिन्होंने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया था। जिन्होंने आरएफआईडी कार्ड बनवाया था और ई-केवाईसी पूरी की थी। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। 1 जुलाई तक बद्रीनाथ में 14.5 लाख और केदारनाथ में 13.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक करीब 4 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। प्रशासन ने सुरक्षा, मेडिकल, परिवहन और दूसरी जरूरी व्यवस्थाएं पहले ही पूरी कर ली हैं, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित हो सके। चारधाम यात्रा में महज 20 दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

## मनीष तिवारी कांग्रेस से फिर नाराज

**चंडीगढ़।** कभी कांग्रेस के असंतुष्ट गुट जी-23 के सदस्य रहे मनीष तिवारी एक बार फिर नाराज नजर आ रहे हैं।
पंजाब कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर संगठनात्मक फेरबदल के बाद जिस तरह उन्हें पूरी तरह किनारे कर दिया गया, उससे उनकी नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। चंडीगढ़ से लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने सीधे तौर पर तो पार्टी नेतृत्व पर हमला नहीं बोला, लेकिन उनके शब्दों में गहरी पीड़ा और असहमति साफ दिखाई दी।

# यूपी में एक साथ सवा सौ डिप्टी एसपी इधर से उधर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में ताबड़तोड़ फेरबदल किए गए हैं। गुरुवार को एक साथ 125 डिप्टी एसपी अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। जारी तबादला सूची के अनुसार विभिन्न जनपदों, पुलिस कमिश्नरेट, पीएसी, एटीएस, रेलवे पुलिस तथा अन्य इकाइयों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस व्यापक तबादले का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना और प्रशासनिक कार्यों में गति लाना बताया जा रहा है। जारी सूची के अनुसार, कमलेश कांत का तबादला मुरादाबाद से गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट किया गया है, जबकि सुनील कुमार सिंह को भदोही से बिजनौर भेजा गया है। अरुण कुमार शुक्ला को गोंडा से कौशांबी, मुकेश कुमार त्यागी को सहारनपुर से 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद तथा जावेद इकबाल खान को खीरी से 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र में नई तैनाती दी गई है।
इसी क्रम में रणवीर सिंह यादव को बागपत से शाहजहांपुर, राम किशन को बाराबंकी से गाजियाबाद कमिश्नरेट, अमित प्रताप सिंह को एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ से बहराइच तथा शिव ठाकुर को सहारनपुर से मेरठ भेजा गया है। वहीं संदीप कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, संदीप कुमार राय, विकास प्रताप सिंह चौहान, विजय कुमार पांडेय, रंजना सचान, संजय कुमार सिंह, अजय पाल सिंह, मुकेश कुमार, विवेक कुमार तिवारी, भास्कर कुमार तथा कई अन्य अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।
तबादला सूची में मुरादाबाद, मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा, झांसी, बरेली, अयोध्या, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बिजनौर, बागपत, बलरामपुर, बहराइच, बुलंदशहर सहित अनेक जिलों के अधिकारी शामिल हैं। शासन का कहना है कि इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना तथा पुलिस व्यवस्था को मजबूत करना है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को शीघ्र नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## इसरो मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**बंगलूरू।** बंगलूरू स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद गुरुवार को सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई।
पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक एवं बम खोजी दस्ता (बीडीडीएस) इसरो मुख्यालय पहुंचा।

## ममता से अलग हुआ बागी गुट

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट ने गुरुवार दोपहर चुनाव आयोग से मुलाकात की। बागी गुट का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। विधायकों ने पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी को मान्यता देने की मांग की। मुलाकात के बाद बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा- हम ही असली टीएमसी हैं, चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी। उम्मीद है वे जल्द फैसला लेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋत्ब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 22 जून को कोलकाता में प्रतिनिधि बैठक हुई थी। इसमें नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था।

## संजय राउत ने बीजेपी पर कसा तंज

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दलबदल कराने और विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए दीवाना हो गया है। हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि विपक्षी दलों को विभाजित करने के भाजपा के कथित प्रयास राजनीतिक संगठनों को तोड़ने के प्रति उसके जुनून को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) पार्टियों को तोड़ने के लिए इतने जुनूनी हैं कि वे अंत तक एक-दूसरे की पार्टियों को तोड़ देंगे। उन्होंने आगे दावा किया कि अगर भाजपा सत्ता खो देती है तो वह खंडित हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया, मैंने यह पहले भी कहा है- जिस दिन वे सत्ता से बाहर हो जाएंगे।

## मुंबई : मैनहोल में गिरकर एक की मौत

**मुंबई।** मुंबई में आज साकीनाका पुलिस स्टेशन के इलाके में खुले मैनहोल में एक वरिष्ठ शख्स गिर गया। पुलिस और स्थानीय राहत-बचाव कार्य एजेंसियां शव की तलाश में जुटी हैं। साकीनाका के खैरानी रोड पर पानी की निकासी वाली ग्रिल की मरम्मत का काम चल रहा था। काम के दौरान, साकीनाका के यादव नगर में रहने वाले 60 साल के असलम इसाक शेख नाम का एक पैदल यात्री गलती से खुले पड़े मैनहोल में गिर गया। इस हादसे से पहले भी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के क्षेत्राधिकार वाले इलाके में एक शख्स मैनहोल में गिरकर अपनी जान गंवा चुका है। यह मुद्दा राज्य विधानसभा में भी उठाया गया था।




**लताड़**

**यूएन में भारत ने कहा अच्छा या बुरा नहीं होता कोई आतंकी**

# दुनिया में आतंकवाद पर दोहरा मापदंड नहीं चलेगा


**न्यूयॉर्क।** भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को मजबूती से दोहराया है। संयुक्त

- **टेरर फंडिंग रोकना बहुत जरूरी**

राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वथानेनी ने दुनिया के सभी देशों से अपील की है कि वे आतंकवाद की खूनी सोच को जड़ से खत्म करने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी शिकायत या वजह के नाम पर आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता। वैश्विक मंच पर भारत ने दो टूक अंदाज में कहा कि आतंकवाद के मामले में दुनिया को दोहरा रवैया बंद करना होगा। कोई भी आतंकवादी अच्छा या बुरा नहीं होता, आतंकी सिर्फ आतंकी होता है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले, उन्हें पैसा देने वाले और अपने यहां पनाह देने वाले देशों को कानून के कठघरे में खड़ा करना बेहद जरूरी है। राजदूत पर्वथानेनी ने भारत का दर्द बयां करते हुए कहा कि हमारा देश दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है। हमने अपनों को




खोया है और समाज को भारी नुकसान झेला है, इसलिए आतंकवाद के पक्ष में कोई दलील नहीं दी जा सकती। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादियों तक पहुंचने वाले पैसे को रोकना सबसे जरूरी है। इसके लिए सभी देशों को आपस में वित्तीय खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इसके साथ ही भारत ने चिंता जताई कि आतंकवादी अब नई तकनीकों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इस तकनीकी खतरे से निपटने पर कोई ठोस फैसला न हो पाना काफी निराशाजनक है।भारत ने साफ किया कि वह किसी भी धर्म, जाति या नस्ल के खिलाफ होने वाली नफरत की कड़ी निंदा करता है।
भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सिर्फ कुछ गिने-चुने धर्मों के खिलाफ होने वाली नफरत तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हिंदू, सिख और बौद्ध जैसे अन्य सभी धर्मों के खिलाफ फैलाई जाने वाली नफरत को भी स्वीकार करना और रोकना चाहिए। भारत ने याद दिलाया कि उसने करीब 30 साल पहले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर एक वैश्विक कानून बनाने का प्रस्ताव दिया था, जो आज तक लटका हुआ है। इस कानूनी ढांचे के न होने से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ रही है। भारत ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया के देश अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाएं और इस कानून को तुरंत पास करें, ताकि आतंकवादियों को छिपने की जगह, पैसा और हथियार न मिल सकें।




# मुखर्जी ने अपने राजनीतिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पखवाड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सहकारिता भवन, विधानसभा मार्ग में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं राजेश्वर सिंह, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान एवं मुकेश शर्मा, उपविजेता रजनीश गुप्ता तथा अंजनी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने



केंद्रीय मंत्री के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने राजनीतिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए निर्भीकता के साथ कार्य किया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहते हुए भी उन्होंने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित के प्रश्न पर पद का त्याग कर दिया। उनका जीवन आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता को कर्तव्यनिष्ठा, साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना केवल एक राजनीतिक दल की स्थापना नहीं थी, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को संगठित रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक ऐसे राजनीतिक विकल्प की नींव रखी, जिसमें भारत की संस्कृति, परंपरा, स्वाभिमान और लोकतांत्रिक मूल्यों को केंद्र में रखा गया। आज भारतीय जनता पार्टी उसी विचारधारा को जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के माध्यम से आगे बढ़ा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान पर विचार रखते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान, राष्ट्रीय एकता और मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया तथा उनके विचारों ने देश की राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचें और संगठन को अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत उदाहरण है। उनका संघर्ष, त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह एवं टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, दीपक शुक्ला, जी.डी. शुक्ला एवं सीता नेगी, मंत्री सचिन वैश्य, राजेश चौधरी, आनंद पांडेय, अभिषेक गुप्त, डा नीरज बोरा, संजय तिवारी, सी के वर्मा व ओपी तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऐशबाग में श्रीराम दरबार व हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ ।** ऐशबाग के प्राचीन श्री शिव-शक्ति महादेव मंदिर, गुलजार नगर में तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव के अंतिम दिन भगवान का पंचामृत अभिषेक कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर से भूसा मंडी चौराहा व करहेटा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची, जहां श्रीराम दरबार एवं श्री हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में करीब 2,500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सर्वेश राठौर एवं मीडिया प्रभारी विवेक शिवाजी नाग 'रॉकी' ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज शर्मा, आरती देवी, महेश प्रजापति, अनुराग शर्मा, आशीष मौर्य सहित समिति के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।



## खबर एक नज़र

### लविवि में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 220 का शुभारंभ बृहस्पतिवार को हबीबुल्लाह हॉस्टल एवं महमूदाबाद हॉस्टल में हुआ। इस दस दिवसीय शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कुल 644 एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 173 सीनियर विंग एवं 471 सीनियर डिवीजन कैडेट शामिल हैं। शिविर के प्रथम दिवस पर सभी कैडेटों का पंजीकरण, नामांकन एवं आवास आवंटन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इसके उपरांत प्रथम फॉल-इन का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर कमांडेंट कर्नल ए.के. गुप्ता, ऐडम ऑफिसर ले क. अनिमेष राय, ले. डॉ रजनीश कुमार यादव, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर व पीआई स्टाफ सूबेदार मेजर आशीष सिंह चौहान एवं सूबेदार जसबीर सिंह के साथ कैडेटों को संबोधित किया। इस दौरान कैडेटों को शिविर की अनुशासन व्यवस्था, दैनिक दिनचर्या, सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दिया गया।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश में छात्रों का बढ़ा उत्साह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लविवि में स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इस वर्ष छात्रों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून को समाप्त हो चुकी है। प्राप्त आवेदनों के आंकड़े बताते हैं कि विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। बीएससी (बायोलॉजी) की 393 सीटों के लिए इस वर्ष लगभग 4,800 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या लगभग 4,400 थी। यानी एक सीट के लिए करीब 13 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बी.एससी. (मैथ्स) में भी 3,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो पिछले वर्ष के लगभग 2,700 आवेदनों से अधिक हैं। बी.कॉम. में इस वर्ष लगभग 4,400 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या लगभग 4,000 थी। विश्वविद्यालय ने इस सत्र से एईडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत बी.कॉम. के तीन नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए हैं। लगभग 1,100 सीटों के मुकाबले प्रति सीट चार आवेदन प्राप्त हुए हैं। बी.कॉम. (ऑनर्स) की 300 सीटों के लिए लगभग 3,800 आवेदन आए हैं, यानी एक सीट पर करीब 12 अभ्यर्थी दावेदार हैं। अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में भी सीटों की तुलना में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो विश्वविद्यालय की बढ़ती शैक्षणिक प्रतिष्ठा और विद्यार्थियों के विश्वास का प्रमाण है।

### अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** लखनऊ की तहसील मोहनलालगंज अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर गढ़ी में अवैध मिट्टी खनन की प्राप्त शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ खनन अधिकारी, लखनऊ की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जाना पाया गया। कार्रवाई करते हुए टीम ने अवैध खनन में संलिप्त 3 जेसीबी मशीनों एवं 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर थाना गोसाईगंज में सीज करा दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज नियमावली अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने 'मेरी मां' पर लिखी कहानी

## एकेटीयू गोद लिए गावों के विद्यालयों के बच्चों के बीच होगी प्रतियोगिता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरूवार को गोद लिये गावों के विद्यालयों के बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी। स्कूल स्तर पर चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के गोद लिये अलग-अलग विकासखंडों के पश्चिम गांव, पलहरी, दिगाई, सैरपुर, कोडरी भौली, ढेलवासी प्राथमिक विद्यालय एवं कुम्हरावां इंटर कॉलेज के कक्षा तीन से पांच, छह से आठ एवं नौ से 12 के ग्रुप में विभाजित छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं मेरी मां विषय पर छात्रों के बीच प्रतियोगिताएं करायी गयी। बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा को कागजों में उतारा। प्रथम राउंड की प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर प्रथम और द्वितीय आने वाले छात्र विश्वविद्यालय में होने वाली दूसरे राउंड की इंटर स्कूल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसमें हर प्रतियोगिता विजेता छात्रों को दीक्षांत समारोह के दिन मंच से माननीय राज्यपाल श्रीमति आनंदीबेन पटेल सम्मानित करेंगी। साथ ही बच्चों की बनाई पेंटिंग समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा भाषण और कहानी कथन को बच्चे अपनी हैंडराइटिंग में लिखेंगे जिसकी किताब बनायी जाएगी। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में सरोज पाण्डेय ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान बच्चों के बीच खो-खो, कबड्डी, दौड़ सहित अन्य पारंपरिक खेल भी आयोजित हुए। प्रतियोगिता का मागदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह ने किया जबकि समन्वय उपकुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव, सहा कुलसचिव, सुनील पांडेय ने किया।

# टीईटी परीक्षा को लेकर डीएम व ज्वाइंट सीपी ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** शिक्षक पात्रता परीक्षा -2026 के दृष्टिगत जनपद लखनऊ में सुरक्षा, पारदर्शिता परीक्षा के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाख जी और संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का

**■ लखनऊ के 46 परीक्षा केंद्रों पर 96,454 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित**

स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत नबीउल्लाह रोड स्थित राजकीय बालिक इंटर कॉलेज (छोटी जुबली) हुई, जहां अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। इसके उपरांत शाहमीना रोड



स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, बायोमैट्रिक एवं पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जाए तथा शासन एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कार्मिकों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का भी पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही जोनल मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमण कर परीक्षा की मॉनिटरिंग कर करना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन हेतु 46 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 46 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है तथा जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा की सतत निगरानी की जा रही है।

# विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर तैयारी बैठक

**स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ।** आगामी विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्तर मंडल पांच, भाजपा, महानगर की एक बैठक मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में विधायक के शिविर कार्यालय इंजीनियरिंग कालेज पर हुई जिसमें मंडल के सभी पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चे के अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, वार्ड अध्यक्ष उपस्थित हुए। मंडल अध्यक्ष ने आगामी



कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की और उन कार्यक्रमों को कैसे सफल बनाया जाय इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से उत्तर मंडल पांच आदर्श मंडल बन चुका है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी ने दी। इस मौके पर मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा, मंडल महामंत्री सीके वर्मा, दाताराम शुक्ला, पूनम राय, विशाल रावत, मीरा पाण्डेय, दिव्यांशी शुक्ला, अनुपमा, कमलेश्वर सोनी, कौशल किशोर पाठक, कमलाकान्त द्विवेदी, संजय सिन्हा, विकास नरूला, सुशांत सार, डी.पी. तिवारी, अमर सिंह लोधी, शिशिर श्रीवास्तव, राजुल पाण्डेय, राम प्रकाश रावत, रंजना द्विवेदी, अनुपमा, निवेदिता अंजू शर्मा जया पाण्डेय, रवि मोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा ध्वस्त किए जाने पर जताई चिंता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह डी.पी. ने पाकिस्तान में लगभग 125 वर्ष पुराने एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब को कथित रूप से ध्वस्त किए जाने के दावे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटना हुई है तो इसकी निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरें सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान सरकार से मामले की जांच कराने तथा गुरुद्वारा साहिब का सम्मानपूर्वक पुनर्निर्माण कराने की मांग की। दिलप्रीत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय



समुदाय, मानवाधिकार संगठनों और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं से भी इस मामले का संज्ञान लेकर धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा के लिए पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण प्रत्येक सभ्य समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### गुरुद्वारा पदाधिकारी ने की निंदा

ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, यहियागंज के अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह और सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने पाकिस्तान में 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब को कथित रूप से ध्वस्त किए जाने की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरें किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की साझा विरासत होती हैं। ऐसे स्थलों को नुकसान पहुंचाना धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्मस्थल के साथ इस प्रकार की घटना सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

# भाजपा ने आस्था और श्रद्धा के साथ किया खिलवाड़

## अयोध्या में आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने अयोध्या में आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किया है। अयोध्या प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी की बात गांव-गांव और घर-घर पहुंच गयी है। अब भाजपा को न चंदा मिलेगा न दान और न वोट मिलेगा। भाजपा ने मर्यादा का पहला नाम प्रभु श्रीराम और देश के संविधान दोनों के साथ दगा किया। प्रभु श्रीराम इन्हें माफ नहीं करेंगे। गुरूवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम के चढ़ावे के बारे में जनता ने अगर सही बता दिया तो यह मामला जितना दिख रहा है, उससे बहुत बड़ा होगा। अभी तो गुप्त दान का कोई हिसाब किताब ही नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का जो काम है, समाजवादी पार्टी वही जिम्मेदारी निभा रही है। भाजपा सरकार ने अयोध्या में एयरपोर्ट और अन्य जगहों पर जमीन के



मुआवजे में भेदभाव किया। उनके साथ अन्याय किया। उन्हें प्रताड़ित किया। वहां के लोगों ने सरयू नदी में खड़े होकर भाजपा को वोट नहीं देने की कसम खायी थी। इसी तरह से अयोध्या में सड़कों के चौड़ीकरण में व्यापारियों और आम लोगों के मकानों दुकानों का उचित मुआवजा नहीं मिला। जमीनों के साथ बड़े पैमाने पर हेरफेर हुआ। भाजपा सरकार ने अयोध्या के लोगों के साथ न्याय नहीं किया। अयोध्या के पंच प्रमुख मंदिर राम निवास धाम के मामले में अखिलेश यादव ने कहा कि मंदिर के हरिशंकर सफारी वाला की बात और उनकी मांगों की चर्चा भी राममंदिर के चढ़ावा चोरी की तरह होगी, इन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थानों को भाजपा के लोग चला रहे हैं। इतना भ्रष्टाचार उत्तर प्रदेश की जनता ने कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो है। पुलिस की स्थिति तो यह है कि हथेली गरम, पुलिस नरम। उत्तर प्रदेश में हर विभाग में सिस्टमेटिक भ्रष्टाचार चल रहा है। थाना और पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रहे है इसीलिए लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। एक्सप्रेस-वे की सड़कों में हो रहे गड्ढे और अन्य कमियों पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार क्वालिटी से कम्प्रोमाइज करती है। भाजपा का हर काम और हर योजना भ्रष्टाचार के लिए बनायी जाती है। देहरादून-दिल्ली हाई-वे तो ताजा उदाहरण है। इसे पहले प्रधानमंत्री ने जब बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था तभी उसमें गड्ढे हो गये थे। कई जगह उखड़ गया। गंगा-एक्सप्रेस-वे में काफी कमियां देखने को मिल रही है। किसानों के खाद संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी उर्वरक का संकट है। सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है। डीएपी खाद नहीं मिल रही है। आने वाली फसल गेहूं, आलू आदि के लिए और संकट आएगा। उन्होंने कहा कि हर फसल का कैलेण्डर होता है अगर समय पर खाद-बीज, पानी नहीं मिल पाया तो किसानों को भारी नुकसान होता है। इससे पहले प्रेस कांफ्रेंस में अयोध्या के पंच प्रमुख मंदिर राम निवास धाम के हरिशंकर सफरीवाला ने चंपत राय बंसल पर उनके 1987 के पंजीकृत मंदिर को हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मंदिर के पुजारी को बरगला कर बैनामा बिना कब्जा कर मंदिर का दान, मूर्तियां, पलंग, सिंहासन आदि हड़प लिया। मंदिर समिति को बिना जानकारी दिए 5 करोड़ 80 लाख में पुजारी से सौदा कर लिया। पुजारी को 60 लाख अग्रिम देकर कब्जा कर लिया।


# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर होगा ऐतिहासिक स्वागत

## एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक बनेंगे 42 स्वागत मंच, 30 टोली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के 4 जुलाई को प्रथम लखनऊ आगमन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में व्यापक तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा, विभिन्न संगठनों की जिम्मेदारियां और स्वागत स्थलों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के




स्वागत की विस्तृत कार्ययोजना साझा की। उन्होंने बताया कि अमौसी एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय तक कुल 42 भव्य स्वागत मंच बनाए जाएंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उनका जोरदार स्वागत करेंगे। लखनऊ के 110 पार्षदों को 30 टोलियों में विभाजित कर प्रत्येक समूह में चार, पांच पार्षदों को स्वागत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त 20 से अधिक विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी अलग-अलग स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। व्यापारी समाज, अधिवक्ता समाज, युवा, महिला, पिछड़ा, किसान, अल्पसंख्यक पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों को भी स्वागत कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक पूरे मार्ग को पार्टी के झंडों, बैनरों एवं स्वागत द्वारों से सजाया जाएगा, ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रथम आगमन ऐतिहासिक और यादगार बन सके। दूसरे दिन 5 जुलाई को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर शक्तिकेंद्र संयोजकों के कार्यक्रम में सम्मलित होंगे।




# बड़ा फैसला : बिजली दरों में बढ़ोत्तरी नहीं

## सरकार के इस फैसले से विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी टैरिफ आदेश पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि लगातार सातवें वर्ष सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों को यथावत रखना प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने इसे प्रदेश सरकार की उपभोक्ता हितैषी नीतियों का परिणाम बताया।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता, हरित ऊर्जा को बढ़ावा और आधुनिक विद्युत अवसंरचना के विकास की दिशा में जो पहल हुई है, उसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश बिजली उत्पादन, आपूर्ति, वितरण सुधार और उपभोक्ता सेवाओं के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।ए.के. शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए टैरिफ सब्सिडी बढ़ाकर 20,400 करोड़ रुपये कर दी गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 17,100 करोड़ रुपये थी। इससे लाइफलाइन उपभोक्ताओं, ग्रामीण एवं शहरी गरीब परिवारों, निजी नलकूप संचालकों और ग्रामीण मीटर्ड उपभोक्ताओं को पहले की तरह राहत मिलती रहेगी।उन्होंने कहा कि यूपीईआरसी ने लगभग 2,580 करोड़ रुपये के रेगुलेटरी गैप के बावजूद बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की। आयोग ने माना कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और राज्य के वितरण निगमों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन तथा उपलब्ध रेगुलेटरी सरप्लस के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालने की आवश्यकता नहीं है। इसे उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय अनुशासन और सुधारों का सकारात्मक परिणाम बताया।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी लगातार प्रोत्साहित कर रही है। ग्रीन एनर्जी अतिरिक्त टैरिफ को पूर्ववत रखा गया है। साथ ही बैटरी स्वैपिंग स्टेशन और बैटरी ऐज ए सर्विस (बीएएएस) प्रदाताओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सौर ऊर्जा अवधि में ईवी चार्जिंग पर 20 प्रतिशत कम टैरिफ की व्यवस्था की गई है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिकॉर्ड विद्युत मांग की सफल आपूर्ति, ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क का विस्तार, तकनीकी सुधार, लाइन हानियों में कमी तथा उपभोक्ता सेवाओं में पारदर्शिता के कारण उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है। सरकार का लक्ष्य केवल निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि बिजली को आम उपभोक्ता की पहुंच में बनाए रखना भी है। इसी उद्देश्य से लगातार सात वर्षों से बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।ए.के. शर्मा ने कहा कि ÷विकसित भारत÷ और ÷विकसित उत्तर प्रदेश÷ के संकल्प को साकार करने में ऊर्जा क्षेत्र की यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार आगे भी उपभोक्ता हितों की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा के विस्तार और आधुनिक एवं विश्वसनीय विद्युत व्यवस्था के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# अर्बन चैलेंज फंड से मिलेगी एलडीए की परियोजनाओं को रफ्तार

## 1090 चौराहे पर फ्लाईओवर, पत्रकारपुरम मल्टीलेवल पार्किंग, लाइब्रेरी, कैलाशकुंज कॉम्पलेक्स के री-डेवलपमेंट के लिए मांगा फंड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण वरूण विहार समेत 5 शहरी परियोजनाओं को यूसीएफ (अर्बन चैलेंज फंड) से रफ्तार देगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को दिल्ली से आयी यूसीएफ की टीम के साथ बैठक करके इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए मंथन किया। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक अनिल कुमार, यूसीएफ के सदस्य मृत्युंजय जायसवाल, दीपू टॉम एवं नीरजा गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के

- **लविप्रा उपाध्यक्ष ने दिल्ली से आयी यूसीएफ की टीम के साथ की बैठक**



उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक अर्बन चैलेंज फंड योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहरी परियोजनाओं के लिए 25 प्रतिशत तक धनराशि पूंजी के तौर पर दी जाती है। उन्होंने बताया कि वरूण विहार समेत 05 परियोजनाओं हेतु पूंजी जुटाने के लिए अर्बन चैलेंज फंड में आवेदन किया गया था। जिसके क्रम में गुरूवार को लखनऊ पहुंची यूसीएफ की टीम के साथ पारिजात सभागार में बैठक की गयी, जिसमें उक्त सभी परियोजनाओं का प्रेजेन्टेशन दिया गया, जिसके लिए वित्तीय अनुदान मांगा गया है। बैठक में सर्वप्रथम वरूण विहार योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। आगरा एक्सप्रेस-वे पर 6580 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित इस आवासीय योजना में लाखों परिवारों के अपने आशियाने का सपना साकार होगा। योजना के प्रथम चरण में लगभग 1,000 करोड़ रूपये की धनराशि से विकास कार्य किये जाने हैं। इसके लिए यूसीएफ से 25 प्रतिशत धनराशि मांगी गयी है।

**1090 चौराहे पर 2.3 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर**

1090 चौराहे पर बैकुण्ठ धाम से लामार्टीनियर ग्राउंड तक 2.3 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है। इस परियोजना में कुल 330 करोड़ रूपये का खर्च आएगा और लगभग 10 लाख की शहरी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह 30 करोड़ रूपये की लागत से प्रस्तावित पत्रकारपुरम मल्टीलेवल पार्किंग के लिए वित्तीय अनुदान मांगा गया है।

**हनुमान सेतु के पास बहुमंजिला लाइब्रेरी**

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हनुमान सेतु के पास 2592 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बहुमंजिला लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के पास यह लाइब्रेरी बनने से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। इसके निर्माण में 58.78 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इसके अलावा 195 करोड़ रूपये की लागत से कैलाशकुंज कॉम्पलेक्स के री-डेवलपमेंट कार्य के लिए यू0सी0एफ0 से वित्तीय सहायता मांगी गयी है।

# सूचना निदेशक ने पत्रकारों के हित में उठाया महत्वपूर्ण कदम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को

- **पत्रकार बन्धुओं की सुविधा के लिए जल्द ही नया पोर्टल होगा शुरू**

आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान के लिए शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

# पंद्रह घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी, एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे मार्निंग रेड अभियान में गुरूवार को पंद्रह घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इसके साथ बड़े विद्युत बकायेदारों व चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं पर विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करते हुये प्राथमिकी भी स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई।



अमौसी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता रेड असेसमेंट एण्ड कलेक्शन ने विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने के लिए फीडरों में विभागीय टीम और विजलेंस टीम द्वारा सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 56 सयोजनों को चेक किया गया। इनमें से 7 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पाये गये। इन सभी के खिलाफ थाना दुबग्गा में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। इसी तरह गोमती नगर क्षेत्र के मकान नं0 सी0-10, त्रिमूर्ति ग्राम, कल्याणपुर में आग लगने की घटना की सूचना प्राप्त हुई। उक्त प्रतिष्ठान पर रीना हवीलिया पत्नी आदित्य हवीलिया के नाम से 8 कि0वा0 भार का संयोजन निर्गत है। नवीन हवेलिया द्वारा विद्युत विभाग को सूचना दी गयी, जिस पर सुरक्षा के दृष्टि से आवश्यक कदम उठाते हुए विद्युत विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई तुरंत बंद कर दी गयी। उक्त घटना इनवर्टर बैटरी में आग लगने के कारण हुयी तथा घटना में कोई भी व्यक्ति आहत नहीं हुआ है तथा संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता द्वारा प्रारम्भिक निरीक्षण में भी यही तथ्य सामने आया। इसी क्रम में गोमती नगर रेड टीम प्रातःकाल में रेड टीम द्वारा उपकेन्द्र विश्वास खण्ड के अन्तर्गत उजरियांव क्षेत्र में उपभोक्ताओं के मीटरों एवं परिसरों का सघन निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 2 उपभोक्ता विद्युत ऊर्जा का अवैध उपयोग/विद्युत चोरी किया जाना पाया गया। इन उपभोक्ताओं एफआईआर दर्ज की गयी। जानकीपुरम जोन में वर्टिकल व्यवस्था के अंतर्गत जानकीपुरम जोन के समस्त उपभोक्ताओ को लगातार और निर्बाध बिजली सप्लाई प्रदान करने के लिए अधिशासी अभियंता तकनीकी एवं महानगर के कुशल निर्देशन में गुरूवार को विधुत उपकेन्द्र न्यू कैम्पस मे 11 केवी पोषक अस्थी पर चंदा कोडर एवं अखोहरी गाँव के पास लाइन को टच कर रही पेड़ो की डालियो की छटाई का कार्य कराया गया। लखनऊ मध्य क्षेत्र के अंतर्गत अमीनाबाद उपकेंद्र के श्रीराम रोड , अमीनाबाद पार्क क्षेत्र मे विद्युत खंभों से अनावश्यक लटकते हुए इंटरनेट के तारों को हटाने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे आग लगने की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके तथा विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित बनाया जा सके। लखनऊ मध्य क्षेत्र के अंतर्गत गुरूवार को चौक क्षेत्र में विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व संरक्षण हेतु विशेष मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। विद्युत चोरी रोको अभियान के अन्तर्गत 5 उपभोक्ताओं के घर विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# यूपीटीईटी परीक्षा एआई निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (2026) की लिखित परीक्षा तीन दिन 02, 03 व 04 जुलाई 2026 को आयोजित की जा रही है। गुरूवार को पहले दिन प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 बजे से 05:00 बजे तक प्रदेश के 60 जनपदों के 955 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से उनकी, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की गई। ए.आई. कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत दृष्टि रखी गई। एआई की मदद से संदिग्धों की जाँच के पश्चात प्रथम पाली में 07 एवं द्वितीय पाली में 08 फर्जी परीक्षार्थी, जो दूसरे परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे, पकड़े गए। इनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही हेतु उन्हें स्थानीय पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी केंद्रों पर परीक्षा सुचारू, शुचितापूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। पहले दिन की दोनों पालियों में कुल 8,07,636 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,84,614 यानी 84.76% अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 84.69% तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 84.86% रही। परीक्षा के सफल संचालन में जिला एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग मिला। डॉ. प्रशांत कुमार ने जानकारी दी कि तीन दिवसीय यूपीटीईटी-2026 के तहत कल 03 जुलाई को भी दो पालियों में तथा 04 जुलाई को एक पाली में परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि शेष दो दिनों की परीक्षाएं भी इसी प्रकार एआई निगरानी, शुचिता व सुरक्षा के उच्च मानकों के साथ संपन्न कराई जाएंगी। अभ्यर्थियों से अपील है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूचनाओं को ही प्रामाणिक मानें।



# बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा : आरटीओ

## अभियान के दौरान वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत होगी सख्त कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने 'मिशन सेफ फ्यूचर'

- **लविप्रा उपाध्यक्ष ने दिल्ली से आयी यूसीएफ की टीम के साथ की बैठक**

अभियान के तहत लखनऊ संभाग में बिना वैध फिटनेस और परमिट वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान ऐसे वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। संभागीय परिवहन



अधिकारी लखनऊ अरुण कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के 29 जून 2026 के निर्देशों के अनुपालन में जुलाई माह के प्रथम चरण में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी स्कूली वाहनों को शत-प्रतिशत वैध फिटनेस प्रमाणपत्र एवं परमिट से आच्छादित करना है, ताकि बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न हो। परिवहन विभाग ने लखनऊ संभाग के अंतर्गत लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के सभी स्कूली वाहन स्वामियों से अपील की है कि जिन वाहनों की फिटनेस या परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी है, वे तत्काल उसका नवीनीकरण करा लें। ऐसा न करने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध चालान, सीज करने सहित मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों से भी अनुरोध किया है कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केवल वैध फिटनेस और परमिट वाले स्कूली वाहनों का ही संचालन सुनिश्चित करें। जिन वाहनों के दस्तावेज समाप्त हो चुके हैं, उन्हें स्कूल सेवा में न लगाया जाए तथा वाहन स्वामियों को शीघ्र नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए जाएं। संभागीय परिवहन अधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को केवल वैध फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों से युक्त स्कूली वाहनों से ही विद्यालय भेजें, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# केजीएमयू में दलालों पर शिकंजे की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** मरीजों और तीमारदारों को दलालों के नेटवर्क से बचाने तथा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। अब कोई भी सुरक्षा गार्ड एक ही स्थान पर एक वर्ष से अधिक समय तक तैनात नहीं रहेगा। इसके साथ ही लारी कार्डियोलॉजी विभाग सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए भी रोटेशन प्रणाली लागू कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह निर्णय गुरुवार को कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में माना गया कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती रहने से कुछ कर्मचारियों की बाहरी लोगों और कथित दलालों से सांठगांठ की आशंका बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए नियमित अंतराल पर तैनाती बदलना आवश्यक है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह ने बताया कि सुरक्षा गार्डों की नई रोटेशन व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर लागू कर दी जाएगी। वहीं, परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था लागू कराने के लिए पुलिस आयुक्त से अनुरोध किया जाएगा। केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर और अन्य प्रमुख विभागों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। प्रशासन के अनुसार, इन क्षेत्रों में सक्रिय दलाल मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर और जांच केंद्रों की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। इसको लेकर पूर्व में विवाद और मारपीट की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। प्रशासन का मानना है कि सुरक्षा गार्डों और पुलिसकर्मियों की नियमित अदला-बदली से संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और मरीजों व तीमारदारों को अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# अब ट्रैफिक चालान से बचना आसान नहीं, नियमों की अनदेखी पड़ेगी भारी

मंगल सिंह

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** सड़क पर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी अब वाहन चालकों पर भारी पड़ेगी। केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर यान (तीसरा संशोधन) नियम, 2026 लागू कर चालान व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक सख्त और डिजिटल बना दिया है। नए


- **लंबित चालानों पर सख्ती की तैयारी, बार-बार नियम तोड़ने पर लाइसेंस भी खतरे में**

नियमों के तहत यदि कोई वाहन चालक जारी किए गए चालान पर 45 दिनों के भीतर न तो जुर्माना जमा करता है और न ही उसे चुनौती देता है, तो इसे स्वतः अपराध स्वीकार माना जाएगा। इसके बाद निर्धारित समय में भुगतान अनिवार्य होगा और लगातार कार्रवाई आगे बढ़ेगी। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब चालान केवल मौके पर ही नहीं, बल्कि सीसीटीवी कैमरों, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और ऑटोमैटिक सिस्टम के जरिए भी स्वतः जारी किए जा सकेंगे। चालान का पूरा रिकॉर्ड सरकारी पोर्टल पर दर्ज होगा और वाहन स्वामी को एसएमएस, ई-मेल या अन्य माध्यमों से सूचना भेजी जाएगी। नए नियमों के अनुसार, यदि चालक चालान को चुनौती देता है तो उसे निर्धारित प्राधिकारी के समक्ष ऑनलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। तय समय में निर्णय होने के बाद ही चालान प्रभावी रहेगा। यदि चुनौती खारिज होती है और चालक फिर भी 30 दिनों तक न भुगतान करता है और न अदालत जाता है, तो चालान स्वतः स्वीकार माना जाएगा। सरकार ने बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी शिकंजा कस दिया है। नियम 21 में संशोधन के अनुसार 1 जनवरी 2026 से एक वर्ष की अवधि में यदि कोई चालक मोटर वाहन अधिनियम या नियमों के तहत पांच या उससे अधिक उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई का रास्ता खुल जाएगा। ऐसे मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई भी संभव होगी। नई व्यवस्था में प्रतिदिन इलेक्ट्रॉनिक नोटिस भेजने, भुगतान लंबित रहने पर वाहन स्वामी को लगातार सूचना देने तथा आवश्यक होने पर न्यायालय के आदेश के अधीन वाहन को निरुद्ध (सीज) करने का भी प्रावधान किया गया है। परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि आदतन नियम तोड़ने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाकर सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। इससे ट्रैफिक प्रवर्तन पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और जवाबदेह बनने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।




## 45 दिन में चालान का निस्तारण जरूरी

प्रदेश में करोड़ों रुपये के ट्रैफिक चालान वर्षों से लंबित पड़े होने के बीच केंद्र सरकार ने चालान निस्तारण की प्रक्रिया को अधिक समयबद्ध और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मोटर यान (तीसरा संशोधन) नियम, 2026 के तहत अब चालान जारी होने के बाद वाहन स्वामी के पास 45 दिन का समय होगा। इस अवधि में उसे या तो चालान का भुगतान करना होगा या निर्धारित प्राधिकारी के समक्ष उसे चुनौती देनी होगी ।यदि वाहन स्वामी निर्धारित समय में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराता, तो चालान को स्वतः स्वीकार माना जाएगा और भुगतान अनिवार्य होगा। जबकि चुनौती खारिज होने पर संबंधित व्यक्ति को तय समय के भीतर जुर्माना जमा करना होगा या सक्षम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना होगा। परिवहन विभाग के जानकारों का कहना है कि प्रदेश में करोड़ों रुपये के ई-चालान अभी भी लंबित हैं। बड़ी संख्या में वाहन चालक न तो जुर्माना जमा करते हैं और न ही चालान को चुनौती देते हैं। नई व्यवस्था से ऐसे मामलों के शीघ्र निस्तारण की उम्मीद है। हालांकि, नियमों में यह प्रावधान नहीं है कि चुनौती देने पर 30 दिन के भीतर आधा जुर्माना जमा करना अनिवार्य होगा। यदि ऐसी व्यवस्था भविष्य में राज्य सरकार अलग से लागू करती है तो वह अलग अधिसूचना के माध्यम से होगी।



# फायरिंग और मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

## -पुलिस ने कारतूस, लग्जरी कारें और मोबाइल किया बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मारपीट और जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 32 बोर का खोखा कारतूस, एक होल्स्टर, महंगा मोबाइल फोन तथा दो चारपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को एक महिला ने थाना रहीमाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने उसके और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज की, लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। शिकायत के आधार पर थाना रहीमाबाद में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान पीड़ित के बयान, मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल के निरीक्षण, वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीन अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आए। इसके बाद पुलिस ने कुलदीप कुमार (38), राम सिंह (40) और मनीष (27) को गुरुवार तड़के करीब 2:10 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना से जुड़ा 32 बोर का एक खोखा कारतूस, एक होल्स्टर, सैमसंग जेड फोल्ड-07 मोबाइल फोन, बलेनो कार (यूपी 32/ क्यूबी/ 6446) तथा काले रंग की महिंद्रा थार (यूपी 32/ पीपी 4141) बरामद की है। पुलिस का कहना है कि इन वाहनों का उपयोग घटना के दौरान किया गया था।रहीमाबाद पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है। घटना में नामजद अन्य आरोपियों और अज्ञात व्यक्तियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पति पर मारपीट का आरोप



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय एथलीट मोनिका चौधरी ने बीबीडी थाने में अपने पति मुनेन्द्र सिंह के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

उनका आरोप है कि 30 जून को नूरपुर बेहटा स्थित फार्म हाउस में उनके साथ मारपीट की गई, जिसकी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। उन्होंने फुटेज सुरक्षित कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भूमि विवाद मामले में कार्रवाई तेज

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** सिसेंडी गांव में करीब 40 साल पुराने भूमि विवाद में कार्रवाई तेज हो गई है। शिकायतकर्ता जसबीर सिंह की शिकायत पर डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनंद ने जांच एसीपी मोहनलालगंज को सौंपी है। इसके बाद बीएनएसएस-2023 के तहत दो पूर्व ग्राम प्रधानों समेत 31 लोगों को नोटिस जारी कर साक्ष्यों सहित पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि नोटिस में कुछ ऐसे लोगों के नाम भी शामिल हैं जिनका कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। इसे लेकर गांव में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार विवाद चकबंदी से पहले का है और जिन जमीनों को लेकर मामला है, उनमें कुछ पर स्थायी निर्माण भी हो चुके हैं। एसीपी आर.के. सिंह ने बताया कि शिकायत में दर्ज नामों के आधार पर नोटिस जारी किए गए हैं। यदि जांच में किसी नामित व्यक्ति के मृत होने की पुष्टि होती है तो उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# नेटवर्क विस्तार पर जोर

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** अयोध्या रोड पर आफ्टर-सेल्स सर्विस सेंटर में केंद्रों के शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश में के कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि इससे ग्राहकों को बिक्री और सर्विस की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं डीलर प्रिंसिपल संजीत तलवार ने इसे ग्राहकों के लिए बेहतर ओनरशिप अनुभव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे ग्राहकों को बिक्री और सर्विस से जुड़ी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। यह विस्तार स्कोडा ऑटो इंडिया के नेटवर्क का हिस्सा है।

# विकास कार्यों पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** बख्शी का तालाब विकासखंड की ग्राम पंचायत महिंगवा में ग्रामीणों ने विकास कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पंचायत में नालियों की सफाई नहीं होती, कई स्थानों पर गंदा पानी भरा रहता है, सड़कें जर्जर हैं और नियमित कूड़ा उठान भी नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आते, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। साथ ही पंचायत भवन की स्थिति भी जर्जर बताई गई है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत का कामकाज प्रधान के पुत्र देखते हैं और लोगों की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जाता। वहीं ग्राम प्रधान पुष्पा रावत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पंचायत का संचालन वह स्वयं करती हैं और उनके कार्यकाल में विकास कार्य हुए हैं। इस संबंध में बीकेटी के खंड विकास अधिकारी ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी।

# करंट से संविदाकर्मी झुलसा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** बिजली लाइन पर काम के दौरान करंट लगने से संविदाकर्मी सुरेंद्र कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि लाइनमैन ने शटडाउन लेने के बाद सुरेंद्र कुमार को 10 केवी ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज जोड़ने के लिए खंभे पर चढ़ाया, लेकिन इसी दौरान कथित रूप से बिना सूचना शटडाउन वापस ले लिया गया।

करंट लगने से सुरेंद्र कुमार करीब 20 फीट नीचे गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। मौके पर पहुंचे एसडीओ और जेई ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। घायल सुरेंद्र कुमार संविदाकर्मी हैं और उनके परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं। मामले की जांच की जा रही है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम आदित्य पटेल (Aditya Patel) पुत्र सूबेदार है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख एवं जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0-5455 4334 6209 में उसका नाम रवि पटेल अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य मे मेरे पुत्र को उसके सही नाम आदित्य पटेल (Aditya Patel) पुत्र सूबेदार के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।
**नीलम पटेल पत्नी सूबेदार, 4द-बगबना पो. दादूपुर दादूपुर इलाहाबाद उ0प्र0 211008**

सी.आर.- 635/D

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र Danish Ahmad Siddiqui व पुत्रवधू के गलत व्यवहार व प्रताड़ना के कारण उससे सम्बन्ध-विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मुमताज मो. सिद्दीकी पत्नी मारूफ अहमद सिद्दीकी, नि.- 537ख/90ए, यशनगर, पो.-जानकीपुरम, लखनऊ, उ.प्र.
सी.आर.- 631/L-49

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHD UMAR S/o MOHD SALIM था, जिसे बदलकर मैंने MOHAMMAD UMAR कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD UMAR S/o MOHAMMAD SALIM से जाना पहचाना जाए। पताः 117/406, छपेड़ा पुलिया, कृष्णापुरी, पो0 -नवीन नगर, थाना-काकादेव , कानपुर नगर, उ0प्र0
सी.आर.- 634/L-25

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं HASHIM KHAN पुत्र AJAD KHAN निवासी काजीपुर तेलियानी बरखुरदारपुर कासिमपुर बघेल थाना जायस जिला रायबरेली, अपना नाम HASIM KHAN से बदल कर HASHIM KHAN कर दिया है। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों हेतु HASHIM KHAN के नाम से जाना पहचाना जाए।
सी.आर.- 636/L-38

### सूचना

मैं पूजा 23 वर्ष पत्नी अनिल निवासी चंदेला कला तहसील नानपारा है। मेरा नाम गलती से आधार कार्ड में गुनगी लिख गया है। गुनगी व पूजा एक ही महिला है। भविष्य में मुझे पूजा नाम से जाना जाय।
सी.आर.- 633/D-27

### सूचना

मेरे सैन्य सर्विस रिकार्ड मे मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश MONA VERMA दर्ज हो गया है, जबकि अन्य सभी अभिलेखो में सही नाम KM. MONA DEVI दर्ज है। जिसे मेरे सैन्य अभिलेखों में सही होना आवश्यक है। आर्मी नं 1575247F, रेंक NAIK, राजपाल पुत्र लालबहादुर, पता-ग्राम मदारीपुर पोस्ट-अरेली इस्माइलपुर, थाना-निगोही, तहसील, तिलहर, जिला-शाहजहाँपुर, पिनकोड-2424-07, (U.P.)
सी.आर.- 632/D-48

## लखनऊ नगर निगम
त्रिलोक नाथ रोड, लालबाग, लखनऊ, फोन-फैक्स-0522-2612639

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नगर निगम, लखनऊ क्षेत्रान्तर्गत निम्नवत् कार्य की शीलबन्द निविदा दिनांक 08.07.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से 02:00 बजे तक जमानत राशि बैंक ड्राफ्ट, जो नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में देय होगा अथवा नकद जमा रसीद के साथ बालाकदर स्थित अनुज्ञप्ति विभाग जोन-1 व नगर निगम मुख्यालय स्थित केन्द्रीकृत अनुज्ञप्ति विभाग में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष नगर निगम मुख्यालय में बापू राजकुमार सभा कक्ष में खोला जायेगा। निविदा फार्म, नगर निगम के फार्म विभाग से रू0- 500/- (पांच सौ मात्र) नकद भुगतान करके दिनांक 07.07.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्तें एवं अन्य विवरण निविदा फार्म के साथ उपलब्ध होगी तथा अन्य आवश्यक जानकारी यदि अपेक्षित हो, अनुज्ञप्ति विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | न्यूनतम प्रीमियम धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुज्ञा प्राप्त रिक्शों, ट्रालियों एवं ठेलों आदि पर इनामेल पेन्ट से नम्बर डालना + ओहे की नम्बर प्लेट लगाना। | 40,000.00 (चालीस हजार मात्र) | स्वीकृति दिनांक से 31 मार्च 2027 |

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (लाइसेंस)
नगर निगम, लखनऊ।

## कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

### ऑफलाइन निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा निविदा प्रणाली के माध्यम से विभिन्न वार्डों में पेयजल पाइप लाइन विस्तार का कार्य हेतु ऑफलाइन निविदा **दिनांक 18.07.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे** तक जलकल विभाग में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। धरोहर धनराशि एनएससी/एफडीआर/राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर/डी0डी0 के रूप में मान्य होगी जो महाप्रबन्धक जलकल नगर निगम, गोरखपुर के पक्ष में बन्धक रहेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.07.2026 |
| निविदा बिक्री की तिथि | 17.07.2026 को 10 बजे से 12 बजे तक |
| निविदा डालने की तिथि | 18.07.2026 को 10 बजे से 12 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18.07.2026 अपरान्ह 04:00 बजे |

| क्र. सं. | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (GST सहित) | निविदा मूल्य (GST सहित) | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | राजेन्द्र नगर बनकटवा नलकूप से ओवर हेड टैंक को जुड़वाने हेतु 135 मीटर DI K-7 150mm Pipe विस्तार का कार्य। | 649123.00 | 1180.00 | 65000.00 |
| 2 | 67 | नन्दानगर नलकूप से मुख्य पाइप लाइन से जुड़वाने हेतु 132 मीटर DI K-7 150mm Pipe विस्तार का कार्य। | 511911.00 | 1180.00 | 51200.00 |

पत्रांक: 20/मा0स0/जलकल/2026-27
दिनांक: 02.07.2026

महाप्रबन्धक, जलकल विभाग
नगर निगम, गोरखपुर

## पूर्वोत्तर रेलवे

### शुद्धि पत्र संख्या – 1

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/इंजी0/वाराणसी द्वारा खुली ई-निविदा सूचना सं0 एनईआर-बीएसबी-2026-64 दिनांक 15.06.2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो 07.07.2026 को बन्द होनी है को 04.08.2026 तक बढ़ाई जाती है। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)
मुजवि/वस्तु-214 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे

### शुद्धि पत्र संख्या-1

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/इंजी./वाराणसी द्वारा खुली ई-निविदा सूचना सं0 एनईआर-बीएसबी-2026-71, दिनांक 01-06-2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो 07-07-2026 को बन्द होनी है, को 04-08-2026 तक बढ़ाई जाती है।
उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबंधक/(इन्जी.)
मुजवि./वस्तु-215 वाराणसी

## पूर्वोत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना
### NER-LJN-2026-205

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन 'खुली ई-निविदायें' आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है– **ई-निविदा सं: NER-LJN-2026-205; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल: आनंदनगर-गोंडा सेक्शन:-कौआपुर-तुलसीपुर सेक्शन के बीच इंटरलॉक्ड LC गेट नंबर 123A की आवाजाही रोड और गेट लॉज के साथ शिफ्ट किया जाना। **अनुमानित लागत (₹): ₹89,97,237.76; अग्रिम धन (₹): ₹1,80,000/-; समापन अवधि:** 03 माह। **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-205** के लिए ई-निविदा दिनांक 22.07.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग
मुजवि/वस्तु-217 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। नि0 सूचना संख्या – 49 वर्ष 2026, कार्य का विवरण : लखनऊ डिवीजन के गोरखपुर कैंट (GKC) स्टेशन पर मौजूदा ट्रैक सर्किट के अलावा MSDAC की व्यवस्था, अनुमानित लागत : ₹ 6,96,61,826.72, बयाना राशि : ₹ 13,93,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू. 00.00, कार्य समापन अवधि 06 माह, (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय : 30.07.2026 को 15.00 बजे। नोट:– इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वमसिदूई/पूउरे/लखनऊ
मुजावि/सिगनल - 61

गाड़ियों की छतों व पायदान पर यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No./Lot No. | WVM-6-2026 |
| Description of Work | Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| Catalogue Published on | 23.06.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 10.07.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction closed Date/Time | 10.07.2026 at 11:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है:–

Station's wise details of WVM

| S.No | Lot Number | Stations | Close Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-LKO-JOP-WVM-178-26-1 | JOP | Date - 10.07.2026 11:30:00 |
| 2 | MSS-LKO-AME-WVM-177-26-1 | AME | Date - 10.07.2026 11:40:00 |
| 3 | MSS-LKO-AYC-WVM-173-26-1 | AYC | Date - 10.07.2026 11:50:00 |

2268/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

**सरोजनी नगर शाखाः 578/698A, गौरी बाजार, निकट लक्ष्मण नर्सरी, सरोजनी नगर, लखनऊ-226008**
मो0:-8090001167, ई मेल- saroji@bankofbaroda.co.in

अनुबंध-14

### चल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
### वाहन नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तें

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने पक्षों द्वारा निष्पादित बंधक/ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को पुनः प्राप्त/जब्त कर लिया है और वाहन को "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। उधारकर्ता/जमानतकर्ता/वाहन/कुल बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

**ई-नीलामी की तिथि 10.08.2026** | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 07.08.2026 सायं 04.00 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की तिथि एवं समय / बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ए. आरक्षित मूल्य बी. बयाना राशि (ईएमडी) सी. वृद्धि बोली राशि | ईएमडी जमा खाता संख्या / IFSC कोड / शाखा का नाम | वाहन/चल संपत्ति निरीक्षण हेतु दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नीलू मिश्रा, पवन मिश्रा (स्व0 सरवन शंकर मिश्रा पुत्र श्याम नाथ मिश्रा के कानूनी वारिस) सिसेंडी, मोहनलालगंज, शिवालय लखनऊ-227305 | Vehicle- Mahindra Bolero Neo N10 Make- 2024 Model- Mahindra Bolero N10 Regn No. UP32 PT 5979 Engine No. XZR6F85446 Chassis No. MAINAZXYZXR6F57953 | रू. 8,22,245.71 (दिनांक 02.07.2026 तक ब्याज सहित) + अतिरिक्त ब्याज, लागत, शुल्क एवं खर्चे | 10.08.2026 दोपहर 02.00 बजे से 06.30 बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) / 07.08.2026, 04.00 बजे तक | रू0 6,30,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 63,000/- (अग्रिम धनराशि) रू0 2,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोत्तरी राशि) | A/c No- [illegible] / IFSC- BARB0SAROJ / शाखा सरोजनी नगर | 05.07.2026 से 02.08.2026 तक 11.00 AM से 04.00 PM |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://baanknet.in पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी/शाखा से मोबाइल नंबर 8090001167 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 03.07.2026 स्थान: लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## सूचना
### पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016

1. उपरोक्त याचिकाकर्ता ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष निम्नलिखित प्रोजेक्टों के लिये डीओसीओ (DOCO) से 31.3.2029 तक टैरिफ तय करने के लिए याचिका दायर की है : प्रोजेक्ट-1: 765/400/220केवी फतेहगढ़-III पीएस (सेक्शन-2) के 400केवी लेवल पर बस सेक्शनलाइजर का कार्यान्वयन, प्रोजेक्ट-2 "फेज-III पार्ट ई1 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम", और प्रोजेक्ट-3 "फेज-III पार्ट ई2 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम"
2. [illegible]
3. ट्रांसमिशन की क्षमता/ट्रांसमिशन सिस्टम में बे (Bays) की संख्या

| प्रोजेक्ट | ट्रांसफॉर्मर की क्षमता (MVA) | रिएक्टर क्षमता (MVAR) | बे (Bays) की संख्या 765 केवी | 400 केवी | 220 केवी |
|---|---|---|---|---|---|
| 400 केवी लेवल पर बस सेक्शनलाइजर | — | — | — | 2 | — |
| फेज-III पार्ट ई1 | — | 2x125 | 2 | 2 | — |
| फेज-III पार्ट ई2 | 2x1500 & 2x500 | — | 2 | 4 | 2 |

4. प्रोजेक्ट की अनुमानित पूर्ण लागत – प्रोजेक्ट-1: 6.93 करोड़ रुपये, प्रोजेक्ट-2: 588.74 करोड़ रुपये, प्रोजेक्ट-3: 428.30 करोड़ रुपये
5. [illegible]

| | संपत्ति का नाम | प्रोजेक्ट की अनुमानित पूर्ण लागत: एफआर अनुमोदन | वास्तविक |
|---|---|---|---|
| प्रोजेक्ट-1: 765/400/220 केवी फतेहगढ़-III पीएस (सेक्शन-2) के 400 केवी लेवल पर बस सेक्शनलाइजर का कार्यान्वयन | | | |
| संपत्ति-1 | [illegible] | 346.50 | 203.52 |
| संपत्ति-2 | [illegible] | 346.50 | 206.04 |
| प्रोजेक्ट-2: फेज-III पार्ट ई1 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम | | | |
| संपत्ति-1 | [illegible] 125MVAr, 420 केवी बस रिएक्टर-3 | 2815.66 | 3103.67 |
| संपत्ति-2 | [illegible] 125MVAr, 420 केवी बस रिएक्टर-4 | 2615.67 | 3105.37 |
| संपत्ति-3 | TBCB लाइन के लिए फतेहगढ़-III पीएस पर 02 नग 765 केवी लाइन बे | 2933.62 | 3593.14 |
| प्रोजेक्ट-3: फेज-III पार्ट ई2 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम | | | |
| संपत्ति-1 | [illegible] 1X1500 एमवीए, 765/400 केवी ICT-4 | 11124.40 | 11067.84 |
| संपत्ति-2 | [illegible] 1X1500 एमवीए, 765/400 केवी ICT-5 | 11124.40 | 11064.66 |
| संपत्ति-3 | [illegible] 1X500 एमवीए, 400/220 केवी ICT-9 | 4763.40 | 4751.93 |
| संपत्ति-4 | [illegible] 1X500 एमवीए, 400/220 केवी ICT-10 | 4673.40 | 4573.84 |

6. [illegible]

| प्रोजेक्ट का नाम | एससीओडी | सीओडी |
|---|---|---|
| प्रोजेक्ट-1: 765/400/220केवी फतेहगढ़-III पीएस (सेक्शन-2) के 400केवी लेवल पर बस सेक्शनलाइजर का कार्यान्वयन | 01.01.2025 [illegible] | संपत्ति-1: 02.12.2025, संपत्ति-2: 30.03.2026 |
| प्रोजेक्ट-2: फेज-III पार्ट ई1 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम | 01.02.2025 [illegible] | संपत्ति-1: 30.03.2026, संपत्ति-2: 18.04.2026, संपत्ति-3: 30.03.2026 |
| प्रोजेक्ट-3: फेज-III पार्ट ई2 के तहत REZ (20GW) से बिजली बाहर भेजने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम | संपत्ति-1: 31.03.2025, संपत्ति-2: 30.06.2025, संपत्ति-3: 31.03.2025, संपत्ति-4: 30.06.2025 [illegible] | संपत्ति-1: 01.04.2026, संपत्ति-2: 02.04.2026, संपत्ति-3: 31.03.2026, संपत्ति-4: 02.04.2026 |

7. टैरिफ का विवरण (लाख रुपये में)

| संपत्तियां | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रोजेक्ट-1 | | | | | |
| संपत्ति-1 | 0.00 | 18.03 | 58.58 | 62.20 | 64.98 |
| संपत्ति-2 | 0.00 | 0.31 | 59.27 | 63.24 | 65.50 |
| प्रोजेक्ट-2 | | | | | |
| संपत्ति-1 | 0.00 | 2.10 | 414.45 | 469.39 | 484.09 |
| संपत्ति-2 | 0.00 | 0.00 | 398.65 | 460.63 | 484.60 |
| संपत्ति-3 | 0.00 | 2.62 | 525.37 | 592.23 | 629.24 |
| प्रोजेक्ट-3 | | | | | |
| संपत्ति-1 | 0.00 | 0.00 | 1734.28 | 1904.17 | 2007.20 |
| संपत्ति-2 | 0.00 | 0.00 | 1719.72 | 1895.95 | 2003.55 |
| संपत्ति-3 | 0.00 | 1.90 | 737.47 | 802.53 | 841.32 |
| संपत्ति-4 | 0.00 | 0.00 | 446.85 | 659.75 | 790.86 |

8. टैरिफ तय करने के लिए दायर याचिका की एक कॉपी वेबसाइट https://apps.powergrid.in/cerotdocs/TBCB-PRTL/2026/06/ पर उपलब्ध है।
9. याचिका में दिए गए टैरिफ तय करने के प्रस्तावों पर कोई भी व्यक्ति (जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं) आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, इस नोटिस के प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को भी इसकी एक प्रति भेजनी होगी।

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 03.07.2026

हस्ताक्षरित/-
श्री राजेश कुमार शर्मा
प्रोजेक्ट इंचार्ज

### वाद पदों के स्थितिकरण के लिए सम्मन
**(आदेश 5, नियम 1 और 5)**
**न्यायालय अतिरिक्त प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश**
**कक्ष सं0- 4 इलाहाबाद**
**इकरा वाद संख्या -34 सन 2026**

श्रीमती रीतू उर्फ चंचल पत्नी विष्णुकेश द्विवेदी उर्फ आरजू पुत्री अशोक कुमार उपाध्याय निवासिनी ग्राम फत्तेपुर थाना - करछना जिला -प्रयागराज
.......प्रार्थिनी / वादिनी
बनाम
विष्णुकेश द्विवेदी उर्फ आरजू पुत्र कृष्ण मूर्ति द्विवेदी उर्फ बलस्टर निवासी ग्राम महोरी थाना करछना जिला - प्रयागराज......विपक्षी
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 147 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (128 दंड प्रक्रिया संहिता)
चूँकि .. ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिवत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के 07 के 28 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि-28.07.2026**
**न्यायालय**

सी.आर.- 635/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 14.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 188 वर्ष 2026 श्रीमती राजकुमारी बनाम विमलेश आदि बनामः-1-विमलेश 2-कमलेश 3-कुलदीप 4-सौरभ पुत्रगण स्व.रामसनेही निवासीगण ग्राम प्रहलादपुर पोस्ट कुर्रिया कलां पर.कांट तह.सदर जिला शाहजहांपुर 5-श्रीमती छोटीबिटिया पुत्री स्व.रामसनेही पत्नी छत्रपाल निवासी ग्राम मुर्तजानगर पोस्ट अनगपुर तह.शाहाबाद जिला हरदोई...प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती राजकुमारी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. रामसनेही पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम प्रहलादपुर पर.कांट तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी श्रीमती राजकुमारी वादिनी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 14.07.2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 14.07.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 02-07-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.- 632/D-CN

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि सं0 | Catering-07-26 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Ayodhya Dham station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.06.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 09.07.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 09.07.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AYODHYA DHAM | Catg-LKO-AY-SMU-195-26-1 | AY/PF-2/3/168 | 09-07-2026 at 11:30 hrs | SMU | Minority |

2271/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कॉर्पोरेट फर्जी कॉल सेंटर का मुखिया फरार काम करने वाले 119 लोग धरे गये

**-103 लैपटॉप, 177 कॉलिंग मोबाइल फोन, अन्य डिजिटल उपकरण, महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद**





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी

**-समिट बिल्डिंग के ११वें तल पर संचालित फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का पुलिस ने किया खुलासा**

**-इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती थी साइबर धोखाधड़ी**

की राजधानी लखनऊ की साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए अन्तरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड का कॉल सेंटर भंडाफोड़ किया है। यहां से 119 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह लोग तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहे थे। इनके पास से साइबर अपराध में प्रयुक्त 103 लैपटॉप, 177 कॉलिंग मोबाइल फोन, इंटरनेट आधारित कॉलिंग सिस्टम, डिजिटल डाटा, फर्जी दस्तावेज एवं अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। वहीं इस कॉल सेंटर का सरगना फरार है और लखनऊ के सेंटर का मुख्य संचालक का भी कहीं कुछ अता-पता नहीं है सभी गिरफ्तार हुए आरोपियों में वहां 40000 हजार मंथली वेतन पाने वाले हैं।

पुलिस आयुक्त आमरेंद्र कुमार सेंगर ने गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने बुधवार को सयुंक्त कार्रवाई करते हुए विभूतिखण्ड क्षेत्र स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित एक संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। जांच में यह भी सामने आया कि सोलारिस साल्यूशन के नाम का कॉल सेंटर कॉर्पोरेट संरचना की भांति संचालित किया जा रहा था, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की अलग-अलग भूमिका निर्धारित थी। इसमें कई लड़कियां और लड़के थे, जो अच्छी इंग्लिश जानते थे। प्रारंभिक विवेचना एवं पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह गिरोह इंटरनेट आधारित कॉलिंग सॉफ्टवेयर एवं अन्य आधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर अमेरिकी नागरिकों से संपर्क स्थापित करते थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध अपर्णा कुमार ने बताया कि गिरोह के सदस्य स्वयं को अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल, पेयपल, नेटफिलक्स और फेसबुक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का अधिकृत प्रतिनिधि अथवा कस्टमर सपोर्ट अधिकारी बताकर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनके बैंक खाते, डिजिटल वॉलेट अथवा व्यक्तिगत पहचान से संबंधित गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसके कारण उनके विरुद्ध वित्तीय अथवा कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जब पीड़ित भयभीत हो जाता था, तब कॉल को अगले स्तर पर स्थानांतरित कर स्वयं को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी), फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई), अन्य जांच एजेंसी व विभागों का अधिकारी बताकर उस पर कानूनी कार्यवाही एवं गिरफ्तारी का भय उत्पन्न किया जाता था। पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए अभियुक्तों कोर्ट आर्डर, इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट अन्य प्रकार की फर्जी दस्तावेज दिखाते थे, जिनका स्वरूप वास्तविक सरकारी अभिलेखों जैसा तैयार किया जाता था। जिससे पीड़ित झांसे में आ जाते थे। इसके बाद यह लोग उन्हें अपनी ठगी का शिकार बना लेते थे। वहीं पुलिस उपायुक्त अपराध और अपर पुलिस उपायुक्त किरन यादव ने बताया कि गिरोह के लोग पीड़ितों से अर्जित की गई धनराशि को सीधे बैंक खातों में प्राप्त न कर गिफ्ट कार्ड, डिजिटल बाउचर और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से प्राप्त करते थे। ऐसा करने का उद्देश्य धन के वास्तविक स्रोत एवं अंतिम लाभार्थी को छिपाने के साथ ही जांच एजेंसियों के लिए वित्तीय ट्रेल को जटिल बनाना था। यह लोग विभिन्न राज्यों से ऐसे कर्मचारियों की भर्ती करता थे, जिन्हें बीपीओ और इंटरनेशल कॉलिंग का अच्छा अनुभव हो। कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था, अच्छी सैलरी फर्जी कंपनी सोलारिस साल्यूशन देती थी। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुल 119 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सभी व्यक्तियों की भूमिका साइबर कॉल सेंटर के संचालन, विदेशी नागरिकों से संपर्क स्थापित करने, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग तथा साइबर धोखाधड़ी से संबंधित गतिविधियों में पाई गई। गुजरात निवासी ललित खैराजानी और विक्रम सिंह परमार इस फर्जी कंपनी में आपरेशन मैनेजर के रूप में काम कर रहे थे। वहीं पुलिस आयुक्त ने टीम का खुलासा करने वाली टीम साइबर विभाग की ओर से आदिल, श्रीकांत और जय प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही इसकी सराहना करते हुए पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह ने इनाम देने की घोषणा करते हुए बताया कि यह गिरोह करीब करोड़ों की ठगी कर चुके हैं।

## हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आये डंपर व ट्रक में लगी आग, खलासी की मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के चिकासी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में डंपर के खलासी की करंट लगने से मौत हो गई। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से डंपर में भीषण आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया! पुलिस ने गुरुवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा इच्छौरा-बेंदा मार्ग पर जालौन जनपद के कालपी निवासी चालक जितेंद्र का खाली डंपर खराब हो गया था। वह एक मिस्त्री के साथ सड़क किनारे उसकी मरम्मत करा रहा था। इसी दौरान जालौन के कदौरा निवासी 20 वर्षीय खलासी आशीष डंपर के ऊपर चढ़कर मोबाइल पर बात करने लगा। तभी वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही डंपर में आग भड़क उठी और आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास अफरातफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर पूरी तरह जल चुका था। थाना प्रभारी मयंक सिंह चंदेल ने गुरुवार को बताया कि खराब हुए खाली डंपर की मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान खलासी डंपर पर चढ़ गया और हाईटेंशन लाइन पर ध्यान न देने के कारण करंट की चपेट में आ गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## खेत में मिला हेल्पर का शव, हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के एरवा कटरा थाना क्षेत्र के उमरैन कस्बे में गुरुवार को एक खेत में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एरवा कटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों ने शव की पहचान उमरैन निवासी 36 वर्षीय शिवरतन उर्फ करिया बाथम पुत्र स्वर्गीय कृपाल बाथम के रूप में की। मृतक की मां ज्ञानवती का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं मृतक के छोटे भाई शीलू बाथम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मौत के सही कारणों की जांच कराने की मांग की है।परिजनों के मुताबिक शिवरतन बिधूना से दिल्ली जाने वाली स्लीपर बस में हेल्पर का काम करता था। वह 28 जून को घर वापस आया था। दोपहर में नहाने के बाद वह गांव में चला गया, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने समझा कि वह ड्यूटी पर दिल्ली चला गया होगा, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों के अनुसार शव बुरी तरह फूल चुका था और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक की मौत करीब चार से पांच दिन पहले हो चुकी थी। प्रभारी थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक विमल सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## खबर एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में सराय इनायत थाना क्षेत्र के कतवारूपुर गांव के समीप गुरुवार को किसी वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में मृतक का भतीजा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि हादसे में जिले के उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बसगिद गांव निवासी महादेव (38) पुत्र मीललाल यादव की मौत हुई है और भतीजा भूपेन्द्र यादव घायल है। घटना के संबंध में परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक महादेव दुग्ध कारोबार करते थे। उनके परिवार में तीन बेटे एवं पत्नी हैं। गुरूवार सुबह घर से परिवार के भतीजे भूपेन्द्र यादव के साथ मोटरसाइकिल से प्रयागराज शहर जाने के लिए निकके थे लेकिन रास्ते में सराय इनायत थाना क्षेत्र के कतवारूपुर गांव के समीप किसी चार पहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया, जिससे उनकी जान चली गई।

### व्यवसायी ने खाया विषाक्त पदार्थ उपचार के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के हसरा गांव निवासी एक गल्ला व्यवसायी की विषाक्त पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। हसरा गांव निवासी 50 वर्षीय रामकुमार गुप्ता सुगापाख कस्बे में किराना की दुकान चलाते थे। इसके साथ ही वह कलवारी क्षेत्र में रहकर गल्ला खरीद-बिक्री का कारोबार भी करते थे। बुधवार देर रात उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान गुरुवार तड़के उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रामकुमार पिछले काफी समय से आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं से परेशान थे। बताया गया कि दो वर्ष पूर्व किसानों से खरीदी गई फसल एक व्यापारी को बेचने के बाद भी करीब 20 लाख रुपये का भुगतान नहीं मिला था। इसके अलावा पुत्री के वैवाहिक जीवन से जुड़ी परेशानियों के कारण भी वह मानसिक तनाव में थे। थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि मामले में अभी तक परिजन की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच-पड़ताल कर दोषियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 130 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की आगरा यूनिट ने मथुरा के कैरियर को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से टीम ने 130 किलो गांजा बरामद किया। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि आगरा फील्ड यूनिट इकाई की टीम ने बुधवार को मथुरा के फरह पुलिस के साथ सयुक्त छापेमारी के दौरान आटो पार्ट्स की दुकान के पीछे बने गोदाम पर छापा मारकर संजय उर्फ बंसी पुत्र अशोक कुमार निवासी चटसाल फरह मथुरा को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान संजय का साथी बंटी मौके से फरार होने मे कामयाब रहा। संयुक्त टीम ने गोदाम से 130 किलो गांजा बरामद किया। सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि बरामद गांजे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। इसकी जांच की जा रही है।

### एसटीएफ ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो ठगों को दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) टीम की मेरठ फील्ड इकाई ने मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र से अंतरराज्यीय गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अशरफ अली पुत्र सलीम अली निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी मुरादाबाद और विवेक पुत्र राधेश्याम निवासी विकास कालोनी चंदौसी जनपद संभल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपित बेरोजगार युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। दोनों को नूर चौराहे से टीम ने धर दबोचा।

## 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बुधवार देर रात को सिविल लाइन थाना पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में पुलिस की गोली से बदमाश मारा गया तो वहीं दो पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। घायल पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अंकिता शर्मा ने बताया कि बुधवार देर रात को जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान जब एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। गोली लगने से दो पुलिस कर्मी घायल हुए तो आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने इलाज के दौरान बदमाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दो पुलिस कर्मियों का उपचार किया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की पहचान हाल पता संभल जिले के बनियाठेर निवासी जितेन्द्र उर्फ ढालू (35) के रूप में हुई है। इस्लामनगर थानाक्षेत्र में डकैती की घटना में वह वांछित था। डीआईजी बरेली की ओर से उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ नोएडा, अमरोहा समेत अन्य जिलों में लूट,डकैती जैसी गंभीर धाराओं में लगभग 12 से अधिक अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसके पास से सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, भारी मात्रा में कारतूस और कुछ जेवर बरामद हुए है। इसमें पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## घर के बाहर सो रही महिला की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उरई में रामपुरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम में बुधवार की रात घर के बाहर चारपाई पर सो रही एक महिला की अज्ञात हमलावर ने सिर पर किसी भारी हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना का पता गुरुवार सुबह पड़ोसियों को चला।

सूचना पाकर पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच करते हुए कार्रवाई में जुट गए। ग्राम जायघा निवासी मीना देवी (50) अपने घर में अकेली रहती थीं। उनके दोनों पुत्र देवेंद्र सिंह (30) और विकेश सिंह (25) गुजरात के अंकलेश्वर में पत्थर और टाइल्स लगाने का कार्य करते हैं। बीती रात मीना देवी अपने घर के बाहर चारपाई पर सो रही थीं। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी भारी हथियार से कई वार कर दिए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सिर पर गंभीर चोट लगने से काफी मात्रा में रक्त बह गया और उसके छींटे आसपास तक फैल गए। गुरुवार की सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने उन्हें काफी देर तक एक ही अवस्था में पड़े देखा तो उन्हें संदेह हुआ। पड़ोसी चारपाई के पास पहुंचे तो मीना देवी को मृत अवस्था में देखकर सन्न रह गए।घटना की सूचना तत्काल रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अंबुज यादव,थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक रमाशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की।मृतक महिला के पारिवारिक देवर रूपेंद्र सिंह उर्फ लला पुत्र छोटे सिंह से घटना की सूचना संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।थाना प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक महिला के पुत्र देवेंद्र सिंह से दूरभाष पर संपर्क किया गया है।फिलहाल हत्या के कारणों और हमलावर की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ के साथ-साथ आसपास के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## अंतर्राज्यीय चार असलहा तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर थाना क्षेत्र के कल्याण अपार्टमेंट स्थित बंधा रोड के पास से यूपी स्पेशल टास्क फोर्स

**- एसटीएफ टीम ने बंधा मार्ग से किया गिरफ्तार**

(एसटीएफ) ने अंतर्राज्जीय असलहा तस्कर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपित जेल से छूटने के बाद जमीनों पर कब्जेदारी भी करता था। टीम के आरोपितों के कब्जे से ऑटोमेटिक पिस्टल, कारतूस कार और मोबाइल फोन बरामद किया। एसटीएफ एडीजी अभिताभ यश ने बताया कि एसटीएफ टीम को अंतर्राज्जीय असलहा तस्करी होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर के नेतृत्व में इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी की टीम ने बुधवार को गाजीपुर थाना क्षेत्र के कल्याण अपार्टमेंट तिराहे से समता मूलक चौराहा जाने वाले बंधा मार्ग पर संदेश प्रताप सिंह उर्फ




राज पुत्र स्व. सतेन्द्र कुमार सिंह निवासी विद्या बिहार कालोनी दयाराम पुरवा बीबीडी, विवेक प्रजापति पुत्र रघुबीर प्रजापति निवासी विपुलखंड गोमतीनगर, नितिन कुण्डी पुत्र स्व. प्रमोद कुमार निवासी मटियारी चिनहट और प्रिंस गुप्ता ऊर्फ सल्लू भाई पुत्र सतेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी कंचनपुर मटियारी चिनहट को गिरफ्तार किया। आरोपित होंण्डा सिटी कार से असलहों की तस्करी करने के लिए जा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गैंग का सरगना नितिन कुंण्डी हैं। करीब दो वर्ष पूर्व पुलिस मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी थी। जेल से छूटने के बाद ववह विरोधी गैंग से बदला लेने, रंगदारी वसूली और ड्रग्स के कारोबार के लिए हथियार खरीदने असलहा तस्करी के धंधे में आ गया। पुलिस उसे जिला बदर की कार्रवाई भी कर चुकी हैं। संदेश प्रताप सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह एक रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर है। जमीन कब्जा और रंगदारी के मामलों में लोगों में दहशत बनाने के लिए अवैध हथियारों का इस्तेमाल करता था। बताया कि असलहा गोरखपुर निवासी अभिषेक उर्फ अभि उपलब्ध कराता था। सभी आरोपित माफिया बाबू सिंह के संरक्षण में काम कर रहे हैं। नितिन कुण्डी के खिलाफ चिनहट, बीबीडी और गाजीपुर थानों में 14, विवेक प्रजापति गाजीपुर थाने में 4,संदेश प्रताप सिंह के खिलाफ गुडम्बा व गाजीपुर थाने में 2 और प्रिंस गुप्ता के खिलाफ गाजीपुर थाने में एक अपराधिक मुकमदे दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से टीम ने ऑटोमेटिक .32 बोर पिस्टल, चार मैगजीन, 50 कारतूस, सात खोखा, होंडा सिटी कार, मोबाइल और 2420 रुपए बरामद किया।

## फर्जी लूट की साजिश रचने वाले दो गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में इंश्योरेंस क्लेम से कर्ज उतारने के लिए एक युवक ने फर्जी लूट की घटना बना दी। प्लान करने वाले इतने शातिर निकले की गाड़ी के नम्बर प्लेट बदलकर दोस्तों से गाड़ी लुटवाई ओर फिर लूट की सूचना पुलिस को। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और घटना को फर्जी बताया है।

**-बीमा क्लेम से कर्ज उतारने के लिए बनाया प्लान**

पुलिस अधीक्षक बागपत सूरज कुमार राय ने गुरुवार को बागपत पुलिस लाइन में लूट की घटना को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को इमरान पुत्र बाबर अली निवासी असर्फाबाद थल ने सूचना दी कि पल्सर सवार तीन लोगों ने तमंचे के बल पर उनकी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी लूट ली है। सूचना पर तुरन्त रमाला पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जानकारी जुटाई, घटना संदिग्ध लगी तो पीड़ित से पूछताछ की गई। उन्होंने पुलिस पूछताछ के दौरान इमरान ने बताया कि वह भारी कर्ज में डूब हुआ है, कर्ज से बचने और बीमा क्लेम पाने के लिए उसने अपने दोस्त कुर्बान पुत्र जाहूर के साथ मिलकर पुलिस को गुमराह कर लूट की कहानी रची थी। रमाला पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दोनों स्विफ्ट डिजायर गाड़ी, फर्जी नम्बर प्लेट, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपी इमरान ओर कुर्बान के खिलाफ बीएनएस की संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

## तिलक समारोह में दोस्तों ने युवक को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बलिया में सहतवार थाना क्षेत्र के महादनपुर गांव में बुधवार रात्रि को एक तिलक समारोह के दौरान हुई कहासुनी के दौरान दोस्तों ने युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरे की तलाश में दो टीमें लगाई गई हैं।

पुलिस के मुताबिक महादनपुर गांव में किशोर शाह के घर तिलक समारोह आयोजन में कई लोग शामिल हुए थे। जिसमें अरुण यादव पुत्र नंदलाल यादव निवासी महाराजपुर भी इसी तिलक समारोह में शामिल होने पुरानी आया था। वहीं घायल का आरोप है कि समारोह में मौजूद उसके दो दोस्तों रितेश पासवान और अमित कुमार राम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान दोनों ने कथित तौर पर उसके सीने में गोली मार दी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) का कहना है कि गुरुवार सुबह बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सहतवार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी रितेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, दूसरे आरोपी अमित कुमार राम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें दबिश दे रही हैं। घायल अरुण उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने घायल के परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

> संबंध में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, दूसरे की तलाश जारी है क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। **-दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी)**



# ऊर्जा निगमों में जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किए जाने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि ऊर्जा निगमों में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन और कर्मचारी संगठनों के बीच संवादहीनता के कारण औद्योगिक वातावरण पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। औद्योगिक शांति एवं स्वस्थ कार्य वातावरण की पुनर्स्थापना के लिए ऊर्जा निगमों में जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का तत्काल गठन किया जाए। इसके साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश सहित सभी श्रम संघों एवं सेवा संगठनों के साथ प्रत्येक माह नियमित वार्ता की जाए। यह व्यवस्था प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों की भावना के अनुरूप है।संघर्ष समिति ने स्मरण कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद के समय जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल नियमित रूप से कार्य करती थी। इसकी



मासिक बैठकों की अध्यक्षता विद्युत परिषद के अध्यक्ष करते थे। परिषद के सभी मान्यता प्राप्त श्रम संघों के प्रतिनिधि इसमें शामिल होते थे और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के प्रतिनिधि आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेते थे। इससे विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध समाधान होता था तथा औद्योगिक शांति बनी रहती थी।संघर्ष समिति ने बताया कि वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद के विघटन के समय प्रदेश सरकार के साथ हुए लिखित समझौते में स्पष्ट रूप से यह व्यवस्था की गई थी कि पूर्व की भांति जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किया जाएगा। यह व्यवस्था ऊर्जा निगमों में भी जारी रहेगी। विघटन के बाद प्रारंभिक वर्षों में ऊर्जा निगमों में जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किया गया और इसकी नियमित बैठकें भी आयोजित होती थीं, जिनमें सभी श्रम संघों के प्रतिनिधियों के साथ अभियंता संघ एवं जूनियर इंजीनियर्स संगठन के प्रतिनिधि आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेते थे।संघर्ष समिति ने कहा कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और ऊर्जा निगमों के 16 प्रमुख श्रम संघों एवं सेवा संगठनों का संयुक्त मंच है। खेद का विषय है कि वर्तमान पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने पिछले तीन वर्षों में संघर्ष समिति के साथ एक बार भी औपचारिक वार्ता करना आवश्यक नहीं समझा। यह स्थिति औद्योगिक संबंधों की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है।संघर्ष समिति ने कहा कि संवादहीनता तथा सामान्य लोकतांत्रिक धरना-प्रदर्शनों के कारण बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं के विरुद्ध की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से ऊर्जा निगमों का औद्योगिक वातावरण लगातार बिगड़ रहा है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव विद्युत व्यवस्था एवं उपभोक्ता सेवाओं पर भी पड़ रहा है।संघर्ष समिति ने मांग की है कि कर्मचारियों एवं अभियंताओं के विरुद्ध की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयां तत्काल वापस ली जाएं, ऊर्जा निगमों में जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का पुनर्गठन किया जाए तथा इसमें सभी श्रम संघों के प्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों को आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। साथ ही सभी कर्मचारी एवं सेवा संगठनों के साथ नियमित मासिक संवाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे औद्योगिक शांति बहाल हो और ऊर्जा निगमों का कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# अपार्टमेंट से युवक कूदा उपचार के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र स्थित शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट में गुरुवार शाम एक युवक द्वारा ऊंचाई से छलांग लगाने की घटना से हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि चौकी विज्ञानपुरी क्षेत्र के शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट के बी-टावर में रहने वाले विवेक महेश्वरी (35) ने ऊंचाई से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही महानगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल विवेक को उपचार के लिए भाऊराव देवरस अस्पताल भेजा गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रारंभिक जांच और पूछताछ में अपार्टमेंट में कार्यरत कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि विवेक महेश्वरी पिछले काफी समय से अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रहे थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है।

# किसानों ने अखिलेश के जन्म दिन पर दिया बेमिसाल तोहफा

## छह लाख वर्गफुट क्षेत्र में मक्का की बुवाई से तैयार की अखिलेश की आकृति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा जनपद गाजीपुर के खालिसपुर बवाड़ा गांव में आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम में किसानों द्वारा लगभग 6 लाख वर्गफुट क्षेत्र में मक्का की बुवाई कर उनकी भव्य आकृति तैयार की गई। अपनी तरह का यह देश का पहला और अनूठा आयोजन रहा, जिसमें किसानों ने अपने खेतों के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति सम्मान, विश्वास और समर्थन व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान अपराह्न 4 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों एवं नौजवानों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने इस अभिनव आयोजन के लिए आयोजकों, समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों एवं विशेष रूप से कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक यादव एवं उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन ने समाजवादी आंदोलन की जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है।अखिलेश यादव ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए अपनी भूमि उपलब्ध कराने वाले किसानों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गाजीपुर की धरती किसानों और जवानों की धरती है और समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों एवं नौजवानों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस तरह से जन्मदिन मनाकर मेरे ऊपर और बड़ी जिम्मेदारी दे दिया है आप सभी ने।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर किसानों के कल्याण के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह किया जाएगा। उन्होंने गंगा कटान से प्रभावित किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पार्टी किसानों के दर्द को समझती है और सरकार बनने पर गंगा कटान से प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता एवं स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करेगी।अखिलेश यादव ने नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर बलिदानियों की धरती है, जिसने देश को बड़ी संख्या में वीर सैनिक दिए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सेना की भर्तियां पूर्व की भांति नियमित रूप से शुरू की जाएंगी और युवाओं के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# रालोद संसदीय बोर्ड के सदस्य बनने पर अनिल दुबे का स्वागत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में गुरूवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को रालोद संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह से पूर्व दुबे ने रालोद नेताओं के साथ मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।स्वागत समारोह का आयोजन एवं संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अनिल दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय



लोकदल किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज के सभी वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं सम्मान के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।प्रदेश पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अनिल दुबे पूर्वांचल, मध्य उत्तर प्रदेश (मध्यांचल) एवं बुंदेलखंड के क्षेत्रों में जनता और कार्यकर्ताओं के बीच एक अत्यंत लोकप्रिय, संघर्षशील एवं कर्मठ नेता के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। उनके संसदीय बोर्ड में शामिल होने से इन क्षेत्रों में पार्टी संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी तथा आगामी चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल और अधिक सशक्त होकर उभरेगा।वक्ताओं ने कहा कि अनिल दुबे का संसदीय बोर्ड में मनोनयन उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, समर्पण एवं पार्टी के प्रति निष्ठा का सम्मान है। उनके अनुभव का लाभ संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, एस सी एस टी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद सूर्यवंशी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव आरएन शुक्ला, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, रजनीकांत मिश्रा, बीएल प्रेमी, चौधरी भूपाल सिंह, रामावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, राव इकबाल, प्रमोद शुक्ला, पीके पाठक, राजकुमार ओझा, माया देवी, अनीता यादव, बिपिन द्विवेदी, शफीक , मुकेश वर्मा आदि प्रमुख साथी मौजूद रहे।

# समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा संपन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पीलीभीत जनपद से 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर गुरूवार 2 जून को समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा का समापन लखनऊ में हुआ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में बहुत बड़ी तादाद में सिख समाज के लोग एकत्र हुए और उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को कृपाण, सरोपा तथा स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करने के साथ 2027 में उन्हें प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। उनके दीर्घायु की कामना की। सिख सामाजिक न्याय यात्रा ने लोकतंत्र को बचाने और समाजवादी सरकार लाने की अपील को घर-घर, गांव-गांव पहुंचाने की पहल की।इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि सिख समाज सद्भाव का संदेश वाहक है। सिख बहादुर कौम है। उनका इतिहास बहादुरी का है। भारत के कृषि क्षेत्र और दुनिया में



अपनी मेहनत एवं परिश्रम से प्रतिष्ठा बढ़ाई है। भाजपा की सरकार समाज को तोड़ना चाहती है। नफरत फैलाकर समाज को बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज सिख समाज एकजुट है। किसान एकजुट है। सभी पीडीए के साथ है। पीडीए का अर्थ है प्रेम, दया और अपनापन। आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इनको बचाने की जिम्मेदारी सिखों और किसानों पर है। सिख समाज की हैसियत और ताकत तथा संविधान और देश बचाने की लड़ाई है।अखिलेश यादव ने आश्वस्त किया कि सिख समाज को राजनीतिक सम्मान देंगे। इनकी जमीने और खेत छीनने नहीं देंगे। जो बंदी है उनके लिए आवाज उठाएंगे। हम बंधुराष्ट्र बनाने का काम करेंगे। सामाजिक न्याय में साथ देने के लिए यादव ने सिख भाइयों का धन्यवाद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार अमेरिका के सामने झुककर कृषि पर समझौता कर रही है, जो भारत के हित में नहीं है। वह लोकतंत्र के विरूद्ध नए-नए कानून बना रही है। संविधान को बदलने के लिए सांसदों को खरीद रही है। परिसीमन के जरिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अड़चनें डालने जा रही है। लेकिन जनता ने जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया था वैसे ही 2027 के भी चुनाव में हरायेगी।इस यात्रा के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि 50 साल के कब्जेदारों की जमीनों पर भूमिधरी दर्ज की जाए, हरिद्वार स्थित ज्ञान गोदड़ी साहिब गुरद्वारा उसी स्थान पर स्थापित हो, जिसे 1984 में जला दिया गया था। सिख आयोग गठित हो। सिखों को राजनीति, प्रशासन में उचित स्थान मिले। ग्रंथियों को भत्ता दिया जाए तथा सिख गुरूओं का इतिहास स्कूलों में पढ़ाया जाए।सिख समाज ने आज श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव को अकाल तख्त से सर्वोच्च सम्मान देने की मांग की और विधानसभा चुनाव में सजग पहरेदारी करने एवं लोकतंत्र बचाने में समाजवादी पार्टी के साथ खड़े रहने का प्रस्ताव किया है।कार्यक्रम में बाबा निर्मल सिंह, सरदार गुर दयाल सिंह, सरदार सतनाम सिंह एडवोकेट रामपुर, सरदार अमर जीत सिंह सलूजा कानपुर ने भी अपने विचार रखे। कैण्ट गुरूद्वारा से सर्वश्री नवल जीत सिंह, नागपाल, सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह नंदा, आजम सिंह सोढ़ी, प्रिंस परमजीत सिंह, जगजीत सिंह, महेंद्र सिंह छाबड़ा की टीम प्रबन्धन एवं सेवा कार्य में लगी रही।

# लखनऊ पुलिस की बड़ी कार्रवाईः बीती दो रातों में 6,974 लोगों की चेकिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। दो दिनों तक देर रात चलाए गए इस विशेष अभियान में शहर के विभिन्न इलाकों में 6,974 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 1,316 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाए जाने पर चालान किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा न करने की कड़ी चेतावनी भी दी। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार के पर्यवेक्षण में 30 जून और 1 जुलाई 2026 की रात 10 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना तथा सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान शहर के सभी जोनों में पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्तों और थाना प्रभारियों की टीमों ने सड़क, बाजार, पार्क, बस स्टैंड, चौराहों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान खुले में बैठकर शराब पीने, शराब के नशे में हुड़दंग करने, राहगीरों को परेशान करने तथा दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार कुल 256 स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 6,974 व्यक्तियों कीजांच की गई। इनमें 1,316 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए मिले, जिनके खिलाफ संबंधित वैधानिक प्रावधानों के तहत चालान की कार्रवाई की गई।जोनवार कार्रवाई पर नजर डालें तो पश्चिमी जोन में सबसे अधिक कार्रवाई हुई। यहां 62 स्थानों पर 1,845 लोगों की जांच की गई और 400 लोगों का चालान किया गया। दक्षिणी जोन में 44 स्थानों पर 1,304 लोगों की जांच के दौरान 332 चालान किए गए। पूर्वी जोन में 39 स्थानों पर 1,990 लोगों की जांच में 294 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। उत्तरी जोन में 65 स्थानों पर 890 लोगों की जांच कर 156 चालान किए गए, जबकि मध्य जोन में 46 स्थानों पर 945 लोगों की जांच के दौरान 134 लोगों पर कार्रवाई की गई।आमजन से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून-व्यवस्था भंग करने, शराब पीकर हुड़दंग मचाने या आम नागरिकों को परेशान करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त और त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

# तिकुनिया-खक्रौला घाट मार्ग पर महिलाओं की सुरक्षा खतरे में

## पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, वाहनों संचालकों के हौसले बुलंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** नेपाल सीमा से सटे तिकुनिया-खक्रौला घाट मार्ग पर लखनऊ से वैध गाड़ियों से जाने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा खतरे में स्थानीय दबंग महिला यात्रियों को भी जबरन बीच रास्ते उतार कर अपनी अवैध गाड़ियों में भरकर सवारी ढोते हैं भूसे की तरह सवारी ढोते हैं यहां पर अवैध अनफिट खटारा वाहनों के संचालन से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। महिलाएं रिजर्व गाड़ी कर लखनऊ से लखीमपुर खक्रौला घाट तक जाने के लिए तो करती है मगर खक्ररौला में अल्पसंख्यक वर्ग के कुछ दबंग उन्हें मंजिल तक नहीं जाने देते हैं तिकुनियां में ही महिला यात्रियों को जबरन रोकर अपने खटारा गाड़ी में सवारी की तरह ठुसकर आगे की यात्रा कराते हैं। दबंगों का कहर इस कदर व्याप्त है कि महिला यात्री डरी सहमी गाड़ी में बैठने को विवश रहती है। महिलाओं की सुरक्षा



को लेकर स्थानीय पुलिस की जवाब देही सवालों के घेरे में है स्थानीय पुलिस अवैध संचालकों को बढ़ावा दे रही है कोई कार्रवाई न होने से स्थानीय दबंग के हौसले बुलंद है।नेपाल सीमा से सटे तिकुनिया-खक्रौला घाट मार्ग पर महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और वैध वाहन संचालकों का आरोप है कि इस मार्ग पर कथित रूप से बिना वैध परमिट, फिटनेस, टैक्स और बीमा के बड़ी संख्या में यात्री वाहन संचालित हो रहे हैं, जिससे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोगों का दावा है कि लखनऊ और अन्य स्थानों से आने वाली महिला यात्रियों को तिकुनिया पहुंचने के बाद बीच रास्ते में रोककर कथित रूप से अवैध वाहनों में बैठाने का दबाव बनाया जाता है। आरोप है कि विरोध करने पर वैध वाहन चालकों के साथ अभद्रता, धमकी और यात्रियों को जबरन उतारने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। इससे महिलाओं और अन्य यात्रियों में भय का माहौल बना हुआ है।क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि तिकुनिया से खक्रौला घाट तक करीब तीन किलोमीटर के इस मार्ग पर कथित रूप से नियमों की अनदेखी कर वाहन संचालित किए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि कई वाहनों के पास आवश्यक परिवहन दस्तावेज नहीं हैं, फिर भी उनके संचालन पर प्रभावी रोक नहीं लग रही है। इससे न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि सरकार को राजस्व हानि होने की आशंका भी जताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद अवैध संचालन के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही संबंधित पुलिस अथवा परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। क्षेत्रवासियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शिकायतों में सच्चाई पाई जाती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र में कानून का राज स्थापित हो सके और यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो।


# कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांकः-547/ न0पं0काँट / 2026-27 दिनांक-01/07/2026

## सूचना

समस्त सम्बन्धित फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट के द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से कुल 07 सिविल कार्यो हेतु कार्यालय पत्रांकः-504/ न0पं0 काँट / 2026-27 दिनाँकः 10/06/2026 से निविदायें आमन्त्रित की गयी हैं। अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार उपरोक्त निविदाओं की तिथि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है-

| क0 सं0 | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की बिकी की अन्तिम तिथि/समय | 20-07-2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | निविदा आमन्त्रण की तिथि / समय | 21-07-2026 को अपरांह 02.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोले जाने की तिथि / समय | 22-07-2026 को अपरांह 12.00 बजे (05 लाख से कम की निविदायें-कार्यालय नगर पंचायत कांट में) |
| | | 22-07-2026 को प्रातः 10.00 बजे (05 लाख से अधिक की निविदायें-कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय, शाहजहाँपुर) |

अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष

नगर पंचायत कॉट, शाहजहाँपुर

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने डेलॉयट को लगाई फटकार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र की भूमिका को और प्रभावी बनाने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने डेलॉयट संस्था की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में संस्था की प्रगति संतोषजनक नहीं रही और अब केवल योजनाएं बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनके परिणाम धरातल पर भी दिखाई देने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्ययोजनाओं पर तत्काल अमल शुरू किया जाए तथा इस माह पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष महाभियान चलाया जाए। साथ ही अगस्त के मध्य में मुंबई में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से रोड शो आयोजित करने के निर्देश भी दिए।गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए तैयार की गई कार्ययोजनाओं और भविष्य की रणनीतियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात, महानिदेशक पर्यटन वेदपति मिश्र, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा डेलॉयट संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जयवीर सिंह ने डेलॉयट को निर्देश दिया कि काशी, विंध्याचल धाम और नैमिषारण्य में निवेश बढ़ाने तथा पर्यटन संसाधनों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए तीन दिन के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना तैयार करने के साथ-साथ उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पर्यटन क्षेत्र में निवेश और पर्यटकों की संख्या में वास्तविक वृद्धि हो सके।पर्यटन मंत्री ने कहा कि



उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार और बेहतर संपर्क सुविधाओं के कारण पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) की तर्ज पर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कल्चर' (ओडीओसी) को भी पर्यटन से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि प्रत्येक जिले की सांस्कृतिक और पारंपरिक विशेषताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके। उन्होंने प्रदेश के 12 पर्यटन परिपथों से जुड़े स्थलों का सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और रोड शो के माध्यम से व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए।डेलॉयट संस्था के प्रतिनिधियों ने बैठक में बताया कि शीघ्र ही वाराणसी, विंध्याचल धाम और नैमिषारण्य में पर्यटकों के अनुभवों पर आधारित विशेष प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। इस पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि पर्यटन से जुड़े सभी आंकड़े वास्तविक और प्रमाणिक होने चाहिए, ताकि भविष्य की योजनाएं सही आधार पर तैयार की जा सकें।बैठक में पर्यटन विभाग के होटलों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने तथा पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कमरों की क्षमता बढ़ाने की रणनीति तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या, लखनऊ और मथुरा में पर्यटन क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश प्राप्त हुआ है। मंत्री ने कहा कि एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में पर्यटन क्षेत्र मजबूत विकास इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विस्तार, निजी निवेश को बढ़ावा देने और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नई पर्यटन नीति को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाएगा।मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने डेलॉयट को कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन की गति तेज करने और अगले चार महीनों में ठोस परिणाम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने सुझाव दिया कि जुलाई से अगले 16 सप्ताह तक निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान चलाया जाए। उन्होंने 'देखो यूपी अभियान' के तहत पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया, ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक पर्यटक और निवेशक आकर्षित किए जा सकें।

# विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण शिविर, 20 मामलों का निस्तारण



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिजनौर में विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण शिविर आयोजित किया गया। समग्र विद्यालय, नवलपुर बैराज में आयोजित शिविर में डॉ. मनु कालिया, संजय कुमार-डुढ्ढ, जसजीत कौर, स्वाती चंद्रा, डॉ. के.जी. सिंह, रणविजय सिंह, जयसिंह कुशवाहा, रितु रानी तथा आलोक वर्मा मौजूद रहे। शिविर में विस्थापित मछुआरा समुदाय को कानूनी जागरूकता दी गई, लोक अदालत में 20 मामलों का निस्तारण हुआ तथा मेडिकल कैंप में 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। साथ ही 15 दिनों के भीतर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी गई।

# ऐशबाग में 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर खराब

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के ऐशबाग क्षेत्र में 10 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफॉर्मर खराब होने से रामनगर, पीली कॉलोनी, सुदर्शनपुरी, खजुआ, भदेवा समेत कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक बिजली बहाल न होने से नाराज लोग ऐशबाग विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 11:30 बजे ऐशबाग उपकेंद्र पर लगा 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर ट्रिप हो गया। इसके बाद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। उपभोक्ताओं ने टोल फ्री नंबर 19:12 और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन राहत नहीं मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उपकेंद्र पहुंच गए। विभाग ने वैकल्पिक स्रोत से बिजली आपूर्ति शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन कई इलाकों में आपूर्ति सामान्य होने में समय लगा। बिजली बाधित रहने से गुरुवार सुबह कई घरों में पेयजल संकट भी पैदा हो गया।इधर, गोमतीनगर के विवेकखंड-3 में सुबह ट्रांसफॉर्मर खराब होने से बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित रही।

विश्वासखंड उपकेंद्र की ओर से ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर लगाकर सुबह करीब 9:30 बजे आपूर्ति बहाल की गई। वहीं न्यू आलमबाग उपकेंद्र से जुड़ी मोहान रोड 33 केवी लाइन में खराबी आने से नादरगंज क्षेत्र में करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

नगराम के समेसी उपकेंद्र से जुड़े करीब 200 गांवों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। विभाग के अनुसार, अब्बासनगर में बिजली के खंभे में करंट उतरने और भैरमपुर लाइन का तार जलने से फीडर बार-बार ट्रिप कर रहे थे, जिसे बाद में ठीक किया गया।वहीं कानपुर रोड स्थित बनी उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में तकनीकी खराबी आने से रहीमनगर-पड़ियाना, हरौनी, मिर्जापुर, बेंती और भौकापुर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में लगभग 15 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा।लखनऊ सेंट्रल के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) केके चौधरी ने बताया कि ऐशबाग के 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आई है। स्टोर से दूसरा ट्रांसफॉर्मर मंगाया गया है, जिसके शुक्रवार तक पहुंचने की उम्मीद है। तब तक प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक स्रोतों से बिजली आपूर्ति की जा रही है।

# अतिक्रमण पर नगर निगम का बड़ा प्रहार

## डालीगंज से आलमबाग तक चला बुलडोजर, 35 से अधिक अवैध दुकानें हटाईं, ठेले-गुमटियां जब्त

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को व्यापक अभियान चलाते हुए दो प्रमुख जोनों में बड़ी कार्रवाई की। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-03 और जोन-05 में सड़कों, फुटपाथों और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान के दौरान 35 से अधिक अस्थायी दुकानें हटाई गईं, कई ठेले, गुमटियां और काउंटर जब्त किए गए तथा अतिक्रमण, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग के मामलों में कुल 19,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम अधिकारियों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने सबसे पहले जोन-03 के अंतर्गत ताड़ीखाना स्थित पल्टन छावनी क्षेत्र में लकड़ी व्यापारियों द्वारा सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। इसके बाद महानगर से साहू एजेंसी तक दोनों ओर की पटरियों पर अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया गया। डालीगंज वार्ड स्थित लकड़ी मंडी में भी विशेष कार्रवाई करते हुए विभागीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।डालीगंज क्रॉसिंग के निकट बबली राजा एवं अन्य लोगों द्वारा विभागीय भूमि पर अस्थायी दुकानें लगाकर किए गए कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग 20 से 35 अस्थायी दुकानें हटाई गईं। गमलों के माध्यम से किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। इस दौरान संबंधित अतिक्रमणकारियों से 2,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम ने भविष्य में दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए स्थानीय पुलिस को भी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र भेज दिया है।दूसरी ओर जोन-05 के अंतर्गत रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड स्थित मौनी बाबा मार्केट, आलमबाग और आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाया गया। यहां फुटपाथों और सड़कों पर अवैध रूप से लगाए गए 6 ठेले, 4 गुमटियां और 8 काउंटर हटाए गए। इसके अलावा 3 काउंटर, एक रिक्शा ट्रॉली और एक लोहे की गुमटी को जब्त कर नगर निगम के कब्जे में लिया गया।कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में दोबारा कब्जा न करने की कड़ी चेतावनी दी गई तथा 2,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती बरती गई। इस दौरान 15,000 रुपये का अतिरिक्त शमन शुल्क वसूलकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया।जोन-03 की कार्रवाई जोनल अधिकारी मनोज यादव के निर्देशन में प्रवर्तन दल-296 द्वारा की गई, जबकि जोन-05 में जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक विवेक मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल-296 तथा पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया गया।नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजधानी को अतिक्रमण मुक्त बनाने, यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सड़क, फुटपाथ या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी में अगले पांच दिन भारी बारिश का दौर

## कई जिलों में रेड अलर्ट जैसे हालात, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और आने वाले पांच दिन प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम केंद्र, लखनऊ ने दो से छह जुलाई तक पूरे प्रदेश में व्यापक बारिश का पूर्वानुमान जारी करते हुए कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा, मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक होने पर ही घरों से निकलने की अपील की है।मौसम विभाग के अनुसार, दो जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश होगी। तीन और चार जुलाई को दोनों क्षेत्रों में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी रहेगा। पांच और छह जुलाई को मानसून और अधिक सक्रिय रहेगा तथा पश्चिमी व पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में व्यापक बारिश होने की संभावना है।सबसे अधिक असर बुंदेलखंड, तराई और पूर्वांचल के कई जिलों में देखने को मिल सकता है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, संत रविदास नगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हमीरपुर, महोबा और ललितपुर में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, आगरा, अलीगढ़, संभल और जालौन सहित अनेक जिलों में तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है।तीन जुलाई को बांदा, चित्रकूट, सोनभद्र, महोबा, झांसी और ललितपुर में भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। वहीं प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, कानपुर, रायबरेली, मेरठ, आगरा और जालौन समेत कई जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका बनी रहेगी। चार जुलाई को सोनभद्र, महोबा, झांसी और ललितपुर में फिर भारी बारिश की संभावना है, जबकि प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, मुरादाबाद, रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में वज्रपात का खतरा बना रहेगा।लगातार बारिश की संभावना को देखते हुए निचले इलाकों में जलभराव, कच्चे मकानों को नुकसान, नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि तथा यातायात प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है। तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने, बिजली लाइनों के क्षतिग्रस्त होने और बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी परिस्थितियां भी पैदा हो सकती हैं।मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा आकाशीय बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित भवनों में शरण लेने की सलाह दी है। किसानों को खेतों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, फसलों की सुरक्षा के उपाय करने और तेज बारिश तथा आंधी के दौरान कृषि कार्य स्थगित रखने की भी सलाह दी गई है।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले पांच दिनों तक मानसून की सक्रियता बनी रहने के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर तेज बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। ऐसे में जिला प्रशासनों को भी सतर्क रहने और संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

# विधायक के प्रस्ताव पर सड़क व नाली निर्माण को मिली मंजूरी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत अयोध्या सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के प्रस्ताव पर नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़क एवं नाली निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी मिल गई है। इन परियोजनाओं पर 5.46 करोड़ रुपये (546 लाख रुपये) खर्च किए जाएंगे। इसके लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। स्वीकृत परियोजनाओं के तहत नगर निगम के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कराया जाएगा। इसमें अंबेडकर नगर वार्ड के तारापुर रजौली और ककरही बाजार, कर्पूरी ठाकुर वार्ड के सुबेदार का पुरवा, कृष्णा नगर वार्ड के पटेलिया सहबदी, लाला लाजपत नगर वार्ड के आदित्य नगर और मझवा, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विकास पुरम, चित्रगुप्त नगर वार्ड के उसरू, अशोक सिंघल वार्ड के तुलसीबाड़ी, राम मनोहर लोहिया वार्ड के सोलापुरी, झलकारी बाई वार्ड के कुशमाहा, चन्द्रगुप्त नगर वार्ड वजीरगंज, महात्मा गांधी वार्ड के बहाराज बेनीगंज तथा पंडित दीनदयाल वार्ड समेत विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के कार्य शामिल हैं। इन 17 परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 4085 मीटर लंबाई में सड़क एवं नाली निर्माण कराया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत 17 परियोजनाओं से लोगों को बेहतर आवागमन और जलनिकासी की सुविधा मिलेगी तथा जलनिकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# राजधानी में खुले नालों से बढ़ा हादसों का खतरा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।**मानसून की शुरुआत के साथ राजधानी में कई बड़े नालों की जर्जर स्थिति लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। ट्रांसपोर्ट नगर से डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर जाने वाले नाले की रिटेनिंग वॉल सात स्थानों पर ध्वस्त हो चुकी है, जबकि किला मोहम्मदी ड्रेन की सुरक्षा दीवार 27 जगहों से टूटी हुई है। कई स्थानों पर सड़क और नाले के बीच की सीमा तक स्पष्ट नहीं रह गई है, जिससे बारिश के दौरान दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे ट्रांसपोर्ट नगर नाले के कई हिस्सों में रिटेनिंग वॉल पूरी तरह टूट चुकी है। बारिश के समय नाला भर जाने पर पानी सड़क तक पहुंच जाता है और वाहन चालकों के लिए सड़क और नाले के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गहरे नाले में वाहन गिरने की आशंका बनी रहती है। कुछ हिस्सों में मरम्मत कार्य शुरू हुआ, लेकिन अधिकांश स्थान अब भी क्षतिग्रस्त हैं।किला मोहम्मदी ड्रेन की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां 27 स्थानों पर सुरक्षा दीवार टूट चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दो वर्ष पहले इसी नाले में एक कार गिर गई थी। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा दीवार मौजूद होती तो दुर्घटना टाली जा सकती थी।क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि कई बार नगर निगम और संबंधित विभागों से शिकायत की गई, लेकिन स्थायी मरम्मत या सुरक्षा बैरिकेडिंग की व्यवस्था नहीं की गई। मानसून के दौरान इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, जिससे जोखिम और बढ़ गया है।इस संबंध में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि किला मोहम्मदी नाले के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है और अगले वर्ष तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के नाले की भी मरम्मत आगामी दिनों में कराई जाएगी।

# सैनिटरी स्टोर में लगी आग दमकल कर्मियों ने पाया काबू



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** गुरुवार इंदिरा नगर इलाके में जगरानी अस्पताल के बगल स्थित अवध सैनिटरी शोरूम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और समय रहते आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। इंदिरानगर फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दो फायर टेंडर तत्काल मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि शोरूम की सीढ़ियों के नीचे लगे मीटर बोर्ड में आग लगी थी। मुख्य दरवाजा बंद होने के कारण दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते प्रवेश किया। ताला काटने और हैमर से रास्ता बनाकर अंदर पहुंचने के बाद पंपिंग कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के मुताबिक आग से कोई जनहानि नहीं हुई। भवन स्वामी का नाम आदित्य हवेलिया बताया गया है। उनका पता सी-10, त्रिमूर्ति ग्राम, कल्याणपुर रिंग रोड, लखनऊ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# युवक पर देर रात फायरिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र में देर रात युवक पर फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रीति नगर स्थित एकता पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों ने कौशल पांडे को निशाना बनाकर गोली चला दी। राहत की बात यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी और कौशल पांडे बाल-बाल बच गया। पुलिस के मुताबिक रात करीब 12:45 बजे गोली चलने की सूचना पर मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला कि कौशल पांडे अपने कुछ साथियों के साथ सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान आशुतोष तिवारी और गौरव बाजपेयी बाइक से पहुंचे और उस पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी अलीगंज और मड़ियांव थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, चार घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सोहावल रौनाही थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 अरकुना गयागंज के पास सड़क के किनारे पहले से खड़े कंटेनर में लखनऊ से अयोध्या की तरफ जा रही सुबह लगभग 7:00 बजे तेज स्पीड से स्कॉर्पियो कंटेनर में जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पहुंची रौनाही पुलिस के साथ आसपास के लोगों ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल भिजवाए। जहां डॉक्टर ने तीन को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल चार को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक परी पुत्र राधेश्याम उम्र लगभग 14 वर्ष निवासी मसकनवा थाना छपिया जनपद गोंडा, पिंकी पुत्र राधेश्याम उम्र लगभग 34 वर्ष निवासी मसकनवा थाना छपिया,



जनपद गोंडा दुर्गेश पुत्र नंदलाल उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम चेतिया थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर घायल विजयलक्ष्मी पत्नी दुर्गेश गुप्ता उम्र लगभग 45, अभिषेक गुप्ता उर्फ रवि पुत्र दुर्गेश उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी चेतिया थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर मोनू पुत्र राधेश्याम उम्र करीब 12 वर्ष निवासी मसकनवा थाना छपिया जनपद गोंडा पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी प्रभारी रतन शर्मा ने बताया की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तकनीक का प्रयोग

समय बदलने के साथ कानून प्रवर्तन और जांच एजेंसियां अपने काम करने के तौर तरीकों में बदलाव लाती रहती हैं। इसके लिए वे नई तकनीकों को इसमें शामिल करती हैं जिससे अपराधियों पर कड़ाई के साथ शिकंजा कसा जा सके। लेकिन अपराधी भी अब ज्यादा धूर्त और चालाक हो गए हैं जो व्यापक नेटवर्किंग तो तैयार करते ही हैं, नवीनतम तकनीक को भी अपना हथियार बना लेते हैं। ऐसे तत्वों से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा यानी एआई की मदद से इस तरह के उपकरण विकसित किए जा चुके हैं जिनकी मदद से अपराधियों की धरपकड़ और साक्ष्य जुटाना काफी आसान हो गया है। लेकिन अभी इसका व्यापक स्तर पर इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जांच प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग अभी प्रारंभिक स्तर पर है। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों में राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का अभी केवल दस प्रतिशत ही इस्तेमाल किया जा रहा है। समझ में नहीं आता कि जांच एजेंसियां इस ओर से उदासीन क्यों हैं जबकि इसकी मदद से अपराध स्थलों से एकत्र किए नमूनों और साक्ष्यों का डाटा बेस तैयार किया जा सकता है। यह एक तथ्य है कि हमारे देश में दोषसिद्धि दर काफी कम है। तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है पर दर नहीं सुधरी। इसके प्रमुख कारणों में धीमी जांच प्रक्रिया, मामलों की गंभीरता की उपेक्षा और साक्ष्यों की कमी शामिल है। विडंबना यह है कि तकनीकी सुविधाओं के बाद भी जांच एजेंसियां वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखकर जांच नहीं करतीं। ऐसे में जरूरी है कि आपराधिक मामलों की जांच प्रक्रिया को लेकर अलग से एक निगरानी तंत्र स्थापित हो जो इस बात पर नजर रखे कि जांच में तकनीक का कितना इस्तेमाल हो रहा है। इसके अलावा जांच एजेंसियों को नई तकनीकों से लैस तो कर दिया गया है लेकिन उनके इस्तेमाल की जानकारी बहुत कम स्टाफ को होती है। इसलिए विभागों में व्यापक पैमाने पर प्रशिक्षण देने की भी जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि जब वैज्ञानिक आधार पर आरोपपत्र बनेंगे और आधुनिक तकनीक की मदद से मजबूत साक्ष्य जुटाए जाएंगे तो कार्रवाई की गुणवत्ता अपने आप ही कई गुना अधिक बढ़ जाएगी। इसलिए अपनी कार्यकुशलता को और प्रभावी बनाने के लिए जांच एजेंसियां उपलब्ध आधुनिकतम तकनीकों का अधिकतम उपयोग करें। आज के जमाने के अपराधियों से निपटने का यही सबसे सटीक रास्ता है।

## भवन निर्माण का गोरखधंधा

अलीगंज अग्निकांड को लेकर लोगों के मन में करुणा, क्षोभ और गुस्सा था ही, यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर संबंधित विभाग इस बारे में आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है। इसको लेकर तरह-तरह की बातें भी हो रही थीं। अब यह बात सामने आई है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस बिल्डिंग को ध्वस्त करने का निर्णय लिया है। इस बिल्डिंग को लेकर कई तरह की अनियमितताएं सामने आई थीं जिनसे यह साफ लगता था कि इसके मालिक को नियमों और प्रावधानों की कोई परवाह नहीं है और वह सारा गोरखधंधा अपने मन मुताबिक चला रहा था। ऐसे में जरूरी था कि इस प्रवृत्ति को और लोगों में न पनपने दिया जाए और यह साफ कर दिया जाए कि इस तरह के कामों का क्या परिणाम होता है। दरअसल नियम विरुद्ध काम करना ऐसा रोग है जिस पर यदि शुरू में ही शिकंजा न कसा जाए तो यह बढ़ता जाता है। देखादेखी अन्य लोग भी इसी ढंग का काम करने लगते हैं। एक तरह से यह चलन बन जाता है। फिर जिन पर इसे रोकने की जिम्मेदारी होती है, वे भी कोई कार्रवाई नहीं करते। इसी माहौल का वर्णन करते हुए लविप्रा उपाध्यक्ष ने अभी दो दिन पहले ही कहा है कि चौरानबे प्रतिशत लखनऊ बिना नक्शे के बसा है। यह बयान बताता है कि सड़ांध कितने गहरे तक जा चुकी है। लेकिन यह भी सोचना होगा कि आखिर ऐसा क्यों संभव हो पाया। जब इस बात के लिए बाकायदा नियम कानून हैं कि भवन निर्माण के लिए अमुक औपचारिकताएं जरूरी हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए बाकायदा विभाग भी बनाया गया है जिसकी अनुमति के बाद ही निर्माण संभव हो पाना है तो यह उन विभागों की जिम्मेदारी है कि वे गलत काम होने की अनुमति कदापि न दें। अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण करना भी उनकी ड्यूटी है कि कहीं नियम विरुद्ध काम तो नहीं हो रहा। लेकिन ऐसा नहीं होता। सभी जानते हैं कि नियम विरुद्ध काम करने के लिए क्या करना चाहिए। ऐसे गोरखधंधे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**शिक्षा भविष्य निर्माण की आधारशिला है- योगी**
वर्तमान में तो फर्जी डिग्रीधारी ही छाये हुए हैं!

**चढ़ावाचोरी के आठों आरोपियों से पूछताछ जारी**
बड़े जंजालों में सिर्फ छोटी मछलियां फंसती हैं!

**जून के बाद अब जुलाई में भी कम रहेगा मानसून**
बाढ़ नहीं आयेगी तो राहत बंदरबांट कैसे होगी?

**देश में तेजी से बदल रही है रोजगार की तस्वीर**
बीटेक युवा अब इडली दोसा बेचकर खुश हैं!

**महंत नृत्यगोपाल दास लखनऊ मेदांता में भर्ती**
चढ़ावा घोटाले की आंच से दूर रहना ही ठीक है!

**अखिलेश के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान**
लेकिन वाशिंग मशीन तो भाजपा के पास है!

♦♦♦

# सीजेपी के आंदोलन के पीछे साजिश?

**- अजीत द्विवेदी**

जिसको देखिए वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी पर संदेह कर रहा है। उससे जुड़े लोगों की पृष्ठभूमि खोजी जा रही है। किसी के बारे में कहा जा रहा है कि वह एक समय में नरेंद्र मोदी का प्रशंसक था किसी के बारे में जानकारी दी जा रही है और वह आम आदमी पार्टी का सोशल मीडिया हैंडल करता था। किसी को राहुल गांधी का विरोध करने वाला बताया जा रहा है तो किसी को ब्राह्मण विरोधी ठहराया जा रहा है। सोचें, युवाओं का एक समूह इस समय का सबसे ज्वलंत मुद्दा उठा कर सरकार के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है। लेकिन जरूरी मुद्दे उठाने में असफल रहे लोग उनकी पृष्ठभूमि निकाल कर उनको निशाना बना रहे हैं।

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके और तीनों प्रवक्ताओं सौरव दास, विजेता दहिया और आशुतोष रंका की पृष्ठभूमि खोज कर उनके ऊपर हमला किया जा रहा है। कांग्रेस का इकोसिस्टम इन लोगों को युवाओं व छात्रों का एजेंडा हाईजैक करने के लिए भाजपा की ओर से प्लांट किया गया बता रहे है तो भाजपा के नेता सीजेपी की तुलना अन्ना हजारे व अरविंद केजरीवाल के आंदोलन से कर रहे हैं और इसे अर्बन नक्सल समूह कह रहे हैं।

सवाल है कि इस समूह और इसके आंदोलन को वर्तमान हालात से पैदा हुए असंतोष और युवाओं की बेचैनी की स्वाभाविक प्रतिक्रिया क्यों नहीं माना जा सकता है? यह मानने में क्या समस्या है कि आज किशोर और युवा परीक्षा में हो रही गड़बड़ियों और नौकरी व रोजगार की घटती संभावनाओं की वजह से परेशान हैं और इसलिए उन्हें एक प्लेटफॉर्म मिला तो वे वहां से अपनी परेशानी का इजहार कर रहे हैं? अभिजीत दीपके या सीजेपी से जुड़े दूसरे लोगों ने किशोरों और युवाओं को अपनी नाराजगी और असंतोष जाहिर करने का एक मंच दिया है, जहां से वर्तमान समय की सबसे ज्वलंत समस्या को उठा रहे हैं। सीजेपी के लोग पेपर लीक का विरोध कर रहे हैं, सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की शुचिता बहाल करने की मांग कर रहे हैं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। इन मांगों से भला विपक्ष की पार्टी या नेता को क्या समस्या हो सकती है? युवाओं का यह समूह भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को भी निशाना बना रहा है। इसलिए आप इसे सांप्रदायिक भी नहीं कह सकते हैं।

तभी सवाल है कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि सीजेपी के आंदोलन को विपक्ष, खास कर कांग्रेस पार्टी अपनी विफलता के तौर पर देख रही हो और इस वजह से इनको निशाना बनाया जा रहा हो? यह संभव है क्योंकि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस इतने बड़े मुद्दे पर इस तरह का कोई आंदोलन नहीं खड़ा कर सकी इसलिए सीजेपी को मौका मिला। अगर कांग्रेस युवाओं के असंतोष को आवाज दे रही होती और उस असंतोष को प्रकट करने का मंच दे रही होती तो शायद सीजेपी जैसे किसी समूह की जरुरत नहीं पड़ती। ध्यान रहे सीजेपी अभी तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बना एक अकाउंट भर है। उसके पास न कोई संगठन है, न कोई बड़ा चेहरा है और न किसी राजनीतिक अभियान को चलाने का प्रशिक्षण या अनुभव है। फिर भी उस मंच से करोड़ों युवा जुड़े और उसके आह्वान पर हजारों लोग 40 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में सड़कों पर प्रदर्शन के लिए उतरे। कहने को कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने लगातार सोशल मीडिया में पोस्ट लिखी और प्रभावित छात्रों से मुलाकात की लेकिन यह समझने की जरुरत है कि समस्या जितनी बड़ी है उसके मुकाबले कांग्रेस का प्रयास बहुत छोटा और सुविधाजनक है। ड्राइंग रूम में बैठ कर 18 साल के छात्र से बात करना और उसकी वीडियो साझा करके सरकार पर हमला करना बहुत आसान है।

बहरहाल, जंतर मंतर पर प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए लोगों की संख्या असल में कितनी थी, किसके साथ ज्यादा भीड़ आई, किसका भाषण कैसा हुआ, कितनी देर प्रदर्शन चला, कौन जल्दी चला गया, किसको गर्मी लग रही थी और किसको एसी में बैठना था इन बातों का कोई मतलब नहीं है। जंतर मंतर पर यह तस्वीर दिखी कि हजारों लोग इकट्ठा हुए, जिनमें परीक्षा की गड़बड़ियों और पेपर लीक से परेशान छात्र थे तो नौकरी नहीं मिलने से परेशान युवा भी थे और रोजगार की घटती संभावना से बेचैन अधेड़ लोग भी थे। मुख्यधारा की मीडिया ने भले इसका बहिष्कार किया लेकिन राजधानी और आसपास के क्षेत्रों के तमाम छोटे बड़े यूट्यूबर वहां मौजूद थे। उन्होंने इसे अपने अपने हिसाब से कवर किया और देश के हर हिस्से में करोड़ों लोगों ने इसे देखा। किसी राजनीतिक या सामाजिक घटनाक्रम में लोगों में ऐसी उत्सुकता अरसे बाद देखने को मिली। किसान आंदोलन के बाद पहली बार ऐसे संगठित प्रतिरोध का स्वर पहली बार सुनाई दिया।


अभी इसको इसी रूप में देखने की जरुरत है, जब तक कि कोई दूसरी बात प्रमाणित नहीं हो जाती है। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने इसे इसी रूप में देखा तो सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और सीपीआई की एनी राजा ने भी इसे ऐसे ही देखा। उनको लग रहा है कि युवाओं का एक समूह एक जरूरी मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहा है तो उसका साथ देना चाहिए। राजनीतिक और वैचारिक असहमति अपनी जगह है। विपक्ष की ईमानदारी भी इसमें है कि परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी के खिलाफ जो आंदोलन हो रहे हैं, सरकार को जवाबदेह बनाने का जो प्रयास हो रहा है, जिम्मेदार लोगों को पद से हटाने की जो मांग हो रही है, उसके समर्थन में खड़ा हो।

लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता और उसके इकोसिस्टम के लोग इस पर संदेह पैदा कर रहे हैं और इसकी साख खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उनको समझ में नहीं आ रहा है कि ऐसी कोशिशों से सरकार को फायदा होगा। युवाओं में अनिश्चितता और संशय बढ़ेगा। उनके भीतर असहायता पनपेगी कि उनका साथ देने वाला कोई नहीं है। यह संशय और अविश्वास अंततः उन्हें सत्तापक्ष की बातों पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करेगा। अगर राजनीतिक नजरिए से भी देखें तो कांग्रेस को समझना चाहिए कि जिस तरह से उसकी सरकार के खिलाफ इंडिया अगेंस्ट करप्शन का आंदोलन चला और लोगों के बीच बने माहौल का लाभ अपने मजबूत संगठन के दम पर भाजपा ने उठाया वैसे ही अभी कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से बनाए जा रहे माहौल का लाभ कांग्रेस उठा सकती है। कांग्रेस को अपने आप को इसके लिए तैयार करना चाहिए। ध्यान रहे भाजपा और उसके सहयोगियों ने इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन को परदे के पीछे से समर्थन दिया था, जबकि अभी एनडीए सरकार को सबसे अधिक मुश्किल में डालने वाले आंदोलन का कांग्रेस विरोध कर रही है!

असल में अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का आंदोलन जिस अंजाम को प्राप्त हुआ उसने लोगों को आशंकित बना दिया है। लोग हर चीज पर शंका करने लगे हैं। दूसरी ओर केंद्र में सत्तारूढ़ लोगों ने पिछले 12 साल में ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दिया है, जिसमें हर तरह की असहमति को शत्रुता मानने का चलन बढ़ा है। प्रतिरोध की हर आवाज को साजिश बताया जाने लगा है। हर आंदोलन को किसी बाहरी टूलकिट का उद्यम माना जाने लगा है। किसानों और युवाओं से लेकर सरकारी कर्मचारियों तक के आंदोलन के पीछे साजिश देखी जाती है। ऐसे ही कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग भी कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन और विरोध प्रदर्शन को साजिश का नतीजा मान रहे हैं।

उनको लग रहा है कि यह समूह विपक्ष का स्पेस ले रहा है। यह भी कहा जा इस समूह ने सारी जिम्मेदारी ले देकर धर्मेंद्र प्रधान पर ला दी, जिससे सरकार को राहत मिल जाएगी। लेकिन इन बातों का कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी भी सिर्फ धर्मेंद्र प्रधान का ही इस्तीफा मांग रहे हैं। दूसरे, कांग्रेस को स्पेस छिन जाने की चिंता नहीं करनी चाहिए। वह सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और सत्ता विरोधी माहौल का सबसे बड़ा लाभ भी उसी को मिलेगा। भाजपा और उसके समर्थकों की चिंता भी अपनी जगह जायज है लेकिन हिट मार कर या चप्पल मार कर कॉकरोच खत्म कर देने वाली तुलना अपने युवाओं के लिए करना बहुत खराब है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

वह पूर्ण ज्ञानस्वरूप है, पूर्ण ज्ञाता है, जानने योग्य है और ज्ञान द्वारा ही प्राप्त होनेवाला है। साक्षात्कार के साथ मिलनेवाली जानकारी का नाम ज्ञान है। ऐसी जानकारी द्वारा ही उस ब्रह्म का प्राप्त होना सम्भव है। वह सबके हृदय में स्थित है। उसका निवास स्थान हृदय है। अन्यत्र ढूँढ़ने पर वह नहीं मिलेगा। अतः हृदय में ध्यान तथा योगाचरण द्वारा ही उस ब्रह्म की प्राप्ति का विधान है।

इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं चोक्तं समासतः। मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते ।।18।। हे अर्जुन ! बस इतना ही क्षेत्र, ज्ञान तथा जानने योग्य परमात्मा का स्वरूप संक्षेप में कहा गया है। इसे जानकर मेरा भक्त मेरे साक्षात् स्वरूप को प्राप्त होता है। अभी तक योगेश्वर श्रीकृष्ण ने जिसे क्षेत्र कहा था, उसी को अब 'प्रकृति' और जिसे क्षेत्रज्ञ कहा था, उसी को अब 'पुरुष' शब्द से इंगित करते हैं-

प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि। विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसम्भवान् ।।19।।

यह प्रकृति और पुरुष दोनों को ही तू अनादि जान तथा सम्पूर्ण विकार त्रिगुणमयी प्रकृति से ही उत्पन्न हुआ जान।

कार्यकरणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते। पुरुषः सुखदुःखानां भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते ।। 20 ।। कार्य और करण (जिनके द्वारा शुभ कार्य किये जाते हैं-विवेक, वैराग्य इत्यादि तथा अशुभ कार्य होने में काम, क्रोध इत्यादि करण हैं) को उत्पन्न करने में हेतु प्रकृति कही जाती है और यह पुरुष सुख-दुःखों को भोगने में कारण कहा जाता है। प्रश्न उठता है कि क्या वह भोगता ही रहेगा या इससे कभी छुटकारा भी मिलेगा? जब प्रकृति और पुरुष दोनों ही अनादि हैं, तब कोई इनसे छूटेगा कैसे? इस पर कहते हैं-कनक लाकर एक पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान्। कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु ।।21।। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं। किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# एल्गोरिद्म, मानसिक स्वास्थ्य और जवाबदेही का प्रश्न



**- डॉ. शिवम भारद्वाज**

तकनीक का इतिहास मानव बुद्धि की विजय का इतिहास रहा है। पहिए से लेकर इंटरनेट तक, हर आविष्कार ने मनुष्य को अधिक सक्षम बनाया। लेकिन इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ प्रश्न यह नहीं रह गया कि तकनीक हमारे लिए क्या कर सकती है; प्रश्न यह है कि तकनीक हमारे साथ क्या कर रही है। विशेष रूप से यह कि डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे व्यवहार, हमारी पसंद और हमारी मानसिक दुनिया को किस हद तक प्रभावित कर रहे हैं।

हाल के दिनों में सामने आई दो खबरों ने इस प्रश्न को नई गंभीरता दी है। पहली, युवाओं में बढ़ती चिंता, अवसाद और वास्तविक जीवन से कटकर डिजिटल दुनिया में शरण लेने की प्रवृत्ति। दूसरी, इटली में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर वह मुकदमा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक किशोरी को लगातार आत्म-क्षति और अवसाद से जुड़ी सामग्री दिखाई गई, जिससे उसकी मानसिक स्थिति और खराब हुई तथा वह आत्महत्या जैसे घातक कदम की ओर बढ़ी। यह मुकदमा केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है; यह उस व्यापक बहस का हिस्सा है जिसमें दुनिया भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की भूमिका और जिम्मेदारी पर प्रश्न उठ रहे हैं।

उपरोक्त दोनों को अलग-अलग देखना उचित नहीं लगता क्यूंकि वे एक ही डिजिटल व्यवस्था के दो परिणाम हैं। आज अधिकांश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का कारोबार विज्ञापनों पर आधारित है। इसकी आर्थिक नींव 'अटेंशन इकोनॉमी' पर आधारित है उनकी कमाई इस बात पर निर्भर करती है कि उपयोगकर्ता कितनी देर तक स्क्रीन पर बना रहता है। दूसरे शब्दों में, डिजिटल अर्थव्यवस्था में उपयोगकर्ता का ध्यान स्वयं एक मूल्यवान संसाधन बन चुका है। जितनी देर कोई व्यक्ति किसी प्लेटफॉर्म पर रहेगा, उसके व्यावसायिक लाभ की संभावना उतनी ही बढ़ेगी।यहीं से एल्गोरिद्म की भूमिका शुरू होती है। कंपनियाँ अक्सर यह तर्क देती हैं कि वे केवल वही दिखाती हैं जो उपयोगकर्ता देखना चाहता है। लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल है। प्लेटफॉर्म का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य हमेशा सबसे उपयोगी या सबसे विश्वसनीय जानकारी दिखाना नहीं होता, बल्कि 'एंगेजमेंट ऑप्टिमाइजेशन' होता है अर्थात ऐसी सामग्री दिखाना जो लोगों का ध्यान अधिक समय तक बाँधे रख सके। वे यह देखते हैं कि हम किस प्रकार की सामग्री पर अधिक समय बिताते हैं, किस पर प्रतिक्रिया देते हैं और किसे बार-बार देखते हैं। इसके बाद वे उसी तरह की और सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यहीं 'एल्गोरिद्मिक रिइनफोर्समेंट' की अवधारणा महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि कोई व्यक्ति उदासी, असफलता या अकेलेपन से जुड़ी सामग्री अधिक देखता है, तो उसके सामने वैसी ही सामग्री की मात्रा बढ़ सकती है। धीरे-धीरे एक ऐसा डिजिटल वातावरण बन जाता है, जहाँ व्यक्ति बार-बार उन्हीं भावनाओं और विचारों से घिरा रहता है। कई अध्ययनों ने संकेत दिया है कि ऐसी प्रणालियाँ चिंता, सामाजिक तुलना और मानसिक दबाव को बढ़ा सकती हैं, विशेषकर किशोरों और युवाओं में।

यहीं सामान्य सोशल मीडिया उपयोग और एल्गोरिद्मिक प्रभाव के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। समस्या केवल यह नहीं है कि युवा सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। समस्या यह है कि प्लेटफॉर्म की संरचना किस प्रकार की सामग्री को बढ़ावा देती है। पारंपरिक मीडिया में दर्शक सामग्री चुनता था; आज कई मामलों में सामग्री दर्शक को चुनती है। जो सामग्री अधिक ध्यान आकर्षित करती है, वही अधिक लोगों तक पहुँचती है। ऐसे में सनसनी, तुलना, उत्तेजना और तीव्र भावनात्मक प्रतिक्रिया पैदा करने वाली सामग्री को स्वाभाविक बढ़त मिल जाती है। विडंबना यह है कि हम इतिहास के सबसे अधिक 'कनेक्टेड' समाज में रहते हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से शायद सबसे अधिक 'डिस्कनेक्टेड' हो चुके हैं। घरों में इंटरनेट की गति बढ़ी है, लेकिन संवाद की गति घट गई है। परिवार एक ही छत के नीचे रहते हैं, परंतु अलग-अलग स्क्रीन में कैद हैं। मित्रों की संख्या हजारों में है, पर मन की बात कहने वाला कोई एक व्यक्ति भी नहीं मिलता। यह अकेलापन ही वह खाली जगह है, जहां एल्गोरिद्म अपना साम्राज्य खड़ा करते हैं। युवाओं पर इसका प्रभाव इसलिए अधिक पड़ता है क्योंकि वे जीवन के ऐसे दौर में होते हैं जहाँ पहचान, आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकृति की तलाश सबसे अधिक होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव, करियर की अनिश्चितता, सामाजिक तुलना और सफलता की निरंतर दौड़ पहले से ही मानसिक तनाव बढ़ा रही है। ऐसे में वह राहत के लिए स्क्रीन की ओर देखता है। यहीं से एक अदृश्य चक्र शुरू होता है। डिजिटल मंच अगर तुलना, असुरक्षा या नकारात्मक भावनाओं को बढ़ाने वाली सामग्री को आगे बढ़ाएँ, तो उसका प्रभाव और गहरा हो सकता है। इसी कारण दुनिया भर में बहस अब केवल सामग्री पर नहीं, बल्कि एल्गोरिद्म पर केंद्रित हो रही है। इटली में प्रस्तावित कानूनी पहल और चल रहे मुकदमों का मुख्य प्रश्न यह नहीं है कि इंटरनेट अच्छा है या बुरा। प्रश्न यह है कि क्या उन प्रणालियों की जवाबदेही तय की जा सकती है जो अरबों लोगों को यह तय करके सामग्री दिखाती हैं कि उन्हें क्या देखना चाहिए। यूरोप में भी एल्गोरिद्मिक पारदर्शिता और बच्चों पर डिजिटल प्लेटफॉर्मों के प्रभाव को लेकर नियामकीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। यहाँ एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आता है। सोशल मीडिया अब केवल तकनीकी मंच नहीं रह गए हैं। वे सूचना, मनोरंजन, सामाजिक पहचान और सार्वजनिक विमर्श के प्रमुख माध्यम बन चुके हैं। जब कोई व्यवस्था इतनी बड़ी सामाजिक भूमिका निभाने लगे, तो उससे केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि सामाजिक जवाबदेही की भी अपेक्षा की जाती है। यही कारण है कि आज बहस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन के बीच नहीं, बल्कि सार्वजनिक हित और व्यावसायिक हित के बीच दिखाई दे रही है।

इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसे तकनीक बनाम मानवता की बहस के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्लेटफॉर्म आधुनिक जीवन का हिस्सा हैं और आगे भी रहेंगे। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या उन प्रणालियों के आर्थिक प्रोत्साहन और सार्वजनिक हित एक-दूसरे के अनुकूल हैं। यदि किसी प्लेटफॉर्म की सफलता उपयोगकर्ता का अधिकतम समय हासिल करने पर निर्भर करती है, तो यह पूछना स्वाभाविक है कि उपयोगकर्ता के मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान और कल्याण की रक्षा किसकी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में इटली का मुकदमा एक व्यापक वैश्विक बहस का प्रतीक बनकर उभरता है।

## प्रेरक प्रसंग

### सर्वव्यापी ईश्वर

एक किसान था। उसके एक लड़का था। वह पाठशाला में पढ़ने जाता था। एक दिन उसके गुरु ने पढ़ाया- भगवान सर्वव्यापी है। नीचे ऊपर, इधर-उधर, धरती-आकाश, जल-थल, घर-बाहर सब जगह मौजूद रहता है और हम जो कुछ करते हैं, देखता रहता है।

पढ़ाई करके लड़का घर आया तो बाप ने कहा, तू मेरे साथ चल। हमें एक काम करना है।

दोनों घर से चल दिये। खेत पर पहुंचे तो बाप ने कहा, देख, हमें शाम के लिए घास चाहिए। यहां कोई देखनेवाला तो है नहीं। मैं पड़ोसी के खेत से थोड़ी घास काटे लेता हूं। तू यहां खड़े रहकर देखते रहना कि कोई आता तो नहीं है।

लड़का खड़ा हो गया और बाप हंसिया लेकर घास काटने लगा। कुछ देर बाद उसने लड़के से पूछा, क्यों देख तो नहीं रहा है ?

लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखनेवाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।

लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखनेवाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।

इतना सुनते ही बाप को काटो तो खून नहीं। उसने कटी हुई घास वहीं छोड़ दी और लड़के से कहा, बेटे, चलो, घर चलें।

## आपका पत्र मिला

### लोकतंत्र का सच जानना भी जरूरी

भारतीय लोकतंत्र का इतिहास केवल उसकी उपलब्धियों तक सीमित नहीं है बल्कि उन घटनाओं को भी समेटे हुए है जिन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की गंभीर परीक्षा ली। वर्ष 1975 में लागू 21 महीने का आपातकाल ऐसा ही एक दौर था जिसे भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्यायों में गिना जाता है। ऐसे में एनसीईआरटी द्वारा नौवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में इस विषय को शामिल करना एक महत्वपूर्ण और स्वागतयोग्य कदम है। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब नई पीढ़ी उसके उजले पक्ष के साथ-साथ उसकी चुनौतियों और गलतियों से भी परिचित हो। आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं पर अंकुश, प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां और संवैधानिक संस्थाओं पर पड़े दबाव जैसे पहलुओं का अध्ययन विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक अधिकारों के महत्व का वास्तविक बोध कराएगा। साथ ही पाठ्यपुस्तक में मीडिया की भूमिका को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में शामिल किया जाना भी समयानुकूल है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि इस विषय को किसी राजनीतिक दृष्टिकोण की बजाय ऐतिहासिक तथ्यों, संवैधानिक मूल्यों और निष्पक्ष विश्लेषण के आधार पर पढ़ाया जाए। शिक्षा का उद्देश्य किसी दल या व्यक्ति का महिमामंडन अथवा आलोचना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में विवेकपूर्ण सोच और लोकतांत्रिक चेतना का विकास करना होना चाहिए। यदि युवा पीढ़ी इतिहास की सफलताओं के साथ उसकी भूलों को भी समझेगी तभी वह भविष्य में लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकेगी।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# पाचन संबंधी समस्याओं से बचाएंगे ये योगासन

बारिश के मौसम में अक्सर जोड़ों में अकड़न, आलस और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में योगासन न केवल शरीर को लचीला बनाए रखते हैं, बल्कि पाचन को भी मजबूत बनाते हैं। इससे शरीर एनर्जेटिक बना रहता है और मूड भी हर वक्त अच्छा बना रहता है। यही वजह है कि इस मौसम में भी योग से आलस को दूर कर शरीर को एक्टिव बनाए रखा जा सकता है। आइए जानते हैं कि ये कौन-कौन से योग हैं, जो सर्दियों में भी आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को फिट और आपको एक्टिव बनाए रख सकते हैं।

### वज्रासन



खाने के बाद इस आसन में बैठना पाचन के लिए बेहतरीन है। पैरों को पीछे करते हुए घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठें और रीढ़ को सीधा रखें। इस आसन को नियमित 10-15 मिनट करने से खाने का पाचन जल्दी होता है और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।

### पवनमुक्तासन



यह आसन गैस्ट्रिक समस्याओं और पाचन को सुधारने में मदद करता है। पीठ के बल लेटकर एक पैर को पेट के पास लाएं और हाथों से पकड़ें और सिर को भी घुटनों की ओर ले जाएं। फिर दूसरे पैर से भी दोहराएं। रोजाना 5-10 बार इसे करने से पेट हल्का रहता है और डाइजेशन बेहतर होता है।

**त्रिकोणासन**

त्रिकोणासन में खड़े होकर एक पैर खोलें, एक हाथ को नीचे की ओर पैर तक ले जाकर दूसरा हाथ ऊपर की ओर उठाएं। यह आसन पेट के अंगों को खींचता है और डाइजेशन को सुधारता है। नियमित इस आसन को करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है।

### मलासन



मलासन में स्क्वाट जैसी स्थिति में बैठकर दोनों हाथों को जोड़ें और कोहनियों को घुटनों के पास रखें। ये आसन पेट के अंगों की मसाज करता है, जिससे पाचन तंत्र एक्टिव होता है। इसे रोज 1-2 मिनट करने से पेट साफ रहता है।

### भुजंगासन



पेट के बल लेटकर, दोनों हाथों से छाती और सिर को ऊपर की ओर उठाएं। ये आसन पेट के अंगों को स्ट्रेच करता है और पाचन को बेहतर बनाता है। इसे 5-7 बार करने से डाइजेशन में सुधार होता है और पेट में हल्कापन महसूस होता है।

**अर्ध मत्स्येन्द्रासन**


बैठकर एक पैर मोड़ें और दूसरा पैर उसके ऊपर रखें। शरीर को विपरीत दिशा में ट्विस्ट करें, और हाथों को भी फैलाते हुए जमीन पर रखें। यह आसन पेट को मरोड़ता है, जिससे पाचन संबंधी समस्याओं में आराम मिलता है।

**कपालभाति प्राणायाम**

तेजी से सांस छोड़ते हुए पेट को अंदर की ओर खींचें। यह प्राणायाम पेट की सफाई करता है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है।

# ब्रेन कैंसर का गंभीर प्रकार है ग्लियोमा

## इन लोगों को ज्यादा रहता है इसका खतरा



ब्रेन कैंसर एक खतरनाक बीमारी है, जिसके कई बार गंभीर परिणाम देखने को मिलते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे क्या है ग्लियोमा, इसके लक्षण और कैसे करें इससे बचाव-

**ग्लियोमा क्या है?**

क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक ग्लियोमा एक ट्यूमर है, जो तब बनता है जब ग्लियाल सेल्स कंट्रोल से बाहर हो जाती हैं। आम तौर पर, ये सेल्स नर्व्स को सहारा देती हैं और आपके सेंट्रल नर्वस सिस्टम को काम करने में मदद करती हैं। आमतौर पर ग्लियोमा ब्रेन में बढ़ते हैं, लेकिन यह रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइनल कॉर्ड में भी बन सकता है।

यह घातक और कैंसरस होते हैं, लेकिन कुछ बहुत धीमी गति से बढ़ सकते हैं। वे मुख्य रूप से ब्रेन ट्यूमर हैं, जिसका मतलब है कि यह ब्रेन टिश्यूज में बनते हैं। ग्लियोमा आमतौर पर ब्रेन या रीढ़ की हड्डी के बाहर नहीं फैलता है, लेकिन पीड़िक व्यक्ति के जीवन के लिए खतरा हो सकता है।

**ग्लिओमा के लक्षण-** सिरदर्द, दौरे पड़ना, चक्कर आना, मलती और उल्टी, व्यक्तित्व या व्यवहार में परिवर्तन, बोलने और बात करने में समस्या, देखने में परेशानी या विजन लॉस, सोचने, सीखने या याद रखने में परेशानी, चलने या अपना बैलेंस बनाने में कठिनाई। हेमिपेरेसिस (शरीर के एक तरफ कमजोरी या सुन्नता)।

**किन लोगों को ग्लियोमा का खतरा है?-** ग्लियोमा किसी भी व्यक्ति में विकसित हो सकता है, लेकिन नीचे दिए गए फैक्टर्स आपके जोखिम को बढ़ा सकते हैं-

उम्र- ग्लियोमा बुजुर्गों (65 वर्ष से ज्यादा) और बच्चों (12 साल से कम) में सबसे ज्यादा आम है।फैमिली हिस्ट्री- कुछ जेनेटिक डिसऑर्डर या फैमिली हिस्ट्री भी आपके ग्लियोमा के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। लिंग- ग्लियोमा महिलाओं की तुलना में पुरुषों में थोड़ा ज्यादा आम है। एथनेसिटी- श्वेत लोगों में अन्य लोगों की तुलना में ग्लियोमास विकसित होने की ज्यादा संभावना हो सकती है। रेडिएशन या टॉक्सिन्स के संपर्क में आना- रेडिएशन या अन्य केमिकल के बार-बार या लंबे समय तक संपर्क में रहने से आपका खतरा बढ़ सकता है।

# क्या डायबिटीज के मरीजों को केचप खाना चाहिए?

डायबिटीज (मधुमेह) से पीड़ित लोग अक्सर खाने-पीने को लेकर काफी सतर्क रहते हैं। शुगर के मरीजों के लिए यह सवाल अक्सर उठता है कि क्या उन्हें केचप खाना चाहिए? यह लेख इस सवाल का उत्तर देने के साथ-साथ शुगर के मरीजों को केचप के सेवन के बारे में समझाएगा।

**डायबिटीज और केचप का संबंध**

केचप आमतौर पर टमाटर से बनाया जाता है, लेकिन इसमें उच्च मात्रा में शक्कर और सोडियम भी होता है। यह दोनों ही तत्व शुगर के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। जब शुगर का सेवन अधिक किया जाता है, तो यह ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकता है, जिससे शरीर को नुकसान हो सकता है।

**क्या है केचप में नुकसान?**

**शक्कर की अधिकता :** केचप में शक्कर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकती है। यह रक्त में ग्लूकोज की मात्रा को बढ़ाकर शुगर लेवल को असंतुलित कर सकता है।

**सोडियम की अधिकता :** केचप में सोडियम की भी अधिक मात्रा होती है, जो रक्तचाप बढ़ा सकता है और दिल की समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मेडिकल एक्सपर्ट्स और न्यूट्रिशनिस्ट्स का कहना है कि डायबिटीज के मरीजों को केचप का सेवन सीमित करना चाहिए या पूरी तरह से इससे बचना चाहिए। इससे ब्लड शुगर लेवल पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

**खतरनाक बीमारियां**

**घर का बना केचप :** घर पर केचप बनाना शुगर के मरीजों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। जब आप घर पर केचप बनाते हैं, तो आप इसमें शक्कर की मात्रा को नियंत्रित कर सकते हैं। आप प्राकृतिक मिठास के लिए गुड़, शहद या खजूर जैसे हेल्दी विकल्प का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, आप उसमें कुछ मसालों जैसे हल्दी, अदरक, और लहसुन का भी मिश्रण कर सकते हैं, जो न केवल स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि शरीर के लिए फायदेमंद भी होते हैं। इस तरह से बने केचप में न तो ज्यादा शक्कर होगी और न ही सोडियम की मात्रा अधिक होगी, जो शुगर के मरीजों के लिए आदर्श है।

**फ्रेश टमाटर सॉस :** टमाटर का ताजे रूप में इस्तेमाल करना केचप का एक बेहतरीन हेल्दी विकल्प हो सकता है। आप घर में ताजे टमाटर को उबालकर और उसे मसालेदार सॉस में बदलकर शुगर फ्री टमाटर सॉस बना सकते हैं। इस सॉस में कोई शक्कर या अतिरिक्त सोडियम नहीं होगा, और यह शुगर के मरीजों के लिए एक सुरक्षित विकल्प होगा। टमाटर में लायकोपीन नामक एंटीऑक्सिडेंट पाया जाता है, जो शरीर के लिए फायदेमंद होता है और इन्फ्लेमेशन (सूजन) को कम करता है। आप इसे अपने सलाद, सूप या किसी भी डिश में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आंवला :** आंवला में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हैं। यह विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है और इसमें बहुत से एंटी ऑक्सिडेंट्स होते हैं जो शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। आंवला रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में सहायक हो सकता है और इसके सेवन से शरीर में इन्फ्लेमेशन भी कम होता है। आप आंवला का जूस या मुरब्बा खा सकते हैं, या फिर इसे सीधे भी खा सकते हैं।

**संतरा :** संतरा डायबिटीज के मरीजों के लिए एक और बेहतरीन विकल्प है। इसमें विटामिन ष्ट, फाइबर, पोटैशियम और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। संतरे का ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है, यानी कि यह रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से नहीं बढ़ाता, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है। आप संतरे को सीधे खा सकते हैं या फिर इसका जूस बना सकते हैं। इसके अलावा, संतरा पेट की सेहत के लिए भी अच्छा है, क्योंकि इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। इन हेल्दी विकल्पों और खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करके आप न केवल शुगर लेवल को नियंत्रित कर सकते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकते हैं।

# पेट दर्द हो सकता है गॉल ब्लैडर स्टोन का संकेत

**इसके लक्षण और उपचार**



आजकल गॉल ब्लैडर में स्टोन यानी पथरी की समस्या काफी आम हो गई है। अक्सर लोग अपने आसपास किसी न किसी व्यक्ति के बारे में सुनते हैं कि उसके गॉल ब्लैडर में स्टोन हो गया और उसे सर्जरी करानी पड़ी। यह समस्या धीरे-धीरे बढ़ती है और कई बार शुरुआत में इसके लक्षण साफ दिखाई नहीं देते। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सर्वे के अनुसार भारत में लगभग 8 प्रतिशत लोग गॉल ब्लैडर से जुड़ी समस्याओं से प्रभावित हैं। डॉ. अनिल अरोड़ा, एचओडी गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी डिपार्टमेंट, सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली से बाताते हैं, ÷गलत खानपान, ज्यादा तला-भुना खाना, मोटापा और अनियमित जीवनशैली इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। समय पर ध्यान न देने पर यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए इसके बारे में सही जानकारी होना बहुत जरूरी है।

**कब होती है समस्या-** पाचन के लिए आवश्यक एंजाइम को सुरक्षित रखने वाले इस महत्वपूर्ण अंग से जुड़ी सबसे प्रमुख समस्या यह है कि इसमें स्टोन बनने की आशंका बहुत अधिक होती है, जिन्हें गॉल स्टोन कहा जाता है। दरअसल, जब गॉल ब्लैडर में तरल पदार्थ की मात्रा सूखने लगती है तो उसमें मौजूद चीनी-नमक और अन्य माइक्रोन्यूट्रीएंट तत्व एक साथ जमा होकर छोटे-छोटे पत्थर टुकड़ों जैसा रूप धारण कर लेते हैं, जिन्हें गॉलस्टोन्स कहा जाता है। ये दो तरह के होते हैं- कोलेस्ट्रॉल और पिगमेंट। कोलेस्ट्रॉल स्टोन पीले-हरे रंग के होते हैं। ओबेसिटी से पीड़ित लोगों और स्त्रियों में कोलेस्ट्रॉल स्टोन्स की समस्या नजर आती है। जब ब्लैडर में ब्लैक या ब्राउन कलर के स्टोन्स नजर आती हैं तो पिगमेंट स्टोन्स कहा जाता है। ऐसी स्टोन्स शुद्ध कैल्शियम बिलिरुबिनेट से बनी होती हैं। आमतौर पर जब गॉल ब्लैडर में अनकॉन्जुगेटेड बिलिरुबिन नामक तत्व अधिक मात्रा में जमा हो जाता है तो इससे पिगमेंट स्टोन्स की समस्या होती है।

**प्रमुख लक्षण-** शुरुआती दौर में गॉलस्टोन के लक्षण नज़र नहीं आते। जब समस्या बढ़ जाती है तो गॉल ब्लैडर सूजन, संक्रमण या पित्त के प्रवाह में रुकावट होने लगती है।

ऐसी स्थिति में लोगों को पेट के ऊपरी हिस्से की दायीं तरफ दर्द,अधिक मात्रा में गैस की फार्मेशन, पेट में भारीपन, वोमिटिंग, पसीना आना जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**क्या है वजह-** शारीरिक सक्रियता और एक्सरसाइज़ की कमी, अधिक मात्रा में घी-तेल और मिर्च-मसाले के सेवन को इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है। लंबे समय तक गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन करने या हॉर्मोन रिप्लेस्मेंट थेरेपी लेने वाली स्त्रियों में भी इसकी आशंका बढ़ जाती है। मोटापा घटाने वाली दवाओं की साइड इफेक्ट से भी गॉल ब्लैडर में स्टोन हो सकता है।

**क्या है उपचार-** अगर शुरुआती दौर में इसके लक्षणों के बारे में मालूम हो जाए तो इस समस्या को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। ज्यादा गंभीर स्थिति में सर्जरी की जरूरत पड़ती है। आजकल लेप्रोस्कोपी द्वारा इसकी सर्जरी करके गॉल ब्लैडर को ही शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है और सर्जरी के दो-तीन महीने बाद मरीज़ पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है। सर्जरी के बाद लोगों को सादा और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी जाती है। इसके पंद्रह दिनों के बाद व्यक्ति सक्रिय जीवनशैली अपना सकता है।

**यह भी है जरूरी-** इस समस्या से बचाव के लिए बादाम और अखरोट का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। अपने खानपान में दलिया, मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटी, सोयाबीन, ओट्स, अंकुरित अनाज, पपीता, गाजर, सेब और अमरूद जैसी फाइबर युक्त चीज़ों को प्रमुखता से शामिल करें। फिश और फ्लैक्स सीड में ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो इस समस्या से बचाव में मददगार होता है। रोज़ाना आठ-दस ग्लास पानी पीएं और अपने खानपान में तरल पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं।

# वजन कम करने में फायदेमंद हो सकता है प्याज

प्याज में मौजूद भरपूर मात्रा में फाइबर आपके पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और भूख को नियंत्रित करता है, जिससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं। आइए जानते हैं कि वेट लॉस जर्नी में प्याज किन तरीकों से शामिल किया जा सकता है। **कच्चा प्याज का सलाद :** कच्चे प्याज का सलाद डाइजेशन को बेहतर बनाता है और वजन को काबू रखने में मदद करता है। आप इसे अन्य सब्जियों के साथ मिलाकर भी खा सकते हैं। **नींबू-शहद के साथ प्याज का रस :** सुबह खाली पेट नींबू और शहद के साथ प्याज का रस पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और कैलोरी तेजी से बर्न होती है।

**प्याज का सूप :** फाइबर से भरपूर प्याज का सूप कम कैलोरी वाला और पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे नियमित रूप से खाने से पेट भरा रहता है और एक्स्ट्रा कैलोरी लेने से बचा जा सकता है।

**ग्रीन स्मूदी में प्याज :** पा क, खीरा और पुदीना के साथ प्याज मिलाकर बनाई गई ग्रीन स्मूदी शरीर को पोषण देने के साथ-साथ वजन घटाने में भी मदद करती है। **प्याज की चाय :** प्याज, अदरक और दालचीनी से बनी चाय शरीर को डिटॉक्स करती है और वजन घटाने में मददगार होती है।

# बेहतर करें मेटाबॉलिज्म अपनाएं ये महत्वपूर्ण आदतें



मेटाबॉलिज्म, या चयापचय, हमारे शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह निर्धारित करता है कि हमारा शरीर भोजन को कैसे प्रोसेस करता है और उसे ऊर्जा में कैसे बदलता है। जबकि मेटाबॉलिज्म का कुछ हिस्सा जेनेटिक्स पर निर्भर करता है, जीवनशैली में कुछ आसान आदतें अपनाकर हम इसे सक्रिय और स्वस्थ रख सकते हैं। यहां तीन प्रभावी तरीके दिए गए हैं, जिनसे आप अपने मेटाबॉलिज्म को बेहतर बना सकते हैं।

**प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन-** अच्छे मेटाबॉलिज्म के लिए प्रोटीन बेहद महत्वपूर्ण है। प्रोटीन पचाने में शरीर को अधिक कैलोरी खर्च करनी पड़ती है, जबकि वसा या कार्बोहाइड्रेट पचाने में कम। इसलिए, अपनी डाइट में प्रोटीन वाले फूड जैसे अंडे, पनीर, दाल, और छोले शामिल करें। ये न केवल मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखते हैं, बल्कि मांसपेशियों को बनाने और बनाए रखने में भी मदद करते हैं, जो चयापचय को बढ़ावा देता है।

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एचआईआईटी एक्सरसाइज-** स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और उच्च तीव्रता वाली अंतराल ट्रेनिंग मेटाबॉलिज्म को मजबूत बनाने के प्रभावी तरीके हैं। एचआईआईटी न केवल व्यायाम के दौरान कैलोरी तेजी से बर्न करता है, बल्कि इसके बाद भी मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है। इसी तरह, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग मांसपेशियों के विकास में सहायक होती है, जो मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सप्ताह में कम से कम 2-3 बार इन गतिविधियों को शामिल करें।

**अधिक चलें-फिरें**

यदि आपकी सिटिंग जॉब है या आप लंबे समय तक बैठते हैं, तो अपने दिनचर्या में सक्रियता शामिल करना जरूरी है। लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें, लंच ब्रेक के दौरान छोटी वॉक पर जाएं, और जब भी फोन पर बात करें, टहलने की कोशिश करें। डेस्क पर हल्की स्ट्रेचिंग या योग करने से भी मदद मिलती है। लंबे समय तक बैठने से मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, इसलिए छोटी-छोटी गतिविधियां भी इसे सक्रिय रखने में महत्वपूर्ण होती हैं।

**पर्याप्त नींद लें-** नींद का मेटाबॉलिज्म पर गहरा प्रभाव होता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे) न लेने से शरीर में तनाव हार्मोन बढ़ सकते हैं, जो चयापचय को धीमा कर सकते हैं।

**पानी पिएं-** पर्याप्त मात्रा में पानी पीना मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। पानी पीने से शरीर में कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया सक्रिय होती है। एक अध्ययन के अनुसार, ठंडा पानी पीने से शरीर को पानी को गर्म करने के लिए अधिक कैलोरी खर्च करनी पड़ती है।

**हर्बल चाय और कॉफी का सेवन-** ग्रीन टी और कॉफी में कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में सहायक होते हैं। सीमित मात्रा में इनका सेवन करें ताकि आप ऊर्जा स्तर बनाए रख सकें।

**छोटे और नियमित भोजन करें-** दिन में छोटे-छोटे अंतराल पर भोजन करना मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है। इससे शरीर को लगातार ऊर्जा मिलती रहती है और मेटाबॉलिज्म धीमा नहीं होता। उच्च तनाव स्तर मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकता है। योग, ध्यान, या अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों का अभ्यास करें, ताकि आप तनाव को कम कर सकें और मेटाबॉलिज्म को स्थिर रख सकें। मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने के लिए ये 7 सरल उपाय प्रभावी हैं। प्रोटीन युक्त आहार, नियमित स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, और सक्रिय रहने की आदतें न केवल आपके चयापचय को बढ़ावा देंगी, बल्कि आपके समग्र स्वास्थ्य को भी सुधारेंगी। अपने जीवनशैली में इन परिवर्तनों को शामिल करें और अपने मेटाबॉलिज्म को सक्रिय बनाएं।

# रोजाना खाली पेट खजूर खाने के फायदे



हेल्दी लाइफस्टाइल बनाने के लिए अच्छी डाइट, रेगुलर एक्सरसाइज, भरपूर नींद और जल्दी उठने जैसी आदतें जरूरी हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री और फिट रखने में मदद करती हैं। इसके अलावा, कुछ फलों को अपनी डाइट में शामिल करना भी आपकी सेहत को बेहतर बना सकता है। एक ऐसा फल है खजूर, जो आपके शरीर के लिए बेहद फायदेमंद है। इसे सुबह खाली पेट खाना और अपने मॉर्निंग रूटीन में शामिल करना बहुत लाभकारी हो सकता है। आप इसे रात भर पानी में भिगोकर या कच्चा भी खा सकते हैं। अगर आप हर दिन 2 खजूर खाते हैं, तो इससे आपके शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि हर दिन 2 खजूर खाने के फायदे क्या हैं।

**एनर्जी का अच्छा स्रोत :** खजूर में नेचुरल शक्कर, जैसे ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज होती है, जो तुरंत शरीर को एनर्जी देते है। अगर आप दिन की शुरुआत में 2 खजूर खाते हैं, तो आपको दिनभर की ताजगी और एनर्जी मिलती है। ये खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद हैं जो दिनभर मेहनत करते हैं।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 3 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे तृतीया तिथौ शुक्र वासरे 11/21/ श्रवण नक्षत्रे 11/47/ विष्कुम्भ योग 17/00/ भद्रा करणे 11/21/ कुम्भ राशिगत चन्द्रमा घं.12 मि.34पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक प्रारम्भ घं.24मि.21पर। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी।

**मेष :** श्रम संघर्ष प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होगा। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्राओं की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** अच्छी दशा वालों को मित्र मिलाप एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। घरेलू कार्य का बोझ तनाव दे सकता है।

**मीन :** अधूरे कार्यों का निपटारा करना आपको तनाव दे सकता है। अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना पड़ेगा।

# 21 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी दो दुकानों के लाइसेंस रद्द



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के फतेहपुर तहसील में जिला प्रशासन ने खरीफ सीजन में उर्वरक की कालाबाजारी रोकने और किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों ने 21 उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सात उर्वरकों के नमूने लिए गए और लगातार बंद मिलीं दो दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए।जिला कृषि अधिकारी राजित राम के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मेसर्स वैष्णवी खाद भंडार, इस्माइलपुर और यादव खाद भंडार, रसूलपुर विशुनपुर के प्रतिष्ठान पूर्व एवं वर्तमान निरीक्षणों में लगातार बंद पाए गए। इसके परिणामस्वरूप, उनके उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निरस्त कर दिए गए।इसके अतिरिक्त, आंचल खाद भंडार, लक्ष्मी खाद भंडार, परी खाद भंडार, गुप्ता ट्रेडर्स-मिठवारा, पोरवाल खाद भंडार, मौर्या खाद एवं बीज भंडार, पंकज मौर्या खाद भंडार, अंकित मौर्या बीज भंडार, नेहा खाद भंडार, भारत कृषि सेवा केंद्र बेलहरा, लक्ष्मी किसान सेवा केंद्र, शिवशक्ति कृषि सेवा केंद्र, सिंह ट्रेडर्स उमरी भिरिया, वर्मा खाद भंडार तथा श्री कृष्णा पेस्टीसाइड एवं खाद भंडार छेदा सहित कई अन्य प्रतिष्ठान भी बंद मिले। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।कृषि विभाग ने सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठान पर रेट और स्टॉक बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही, पीओएस मशीन के माध्यम से किसानों को बिना किसी टैगिंग के निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। बिक्री पंजिका का रिकॉर्ड भी अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं।जिला कृषि अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि अधिक मूल्य वसूली, टैगिंग या बिना रसीद उर्वरक बिक्री की शिकायत मिलती है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।किसानों से अपील की गई है कि जनपद में यूरिया के 6,27,802 बैग, डीएपी के 2,61,000 बैग और एनपीके के 4,43,780 बैग पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज कर दिया है। हिंद इंस्टीट्यूट में अवध क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने 82 विधानसभा क्षेत्रों के 377 मंडल अध्यक्षों के साथ चुनावी रणनीति पर गहन मंथन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवादी विचारधारा का ध्वज वाहक बताया।श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं में निहित है।उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंडल में शक्ति केंद्र और बूथ अध्यक्षों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए। इसके साथ ही, संगठन की योजनाओं की समीक्षा की जाए और प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जाए।धर्मपाल सिंह ने मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया।

# जनता दर्शन के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देशन में जनता दर्शन व्यवस्था का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। प्रतिदिन (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनपद, तहसील, ब्लॉक एवं नगर निकाय स्तर पर अधिकारी अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतें सुन रहे हैं तथा उनका समयबद्ध एवं संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। जनता दर्शन की कार्यवाही की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे शिकायतों के निस्तारण की गति एवं गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जा रही है।इसी क्रम में आज आयोजित जनता दर्शन में आवेदिका श्रीमती फूलकुमारी निवासिनी ग्राम बनार फतेहपुर ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही आवेदिका को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन संबंधी प्रकरण में आज ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के क्रम में श्री रामनरेश, निवासी तिलोकपुर द्वारा आगामी 15 मई को त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा प्रकरण का परीक्षण करते हुए 19 मई को विद्युत बिल संशोधित कर दिया गया, जिसके उपरांत शिकायतकर्ता द्वारा संशोधित बिल का भुगतान भी कर दिया गया।इसी प्रकार श्रीमती राधा देवी, निवासी मनोधरपुर, तहसील हैदरगढ़ द्वारा आगामी 08 मई को उनके खेत में आबादी क्षेत्र के नाबदान का पानी जाने संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पुलिस एवं राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की सहमति से खेत की ओर जाने वाले पानी को बंद करा दिया, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्या का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित हुआ।एक अन्य प्रकरण में राजेन्द्र प्रसाद, निवासी डिहुवा, फतेहपुर द्वारा त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल की शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा जांच कर मीटर रीडिंग के अनुसार विद्युत बिल संशोधित किया गया तथा शिकायतकर्ता को दूरभाष के माध्यम से इसकी सूचना भी उपलब्ध करा दी गई।

## खबर एक नजर

### वन माफिया के विरुद्ध हुई जुर्माना की कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** अवैध कटान मिलने पर वन दरोगा द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की गई। सुबेहा क्षेत्र के फारेस्टर अनुज कुमार सिंह को सूचना मिली कि सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम कमेला में ठेकेदार द्वारा अवैध कटान किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे वन दरोगा द्वारा जांच में सात पेड़ हरे कलमी आम का कटान पाया गया ।जिसे ठेकेदार इकरार अहमद द्वारा काटा गया था जिस पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया ।

### हल्का लेखपाल की मिलीभगत से नहीं मिल रहा अधिवक्ता को न्याय

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** हल्का लेखपाल की मिली भगत से अधिवक्ता को न्याय नहीं मिल रहा है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शुकुलपुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अधिवक्ता ऋषभ ओझा निवासी ग्राम पुरे कल्याण मजरे शुकुलपुर के द्वारा द्वारा कई बार तहसीलदार हैदरगढ़ को व थाना दिवस सुबेहा में ग्राम समाज व नवीन परति के साथ चकमार्ग पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है अधिवक्ता ऋषभ ओझा की मांग है कि नवीन परती की गाटा संख्या 349 में मेराज अहमद पुत्र वाजिद अली और वहीं पर स्थित चकमार्ग पर व गाटा संख्या 163 पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा किए हुए हैं। कई बार लिखित प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है इस संबंध में हल्का लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने कहा है कि टाइम निकालकर नाप कर दिया जाएगा।

### धोखाधड़ी के दोषी को चार वर्ष की कैद

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा धोखाधड़ी के अपराध से सम्बन्धित अभियुक्त को 04 वर्ष का कारावास व 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए 'ऑपरेशन कनविक्शन' कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सफदरगंज पर धोखाधड़ी के अपराध की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 250/2021 धारा 419/420/471 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त जायसराम (जैसराम) पुत्र कामाख्या निवासी टेढ़वा पूरब थाना कोठी जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0-19 बाराबंकी द्वारा 04 वर्ष का कठोर कारावास व 15,000/ रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात शव

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे गुरुवार को एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मोहारी स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास करीब 28 वर्षीय अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। बुढ़वल रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पहचान के लिए मर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है तथा आसपास के थानों से भी संपर्क कर गुमशुदगी के मामलों का मिलान कराया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### निर्मित विकास कार्यों का प्रमुख ने किया लोकार्पण

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के सिरौलीगौसपुर ब्लॉक परिसर में आज करीब 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने सार्वजनिक शौचालय, ब्लॉक सभागार के सौंदर्गीकरण और नवनिर्मित प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य ब्लॉक परिसर को जनता के लिए अधिक सुविधाजनक और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय से ग्रामीणों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को विशेष राहत मिलेगी।ब्लॉक प्रमुख ने आगे कहा कि बेहतर माहौल से लाभार्थियों को अच्छा अनुभव मिलेगा। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी कार्य करना आसान होगा और फाइलों का निस्तारण तेजी से हो सकेगा।उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र पंचायत निधि से गांवों में इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और जल निकासी जैसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रेरणा कैंटीन के माध्यम से ब्लॉक आने वाले लोगों को उचित दर पर नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत वर्मा और मुस्काबाद ग्राम प्रधान चंद्रभान रावत, ओंन मियां सहित कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाकियू भदौरिया ने किया संगठन का विस्तार

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन (भदौरिया) केंद्रीय कार्यालय शिव मंदिर गणेशपुर बहरामघाट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया द्वारा रमेश कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम बडनपुर ब्लाक रामनगर जिला बाराबंकी को ब्लॉक सचिव रामनगर पद पर मनोनीत किया गया एवं रविंद्र कुमार को ग्राम अध्यक्ष बडनपुर एवं रामखेलावन पुत्र नन्हा को ग्राम अध्यक्ष गुजौली बहराइच पद पर मनोनीत किया गया एवं रामनरेश ग्राम अध्यक्ष रायपुर बहराइच एवं संजय कुमार ग्राम अध्यक्ष भेड़िया बाराबंकी एवं शिवकुमार ग्राम अध्यक्ष सिदवाही बाराबंकी एवं शिवराज को सदस्य मनोनीत किया गया।

# बाढ़ सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जल शक्ति मंत्री

## अधिकारियों को समय से पहले व्यवस्थाये पूर्ण करने के दिए निर्देश



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को रामनगर क्षेत्र में बाढ़ कार्य खंड की विभिन्न बाढ़ सुरक्षा एवं गांव बचाव परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद लोधेश्वर महादेवा मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की। मंत्री ने सबसे पहले निर्माणाधीन तीन ठोकरों का निरीक्षण किया। यहां अधिकांश कार्य पूरा मिला, जबकि साइड पिचिंग का कुछ कार्य शेष था। उन्होंने इसे 15 जुलाई तक पूरा कराने के निर्देश दिए। ठोकरों की नोज के निर्माण की सराहना करते हुए ठोकर संख्या तीन की लंबाई, नोज की चौड़ाई एवं गहराई की जानकारी ली। इसके बाद किमी 40 पर तिवारी पुरवा गांव बचाव परियोजना का निरीक्षण कर बोरियों से की गई पिचिंग देखी और शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा । निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश में 337 बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं संचालित हैं, जिनमें अधिकांश का कार्य पूरा हो चुका है। शेष परियोजनाओं को भी समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जा रहा है, ताकि किसानों की फसलों और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बाढ़ के दौरान लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।मंत्री ने लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से इसका विकास किया जा रहा है। कॉरिडोर बनने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पूनिरीक्षण के बाद स्थानीय डाक बंगले में मंत्री ने सिंचाई, जल जीवन मिशन एवं नलकूप परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।इस दौरान पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, एसडीएम आनंद कुमार तिवारी, बाढ़खंड अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह,तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार सहित लखनऊ एवं अयोध्या मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस पर पथराव एवं जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, रामनगर, बाराबंकी।** कटियारा गांव के पास हाइवे पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव के मामले में पुलिस ने कार्रवाई जारी रखते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। एहतियात के तौर पर गांव में तीसरे दिन भी पुलिस और पीएसी बल तैनात है तथा लगातार गश्त की जा रही है।गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व कटियारा गांव निवासी 21 वर्षीय जितेंद्र का शव फांसी के फंदे से लटका मिला था। परिजनों ने प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने लखनऊ-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया था।हाईवे खाली कराने के दौरान प्रदर्शन उग्र हो गया और पुलिस पर पथराव हुआ। इस घटना में कोतवाल सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए थे तथा पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए थे। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी पीएसी बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित कराया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था।घटना के संबंध में हल्का उपनिरीक्षक की तहरीर पर विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। गुरुवार को पुलिस ने ग्राम कुट्टी निवासी धर्म सिंह उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी की तैनाती जारी है।

# खूनी संघर्ष में मरे वृद्ध का हुआ अंतिम संस्कार



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** कोतवाली क्षेत्र के बरावा गांव के अंतर्गत आने वाले पूरे मेहरबान में दो पक्षों में बुधवार को हुए जमीनी विवाद में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई थी वहीं सात अन्य घायलों का इलाज अभी भी जारी है। गुरुवार शाम 4 बजे जैसे ही पोस्ट मार्टम के बाद मृतक भगवानदीन का शव उनके गांव पहुंचा। परिजन एक बार फिर आक्रोशित हो गए और शव को दरवाजे पर रखकर जोरदार प्रदर्शन करने लगे। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और लोगों ने पुलिस क्षेत्रधिकारी पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैऔर उन्हें हटाने की मांग की। मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय लोनिकटरा प्रभारी अभिमन्यु मल्ल सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रही। परिजनों द्वारा पूर्व प्रधान पिंटू सिंह की गिरफ्तारी एवं सीओ को न हटाये जाने तक अंतिम संस्कार न करने के फैसले के बाद प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी प्रसाशन व प्रधान प्रतिनिधि बृजेश सिंह व पूर्व प्रधान रामकुमार सिंह के काफी समय तक समझाने बुझाने के बाद शव को शमशान तक पहुंचाया गया। जहां पुलिस एवं प्रशासन की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया । मौके पर पूर्व विधायक राम मगन रावत जिला पंचायत सदस्य धीरज यादव महादेव पाठक अधिवक्ता बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू के साथ-साथ हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही । अंतिम संस्कार हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सास ली। यहां पर मौजूद पूर्व विधायक राम मगन रावत एवं युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी ने अन्य नामजद आरोपियों को भी तत्काल गिरफ्तार करके कठोर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

# दो पालियों में 8,175 अभ्यर्थियों ने दी टीईटी परीक्षा



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** तीन दिवसीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। पहले दिन दो पालियों में कुल 8,175 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,281 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे।जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें राजकीय इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चिलिकी, नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज पासी नगर जैदपुर और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बरौलीजाटा जैसे प्रमुख केंद्र शामिल हैं।तीन दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 23,640 अभ्यर्थी आवंटित किए गए हैं, जो पांच पालियों में परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और पहचान पत्रों का मिलान करने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया गया। अनुकूल मौसम के कारण परीक्षार्थियों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को भी राहत मिली।पहले दिन की पहली पाली में 4,728 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,050 उपस्थित हुए, जबकि 678 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 4,728 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,125 ने परीक्षा दी और 603 गैरहाजिर रहे। इस प्रकार, पहले दिन कुल 9,456 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 8,175 ने परीक्षा में भाग लिया।अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पूरी परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी बनाए रखी।

# विधायक ने सरकार की योजनाओं का किया बखान



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के निन्दूरा विकास खंड की ग्राम पंचायत डफरपुर में आज शाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन' के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और 'विकसित भारत' के संकल्प के बारे में जानकारी दी।विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार रोजगार, आजीविका, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रही है।उन्होंने आगे कहा कि जनजागरण अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को इन सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें इनका लाभ दिलाना है।इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों से उनकी कुशलक्षेम पूछी और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।कार्यक्रम में निन्दूरा के विकास खंड अधिकारी अमन कुमार, जिला मंत्री रजनीश कुमार वर्मा, डॉ. रामकुमार गिरि, विशाल सिंह, प्रदीप रावत, पंकज वर्मा, अभय सिंह, अशोक रावत और चंदन वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष योगेंद्र पटेल ने किया। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# केडी सिंह बाबू स्मृति संग्रहालय निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पद्मश्री के.डी. सिंह 'बाबू' के पैतृक आवास पर विकसित किए जा रहे स्मृति संग्रहालय के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं तकनीकी विशिष्टताओं के अनुरूप ही कराया जाए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्मृति संग्रहालय के निर्माण के दौरान भवन की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखा जाए तथा रिस्टोरेशन कार्य मूल स्वरूप के अनुरूप ही संपादित किए जाएं, जिससे इस ऐतिहासिक धरोहर की मौलिक पहचान सुरक्षित रह सके।उन्होंने कहा कि यह स्मृति संग्रहालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनपद की खेल विरासत का प्रतीक एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होगा। इसलिए संग्रहालय के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। साथ ही आगंतुकों की सुविधाओं, परिसर के समुचित विकास, पार्किंग व्यवस्था तथा संग्रहालय की उपयोगिता से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## खबर एक नजर

### युवक पर चढ़ा दी कार, प्रधान प्रतिनिधि समेत चार पर जानलेवा हमला की प्राथमिकी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल गांव के प्रधान प्रतिनिधि अनुज उपाध्याय समेत तीन लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला की प्राथमिकी दर्ज हुई है। आरोप है कि इन्होंने गांव के एक व्यक्ति के जान से मारने की नियति से कार चढ़ा दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार शाम की है। पट्टी रहस कैथवल गांव निवासिनी सावित्री उपाध्याय का कहना है कि बुधवार की शाम को गांव के महेंद्र कांत उपाध्याय अपने भतीजे सोनू उपाध्याय के साथ घर के सामने मंदिर के पास खड़े थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर प्रधान प्रतिनिधि अनुज उपाध्याय ए गांव के आलोक उपाध्याय और प्रशांत उपाध्याय कार से आए और जान से मारने की नियति से सोनू के ऊपर कार चढ़ा दी। जिससे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद सोनू को वो लोग अपहृत करके ले जाने लगे। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो वह लोग भाग गए। घटना के बाद घायल को तत्काल ऊंचाहार सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार्यवाहक कोतवाल संजय शर्मा ने बताया कि मामले में जान से मारने की नियति से कार चढ़ाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि को हिरासत में ले लिया है।

### शक्ति केंद्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना भाजपा की मिश्रित शक्ति

**ऊंचाहार, रायबरेली।** शक्ति केंद्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना भाजपा की त्रिशक्ति है और यही त्रिशक्ति निश्चित विजय सुनिश्चित करेगी। यह विचार बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने अपने कैंप कार्यालय में शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने शक्ति केंद्र सशक्तिकरण के साथ संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना भाजपा की त्रिशक्ति है और यही त्रिशक्ति निश्चित विजय सुनिश्चित करेगी। ईमानदारी, प्रतिबद्धता और जुझारूपन ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान और राष्ट्र नव निर्माण ही लक्ष्य है। बूथ तथा मंडल के बीच शक्ति केंद्र सेतु का काम करता है। मजबूत शक्ति केंद्र से मजबूत बूथ तैयार होंगे और हर बूथ पर संगठन की मजबूती से विजय की नींव तैयार होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, महामंत्री विकास श्रीवास्तव, अरविंद शर्मा, विनीत कौशल, रीना पाल, राजेंद्र यादव, राकेश पाल आदि मौजूद थे।

### योजना समिति में नामित होने पर धनराज यादव का हुआ अभिनंदन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार देहात के प्रधान धनराज यादव को जिला योजना समिति का सदस्य नामित किए जाने पर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए आशा व्यक्त की कि इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। गुरुवार को ऊंचाहार मुख्य चौराहा के पास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। सभी ने उनको माला पहनाकर, फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि धनराज यादव के जिला योजना समिति में जाने से ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्हें उम्मीद है कि प्रधान जी क्षेत्र की समस्याओं को जिला स्तर पर प्रभावी तरीके से रखेंगे और ऊंचाहार देहात के लिए अधिक से अधिक योजनाएं स्वीकृत कराएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डन यादव, राकेश पाल, भानु यादव, विमलेश पाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### साझा कीं बचपन की यादें

**रायबरेली।** सुमित कुमार ने बताया कि उनके पिता किशोर कुमार अपने स्टेज शो में अक्सर ईना मीना डीका गाया करते थे। उन्होंने अमित कुमार और किशोर कुमार की मंचीय जुगलबंदी से जुड़ी बचपन की यादें भी साझा कीं। यह प्रसंग सोनी पर इंडियन आइडल के किशोर कुमार स्पेशल एपिसोड में सामने आया।

### कार और स्कूटी की भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज फतेहपुर मुख्य मार्ग पर बाईपास के निकट मंगलवार रात कार और स्कूटी की आमने सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अम्बारा पश्चिम गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक वाजपेई पुत्र हरिवंश वाजपेई लालगंज से अपने घर लौट रहा था। वहीं पूरे जबर गांव निवासी 20 वर्षीय सचिन उर्फ दिव्यांश पुत्र रामसुमेर और उदवामऊ गांव निवासी अंकित भी स्कूटी से लालगंज से अपने घर जा रहे थे। बाईपास के निकट कार और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अभिषेक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं सचिन करीब आधे घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। सूचना मिलने पर परिजन उसे बाइक से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अभिषेक की हालत गंभीर होने पर उसे भी जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उनका आरोप था कि यदि सचिन को समय रहते अस्पताल पहुंचाया गया होता तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### ब्रजभूषण ने 93 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय के बीएससी छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्र ब्रजभूषण ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफलता पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्राचार्य प्रो पुष्पा बरनवाल ने बताया कि अनुष्का ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं जैस्मिन, तृप्ति और कृति ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा 25 से अधिक छात्र छात्राओं ने 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि बैसवारा महाविद्यालय जिले का एकमात्र महाविद्यालय है जिसे नैक से प्रत्यायन प्राप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्था के तहत नैक से प्रत्यायित महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा रहा है।

### बेकाबू बाइक सीएनजी ऑटो से भिड़ी, युवक गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के उदवावामऊ गांव के निकट जगतपुर भिचकौरा मोड़ पर बृस्पतिवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे सीएनजी ऑटो से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ऑटो में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। अम्बारा पश्चिम गांव निवासी दुर्गेश 38 पुत्र राजाबाबू बाइक से अपनी मौसी के घर से वापस लौट रहे थे। जगतपुर भिचकौरा मोड़ स्थित नहर पुलिया के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे सीएनजी ऑटो से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस के जरिए घायल दुर्गेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं पहने था।

# वायरल वीडियो ने खोली स्वास्थ्य विभाग की निगरानी की पोल

### बछरावां के निजी नर्सिंग होमों में कथित अवैध ऑपरेशन का खेल, जिम्मेदारों पर उठे गंभीर सवाल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** बछरावां क्षेत्र में संचालित निजी नर्सिंग होम एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली, निरीक्षण व्यवस्था और निजी अस्पतालों में चल रही कथित अनियमितताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि वायरल वीडियो में किए जा रहे दावे सही साबित होते हैं, तो यह मामला केवल नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ और पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न होगा। वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि सलोन निवासी तथा वर्तमान में लखनऊ के कल्ली पश्चिम क्षेत्र में एक निजी अस्पताल का संचालन करने वाला धर्मेंद्र कुमार यादव, जो स्वयं को डीके सिंह नाम से परिचित कराता है और जिसके बारे में ओटी टेक्नीशियन होने का दावा किया जा रहा है, बछरावां के कुछ निजी नर्सिंग होमों में महिलाओं की बच्चेदानी के ऑपरेशन करता दिखाई दे रहा है। हालांकि, इस वीडियो और उससे जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। यदि जांच में यह आरोप सही पाए जाते हैं, तो सबसे बड़ा सवाल यह होगा कि शल्य चिकित्सा करने की वैधानिक पात्रता न रखने वाला कोई व्यक्ति ऑपरेशन थिएटर तक कैसे पहुंचा? क्या संबंधित अस्पतालों के संचालकों ने नियमों को ताक पर रख दिया था? और यदि यह गतिविधियां लंबे समय से चल रही थीं, तो स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण, लाइसेंस सत्यापन और निगरानी की पूरी व्यवस्था आखिर किस काम की थी? क्षेत्र में लंबे समय से यह चर्चा रही है कि कुछ निजी नर्सिंग होमों में मानकों की अनदेखी कर गंभीर ऑपरेशन किए जा रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र की विफलता भी मानी जाएगी। सवाल यह भी है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों ने शिकायतों और संकेतों को नजरअंदाज किया, या फिर निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित रह गए? जनपदवासियों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग की है। साथ ही वायरल वीडियो की फोरेंसिक जांच, संबंधित अस्पतालों के ऑपरेशन रिकॉर्ड, चिकित्सकों की वैधानिक योग्यता और लाइसेंस की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग भी तेज हो गई है। अब नजरें स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पर टिकी हैं। जनता यह जानना चाहती है कि क्या इस मामले में केवल औपचारिक जांच होगी या फिर जिम्मेदारों पर वास्तविक कार्रवाई भी होगी। यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर धब्बा होगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय किए बिना इस मामले पर पर्दा डालना आसान नहीं होगा।

# एनएसपीएस त्रिपुला में वन महोत्सव का शुभारंभ, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में एक जुलाई से प्रारम्भ होने वाले वन महोत्सव की शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई, इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित पौधरोपण अभियान में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रस्तुत लघु नाटिका के माध्यम से कुशाग्र श्रीवास्तव ने कथावाचक नैरेटर के रूप में प्रेरणादायक विचार जो व्यक्ति एक वृक्ष लगाता है, वह आशा बोता है, जीवन को पोषित करता है और आने वाली पीढ़ियों को भविष्य का उपहार देता है को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद सत्यार्थ एवं तावी ने वृक्षारोपण से जुड़े ष्क्या करें और क्या न करेंष् विषय पर जानकारी दी तथा श्रेया और ध्रुव ने वृक्षों के लाभ एवं पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में अन्वी ने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं।

प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। शिवलखन प्रजापति ने बताया कि वन महोत्सव केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने का अभियान है। इस अवसर पर फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, शाहीन खान, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गढ़ा के प्राचीन गोसाईं बाबा धाम पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ विशाल दुरदुरिया समारोह



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** विकासखंड छतोह क्षेत्र के ग्राम गढ़ा, राजापुर स्थित प्राचीन गोसाईं बाबा धाम पर विशाल दुरदुरिया समारोह श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में ग्राम सभा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विशेष रूप से सैकड़ों महिलाओं ने विधि-विधान से दुरदुरिया पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखते हैं तथा समाज में भाईचारा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं भीम मौर्य ने आयोजन की सफलता का श्रेय गांव की माताओं-बहनों और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग को दिया। समारोह में दुरदुरिया पूजन की पावन कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण कराया गया। इसके बाद भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय गायन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने गोसाईं बाबा के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन ग्राम सभा गढ़ा के इन्द्रपाल मौर्य, सुरेश शुक्ल, गुड्डू यादव, राजेश मौर्य, विशम्भर पासी, राकेश मौर्य तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छतोह अनुराग द्विवेदी, राम भवन त्रिपाठी, रामेश्वर मिश्र, शिवभूषण शुक्ला, नरेन्द्र मौर्य, जितेन्द्र यादव, पंकज त्रिपाठी, राम खेलावन यादव, गोपीचंद पासवान, सदाशिव यादव, सत्य नारायण यादव, मोती लाल मौर्य, पूर्व बीडीसी रामनाथ पासवान, रतीपाल पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर संपन्न हुआ।

# डीएम ने रिंग रोड फेज-02 के निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज रिंग रोड फेज-02 के निर्माणाधीन कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना 04 लेन की परियोजना है, जिसकी कुल लम्बाई लगभग 22 कि0मी0 हैए कार्य पूर्ण करने की समय सीमा 30 अप्रैल 2027 निर्धारित है, कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 55 प्रतिशत हैए परियोजना में 03 आरओबी एवं 04 मेजर जंक्शन लखनऊ रोड, कानपुर रोड, फतेहपुर डलमऊ रोड एवं प्रयागराज रोड शामिल है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि रिंग रोड फेज-02 जनपद की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के साथ.साथ शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए कार्य को समयबद्ध पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक विशाल यादव, अधिशासी अभियंता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय वरुण वार्ष्णेय सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाधान न हुआ तो अनशन करेंगे अधिवक्ता, आंदोलन जारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** तहसील प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच चल रहा गतिरोध बृहस्पतिवार को भी खत्म नहीं हो सका। बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन का धरना लगातार जारी रहा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो अधिवक्ता अनशन पर बैठेंगे। धरना स्थल पर हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद के अध्यक्ष समेत अन्य उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्रनाथ सिंह ने बताया कि प्रभारी तहसीलदार पर पत्रावलियों में मनमाने ढंग से आदेश पारित करने का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की गई थी। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने तीन बार जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। बताया कि 5 जून को जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए एसडीएम को जांच अधिकारी नामित कर रिपोर्ट मांगी थी। आरोप है कि अब तक न तो जांच पूरी हुई और न ही कोई कार्रवाई की गई। इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी है। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ बिनय भदौरिया ने कहा कि प्रशासन की ओर से शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो धरना जारी रहेगा और आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए अनशन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर शैलेश त्रिवेदी, ज्योतिरेंद्र मिश्र, सीबी सिंह, दलबहादुर सिंह, वीरेंद्र चौहान, शिवशंकर पांडेय, घनश्याम यादव, राजबहादुर मौर्य, संजय अवस्थी, विनोद मौर्य, वीरेंद्र वर्मा, अशोक शुक्ला, पंकज मिश्रा, शेर बहादुर यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाई बहन गम्भीर रूप से झुलसे, इलाज के दौरान मौत







**स्वतंत्र भारत संवाददाता, खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव सराय महमूद मजरे किशुनखेड़ा में गुरुवार को दोपहर बाद बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाई बहन गम्भीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने दोनों को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां पहुंचते ही डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी से सूचना मिलने पर सीएचसी खीरों पहुंची खीरों पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजस्व विभाग की टीम ने सीएचसी खीरों पहुंचकर पीड़िता परिवार से घटना की जानकारी ली। सरायमहमूद मजरे किशुनखेड़ा निवासिनी शिवकांती पासवान ने बताया कि मेरे पति विजय पासवान लुधियाना में सिलाई करते हैं। मैं घर पर अपने बच्चों अभिषेक उर्फ अभी पासवान 8, अंजली पासवान 6 और अंकुश पासवान 6माह के साथ रहती हूं। कस्बा खीरों के नटराज पब्लिक स्कूल में मेरे बच्चे अभिषेक कक्षा .2 और बेटी अंजली कक्षा यूकेजी के छात्र हैं। गुरुवार को दोपहर लगभग एक बजे मेरे दोनों बच्चे विद्यालय से घर पहुंचे। दोपहर में बारिश बन्द होने के बाद मैं अपने तीनों बच्चों के साथ खेतों की तरफ जा रही थी। मेरा बेटा अभिषेक उर्फ अभी पासवान और बेटी अंजली पासवान मुझसे कुछ दूर आगे छाता लगाकर जा रहे थे। इसी दौरान छाते पर बिजली गिर गई और अभिषेक उर्फ अभी पासवान और अंजली पासवान गम्भीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी खीरों पहुंचाया गया। जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी से सूचना मिलने पर सीएचसी खीरों पहुंची खीरों पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्रीय लेखपाल आशीष सिंह के साथ राजस्व विभाग की टीम ने सीएचसी खीरों पहुंचकर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। इस घटना से दोनों मृतकों की मां शिवकांती, पिता विजय पासवान सहित सभी परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच और कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# सेवा, सम्मान और अधिकार दिलाने में जाति नहीं जमात का सम्मान-मनोज कुमार पाण्डेय

### मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के जन सम्मान समारोह कार्यक्रम में उमड़े 10 हजार से अधिक लोग।



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने ऊंचाहार बाबूगंज नेवादा में आयोजित विशाल जन सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये श्री पाण्डेय ने कहा कि जातियों को देखने के बहुत स्थान होते हैं लेकिन जमात के अभूतपूर्व गठबंधन को देखना हो तो लोग ऊंचाहार आयें। श्री पाण्डेय ने कहा कि अपने निजी स्वार्थों के लिए जाति की बात करने वाले लोग शायद खुद ही भूल गये हैं जिन्होने जाति के नाम पर समाज को बांटने का और उनके अधिकारों से वंचित करने का कार्य किया। जिन्होंने सरकारी नौकरियों में योग्यता और शिक्षा को दरकिनार करते हुये लाखो नवयुवकों को उनके अधिकारों से व नौकरियों से वंचित किया हो, आज जब देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों पर विश्वास करके पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे रही है तो वह लोग जो सत्ता में रह करके दलितों अति पिछड़ों को अधिकारों से वंचित किया था वह सत्ता पाने के लिए असत्य का सहारा लेकर ढोंग रचने का काम कर रहे हैं लेकिन जनता है यह कुछ भूली नहीं है, जनता समय आने पर मुंह तोड़ जवाब देगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आज सभी को सामान्य रूप से सबको सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, और सबका साथ, सबका विकास एवं सबको अधिकार दिया जा रहा है, यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की जनता ने मन बना के रखा है कि गरीबों का हक बचाना है तो भाजपा को ही लाना है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि आने वाले दिनों में पात्रों को खाद्यान्न सामाग्री में और सरलता और सुगमता दिये जाने पर बड़ा निर्णय लेने का काम किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जनसभा को सम्बोधित करते हुये अभिलाष चन्द्र कौशल ने कहा कि हम सबको आज संकल्प लेना है कि मंत्री के हाथों को एकजुट होकर मजबूत करना है, जिससे सभी को न्याय मिले एवं अन्तिम पायदान पर खड़े को उसका अधिकार एवं सम्मान मिले। ऊंचाहार मण्डल अध्यक्ष पवन सिंह ने उक्त जनसभा में आये हुये सभी बुजुर्ग, नौजवान, महिलाओं को आश्वस्त किया कि ऐसे विकास पुरूष मनोज कुमार पाण्डेय जो सदैव सभी के सुख दुख में खड़े रहते हैं, सदैव जनता के बीच में बने रहते हैं, उनके हाथों को मजबूत करके ही हम सभी लोगों का सम्मान व अधिकार बना रहेगा। उन्होंने कहा कि श्री पाण्डेय जी सबका साथ, सबका विकास, सबका अधिकार के नारे पर काम करते हैं, उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये बधाई दिया। उक्त जन सम्मान कार्यक्रम के आयोजक प्रधान प्रमोद सिंह फौजी, अरूण सिंह आदि ने मंत्री मनोज पाण्डेय को दान तुला करके मिठाई वितरित की एवं मंत्री को फूल-मालाओं से स्वागत करके आभार प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख जगतपुर दल बहादुर सिंह, प्रधान आशीष तिवारी, प्रधान पवन तिवारी, महेश सिंह, ननकऊ मिश्रा, प्रधान अशोक गौतम, प्रधान गिरधारी, प्रधान महादेव पाल, प्रधान ब्लाक प्रमुख राकेश पासी, प्रधान बृजेश यादव, रज्जन दुबे, राजेन्द्र तिवारी बाबा, बैजनाथ पाठक, प्रधान अजय गुप्ता, प्रधान विदुर तिवारी, प्रधान बजरंगी पासी, प्रधान शेखर, नागेन्द्र मिश्रा, प्रधान पचखरा गोलू सिंह, संजय सिंह, रमणेश सिंह सहित हजारों की संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# तीन घंटे की बारिश में तैरने लगा इंदौर

**इंदौर।** इंदौर में मानसून ने जुलाई महीने के पहले ही दिन अपनी जबरदस्त आमद दर्ज कराई है। दिनभर की तेज धूप और भीषण उमस के बाद शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। शाम करीब छह बजे आसमान में काले



### तालाब बने पॉश इलाके

बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हुई और देखते ही देखते मूसलधार बरसात होने लगी। महज तीन घंटे की इस तेज बारिश में शहर में लगभग ढाई इंच पानी बरस गया।
मौसम विभाग के अनुसार यह इस सीजन और जुलाई महीने के पहले ही दिन की सबसे जोरदार बारिश दर्ज की गई है।
इस नई बारिश को मिलाकर अब तक सीजन की कुल वर्षा सात इंच तक पहुंच चुकी है। देर रात तक भी शहर के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुककर रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं और गुरुवार सुबह से भी आसमान में घने बादल छाए हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी शहर में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। बुधवार शाम को हुई इस तेज बारिश का व्यापक असर शहर के लगभग हर हिस्से में देखने को मिला। पूर्वी रिंग रोड पर स्थित रोबोट चौराहे से लेकर पश्चिमी क्षेत्र के फूटी कोठी चौराहे तक अधिकांश प्रमुख मार्गों और चौराहों पर घुटनों तक पानी भर गया। इस जलभराव के कारण वाहन चालकों को घंटों तक पानी से भरी सड़कों के बीच रास्ता खोजने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। जलभराव की मार सबसे ज्यादा रिहायशी इलाकों पर पड़ी। पश्चिमी क्षेत्र के सुदामा नगर, द्वारकापुरी, प्रजापत नगर, साईं बाबा नगर, ऋषि पैलेस, अहीरखेड़ी और स्कीम नंबर इक्यावन सहित कई निचली बस्तियों और कॉलोनियों में पानी लोगों के घरों के भीतर तक प्रवेश कर गया। द्वारकापुरी क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था ठप होने से रहवासियों को गंदे पानी के घरों में घुसने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह सड़कें जलमग्न होने से दोपहिया वाहन और ऑटो चालक सड़क के गड्ढों में फंसकर परेशान होते रहे। बारिश के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त नजर आई। एबी रोड, रसोमा चौराहा, रेडिसन चौराहा, रोबोट चौराहा, बॉम्बे हॉस्पिटल, देवास नाका, निरंजनपुर और निपानिया जैसे सबसे व्यस्त मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और भारी जाम की स्थिति बन गई। सड़कों पर वाहन घंटों तक रेंगते रहे जिसके कारण नौकरीपेशा और आम लोगों को अपने घर पहुंचने में सामान्य से कहीं ज्यादा समय लगा।

## बम की धमकी देने वाला गिरफ्तार

# देश के बड़े संस्थानों को भेजी थी फर्जी ईमेल पुलिस ने गाजियाबाद से ऐसे पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एनआईए, इसरो, डीआरडीओ और एयर इंडिया की उड़ान सहित कई संगठनों को बम की फर्जी धमकी के ईमेल भेजने के आरोप में गाजियाबाद के एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय निशांत त्यागी का 2008 से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा है।



अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को भेजे गए ईमेल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) के मुख्यालय सहित कई उच्च-सुरक्षा वाले प्रतिष्ठानों में बमों के रखे होने का दावा किया गया था। नई दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के लिए भी एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था, जिससे तत्काल सुरक्षा जांच शुरू की गई और कई एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि सभी संबंधित संगठनों और सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया गया और मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया, और धमकियां फर्जी पाई गई। घटना के बाद, पुलिस ने छानबीन शुरू की और तकनीकी जांच के दौरान, पुलिस ने दो मेल खातों का विश्लेषण किया, जिनके बारे में संदेह है कि उनका इस्तेमाल ईमेल भेजने के लिए किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि ईमेल रिकॉर्ड की विस्तृत जांच से जांचकर्ताओं को खातों से जुड़ा एक मोबाइल नंबर मिला। तकनीकी निगरानी का उपयोग करते हुए, पुलिस टीम को 30जून को पता चला कि संदिग्ध उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के संयोग नगर में है। उन्होंने कहा कि पुलिस स्थान पर पहुंची और निशांत त्यागी नामक संदिग्ध को उसके घर से पकड़ लिया।


## महबूबा मुफ्ती खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी

**ईरान ने विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी पार्टी की नेता महबूबा मुफ्ती को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का न्योता मिला है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती 3 से 6 जुलाई के बीच तेहरान में होने वाले ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। उन्हें ईरान ने भारत की विशेष अतिथि के तौर पर आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। महबूबा ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। जिंदगी में एक बार मिलने वाला ऐसा अवसर है। मैं खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने तेहरान जाऊंगी। ईरान भाजपा, कांग्रेस और पीडीपी के नेताओं के अलावा जैन संत आचार्य लोकेश मुनि को भी न्योता भेज चुका है। भारत सरकार की ओर से विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। ईरान का अनुमान है कि अंतिम यात्रा में 1.5 से 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं, जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा राजकीय अंतिम संस्कार होगा।

## दिल्ली रिज में पत्थर पर मिली रहस्यमयी नक्काशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सेंट्रल रिज में जैव-विविधता का अध्ययन करने पहुंचे दो पर्यावरणविदों को क्वार्टजाइट की एक चट्टान पर रहस्यमयी नक्काशी मिली है। उनका कहना है कि यह खोज अहम हो



### वैज्ञानिक जांच के बाद ही खुलेगा राज

सकती है लेकिन इसकी उम्र और ऐतिहासिक महत्व का पता केवल विस्तृत वैज्ञानिक और पुरातात्विक जांच के बाद ही चल सकेगा। पर्यावरणविद् प्रदीप कृष्णन और चेतन अग्रवाल नियमित रूप से सेंट्रल रिज की जैव-विविधता और वनस्पतियों का दस्तावेजीकरण करते हैं। हाल ही में पोलो ग्राउंड के पास भ्रमण के दौरान चेतन अग्रवाल की नजर जमीन से बाहर निकली एक बड़ी क्वार्टजाइट चट्टान पर बने असामान्य निशानों पर पड़ी। प्रदीप कृष्णन ने बताया कि वे पहले भी कई बार उस स्थान पर जा चुके थे लेकिन इस बार इन नक्काशीदार निशानों पर ध्यान गया। बाद में उन्होंने एक इतिहासकार को भी मौके पर बुलाया, जिन्होंने शुरुआती तौर पर इन्हें पेट्रोग्लिफ्स यानी पत्थर पर उकेरी गई प्राचीन आकृतियां होने की संभावना जताई। कृष्णन ने स्पष्ट किया कि वह पेट्रोग्लिफ्स के विशेषज्ञ नहीं हैं, इसलिए इनकी उम्र के बारे में कोई दावा नहीं किया जा सकता।
उनके अनुसार, नक्काशी काफी घिस चुकी है और क्वार्टजाइट जैसे कठोर पत्थर पर बने होने के कारण यह लंबे समय से मौजूद हो सकती है। हालांकि, यह कहना अभी संभव नहीं है कि ये सैकड़ों, हजारों या कुछ वर्ष पुरानी हैं। प्रदीप कृष्णन ने बताया कि चट्टान पर दो तरह के पैटर्न दिखाई देते हैं। एक में सात-आठ कप जैसे गोल गड्ढे एक सीध में बने हैं, जबकि दूसरे में सीढ़ी जैसी दो आकृतियां समकोण पर बनी हुई हैं।
उनका कहना है कि यह किसी पुराने खेल का बोर्ड भी हो सकता है या फिर सजावटी डिजाइन लेकिन यह केवल व्यक्तिगत अनुमान है। पुरातत्वविद् डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि अरावली दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, इसलिए यहां इस तरह की पत्थर की नक्काशी मिलना असामान्य नहीं है।

## 'हम आखिरी दम तक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे'

**इंदौर।** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड एक बार फिर सुर्खियों में है। सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद से मृतक राजा रघुवंशी का परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा है। अब मेघालय सरकार द्वारा सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले का परिवार ने स्वागत किया है। राजा रघुवंशी के परिजनों का



### राजा की मां उमा रघुवंशी बोलीं

### सुप्रीम कोर्ट जाएगी मेघालय सरकार

कहना है कि उन्हें भरोसा है कि उनके बेटे को न्याय जरूर मिलेगा। परिवार ने मेघालय सरकार के इस निर्णय के लिए आभार जताते हुए कहा कि सरकार का यह कदम न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि राजा रघुवंशी की हत्या शिलांग में हुई थी। आरोप है कि उन्हें ऊंची पहाड़ी से धक्का देकर मार दिया गया। इस मामले में पुलिस ने राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हाल ही में सोनम को जमानत मिलने के बाद परिवार ने इसका कड़ा विरोध जताया था। मृतक की मां उमा रघुवंशी ने भावुक होकर कहा, मेरे आंसू अभी सूखे भी नहीं थे कि मेरे बेटे की हत्या की आरोपी उसकी पत्नी सोनम को जमानत मिल गई। उस अदालत से हंसते हुए बाहर आते देखकर हमारा दिल टूट गया। एक पल को लगा कि शायद हमें न्याय नहीं मिलेगा, लेकिन अब मेघालय सरकार के सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले से हमारी उम्मीद फिर जागी है। हमें पूरा विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट न्याय करेगा और दोषियों को सजा मिलेगी। हम अपने बेटे को न्याय दिलाने की लड़ाई आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

## एक नजर

### इंदौर के स्कूल व हॉस्टल कैंटीनों का निरीक्षण

**दो स्कूल कैंटीनों पर जड़ा ताला**

**इंदौर।** शहर के एक स्कूल में खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद कई बच्चों के बीमार पड़ने की घटना के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार स्कूलों और हॉस्टलों की कैंटीनों का निरीक्षण कर रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को कई स्कूलों में कार्रवाई करते हुए दो कैंटीनों को सील कर दिया गया।
खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बिचोली मर्दाना रोड स्थित अग्रवाल पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के हॉस्टल की कैंटीन में भोजन निर्माण और साफ-सफाई को लेकर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच के समय स्कूल के इंचार्ज कालीचरण तिवारी मौजूद थे।
टीम ने भोजन निर्माण में उपयोग किए जा रहे पानी के नमूने लेने के साथ-साथ पोहा, चना, तुअर दाल, आटा और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भी जांच के लिए एकत्र किए। निरीक्षण के दौरान रसोईघर में गंदगी मिलने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से हॉस्टल की मेस में संचालित खाद्य गतिविधियां बंद कर कैंटीन को सील कर दिया।

### विभाजन के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं : भागवत

**उन्होंने संपत्ति नहीं, देश चुना ताकि बिना डरे अपने धर्म का पालन कर सकें**

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले लोगों को शरणार्थी कहना सही नहीं है। वे %संघर्ष के योद्धा% थे, जिन्होंने कई पीढ़ियों की बनाई जमीन, कारोबार और संपत्ति छोड़कर भारत को चुना। उन्होंने कहा कि ये लोग इसलिए भारत आए, क्योंकि यहां बिना डर अपने धर्म का पालन कर सकते थे। भारत को एक रखने की लड़ाई हम सब हार गए थे, लेकिन उन्होंने अपना विश्वास नहीं छोड़ा। भागवत ने बुधवार को नागपुर में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह में ये बातें कही। इसी दौरान ऋस्स ने 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में होने वाली अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का भी ऐलान किया। शिक्षा का मकसद केवल रोजगार नहीं, अच्छे इंसान बनाना है। सही-गलत की पहचान सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि शिक्षकों के व्यवहार और उनके दिए संस्कारों से भी होती है। इसाान के हालात या किस्मत के सामने हार नहीं माननी चाहिए। मुश्किलों से लड़ने वाला ही आगे बढ़ता है, जबकि चुनौतियों से भागने वाला पहले ही हार मान लेता है।

### अत्याचार : महिला के साथ शर्मनाक हरकत

**बाल काटे-कपड़े फाड़े और जूते की माला पहनाकर घुमाया**

**उज्जैन।** दूसरे पति के साथ गांव लौटी महिला को पहले पति के परिवार ने पकड़ लिया। उसके बाल काटे गए, कपड़े फाड़े गए और जूतों की माला पहनाई गई। महिला को उसके दूसरे पति के साथ गांव में घुमाया गया। महिला-पुरुष का जुलूस निकालने की खबर मिलते ही पुलिस पहुंची। तीन को हिरासत में लिया गया। आठ की तलाश में दबिश दी जा रही है।मामला झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हरनिया वेना से सामने आया है। थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बताया कि थाना भवन से 20 किलोमीटर दूर गांव से एक व्यक्ति द्वारा कॉल किया गया और बताया कि गांव में रहने वाली महिला और युवक का कुछ लोगों द्वारा जुलूस निकाला जा रहा है। महिला के बाल काट दिए गए हैं, उसके कपड़े भी फाड़े हैं। युवक को भी इसी तरह से महिला के साथ जूतों की माला पहनाई गई है। मामला संवेदनशील होने पर तत्काल पुलिस हरनिया वेना गांव पहुंची। पुलिस को देख कुछ लोग भाग निकले। मौके से तीन को पकड़ा गया, जिसमें सुमेरसिंह, बद्रीलाल और कचरू है। तीनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। महिला और युवक को भी पुलिस साथ लेकर आई। पूछताछ और जांच करने पर सामने आया कि घटना में महिला के पूर्व पति का परिवार और गांव के लोग शामिल है। थाना प्रभारी के अनुसार 11 लोगों के खिलाफ मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

## मोहर्रम जुलूस का खतरनाक स्टंट पड़ा भारी

**उज्जैन।** उज्जैन के बड़नगर में मोहर्रम जुलूस के दौरान किया गया खतरनाक स्टंट अब आरोपियों को भारी पड़ रहा है। क्रेन से हवा में लटकाई गई कबाड़ वैन में पटाखे फोड़ने से भीड़ की जान जोखिम में डालने वाले तीन मुख्य आरोपियों पर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर रासुका लगा दिया गया है। थाना बड़नगर पुलिस ने तीनों को केंद्रीय भैरूगढ़ जेल भेज दिया है। मामले की गंभीरता देखते हुए एटीएस और बीडीएस



### वैन विस्फोट मामले में तीन आरोपियों पर रासुका

भी जांच में शामिल हो गई हैं। 23-24 जून की रात बड़नगर के अड़ान मोहल्ले से निकले मोहर्रम जुलूस में जय स्तंभ चौक पर सनसनीखेज नजारा देखने को मिला। क्रेन की मदद से करीब 40 फीट ऊंचाई पर एक पुरानी टाटा मैजिक वैन को लटकाया गया। आरोप है कि पहले दो युवक वैन पर चढ़कर झंडे लहराते रहे। उनके उतरने के बाद वैन के भीतर रखे रॉकेट और सुतली बमों में आग लगा दी गई। बंद खिड़कियों के कारण अंदर दबाव बना और तेज विस्फोट हो गया। वैन के कांच और लोहे के टुकड़े नीचे मौजूद भीड़ की ओर बिखरे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पुलिस के मुताबिक बड़ा हादसा हो सकता था। थाना बड़नगर पुलिस ने इसे लोक शांति भंग करने और जनसुरक्षा को खतरा मानते हुए कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण करणदीप सिंह और एसडीओपी महेंद्र परमार के मार्गदर्शन में आरोपी शोएब पिता गब्बू, जाहिद पिता भुरू और तपसील उर्फ तस्लीम पिता नाहरू पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के तहत निरुद्ध आदेश जारी किए गए। एक जुलाई 2026 को तीनों को कड़ी सुरक्षा में जिला जेल से केंद्रीय भैरूगढ़ जेल शिफ्ट किया गया। पुलिस ने बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है। विस्फोट में इस्तेमाल वैन पर ले फिर आ गए लिखा था। एटीएस और बम निरोधक दस्ता इस संदेश सहित पूरी साजिश की जांच कर रहे हैं। मुख्य आरोपी ने पूछताछ में इसे अखाड़ों के बीच प्रतिस्पर्धा का स्टंट बताया है। पुलिस इस दावे की भी तहकीकात कर रही है। अब तक इस प्रकरण में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# हिमाचल में विदेशी एजेंसियां कर रहीं एआई से निगरानी

**शिमला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश के सरकारी विभागों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के अन्य उपकरणों के सावधानीपूर्वक उपयोग के लिए

### गृह मंत्रालय ने किया अलर्ट

अलर्ट किया है। विदेशी एजेंसियां राज्य में इन तकनीकों का उपयोग कर निगरानी कर रही हैं। इनमें से कुछ एजेंसियां हिमाचल प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक संस्थानों में चल रहे अनुसंधान कार्यों पर भी नजर रखे हुए हैं। मंत्रालय ने सरकारी विभागों को एआई के इस्तेमाल में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। यह कदम विदेशी ताकतों की ओर से संवेदनशील जानकारी तक पहुंच बनाने के संभावित खतरे को देखते हुए उठाया गया है।
इस अलर्ट का उद्देश्य राज्य के महत्वपूर्ण डेटा और प्रणालियों को सुरक्षित रखना है। बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक एजेंसी ने इस संबंध में एक कार्यशाला करवाई। सूत्रों के अनुसार इस कार्यशाला में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। विभिन्न अन्य महकमों के प्रतिनिधि अधिकारी भी इसमें उपस्थित रहे। कार्यशाला में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने एआई के सुरक्षित उपयोग के लिए दिशानिर्देश भी प्रस्तुत किए। विदेशी एजेंसियां हिमाचल प्रदेश में एआई और आईटी के विभिन्न उपकरणों का उपयोग कर रही हैं। इनकी नजर राज्य के महत्वपूर्ण डाटा और गतिविधियों पर है। यह निगरानी राज्य की सुरक्षा और गोपनीयता के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इन एजेंसियों का ध्यान विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों में हो रहे अनुसंधान कार्यों पर है। वे इन संस्थानों की ओर से किए जा रहे अन्य विषयों से संबंधित गतिविधियों पर भी नजर रख रही हैं। केंद्रीय मंत्रालय की एजेंसी की ओर से करवाई गई कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को जागरूक करना रहा। इसमें एआई और आईटी उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के तरीकों पर चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि कैसे विदेशी एजेंसियां इन तकनीकों का दुरुपयोग कर सकती हैं। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सरकारी कामकाज में एआई का उपयोग सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से हो।

## नैनीताल की मॉल रोड पर अब नहीं बजेगा हॉर्न

**नैनीताल।** नैनीताल की मॉल रोड पर अब हॉर्न के शोरगुल पर प्रतिबंध लगने जा रहा है। प्रशासन ने इसके लिए नियम लागू किए हैं जो एक अगस्त से प्रभावी होंगे। इसके लिए जागरूकता अभियान और पोस्टर लगाने की कवायद भी इसी सप्ताह से शुरू होगी। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नैनीताल की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए



### एक अगस्त से लागू होगा प्रतिबंध

महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मंडलायुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त सभागार में एक बैठक हुई। इसमें नैनीताल की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल बनाने पर जोर दिया गया। मंडलायुक्त रावत ने कहा कि मॉल रोड यहां की पहचान है जहां पर्यटक शांत वातावरण में भ्रमण का आनंद लेते हैं। अनावश्यक हॉर्न से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर्यटकों के अनुभव को प्रभावित करता है। डीएम और एसएसपी इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करेंगे। तल्लीताल डांठ से हनुमानगढ़ी बैंड तक झील के आसपास का क्षेत्र नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है। बैठक में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन और पुलिस विभाग को बिना वैध फिटनेस वाले सरकारी या निजी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे वाहनों को तत्काल सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निजी वाहनों की ओर से व्यावसायिक टैक्सी संचालन रोकने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। रूसी बाईपास को आधुनिक पार्किंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित पार्किंग में पर्यटकों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और दुकानें होंगी। सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## कश्मीर की तुलैल घाटी में फटा बादल



**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज क्षेत्र की तुलैल घाटी में बुधवार को बादल

### अचानक आई बाढ़ से सड़क बह गई

फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इस प्राकृतिक आपदा के कारण इलाके की एक महत्वपूर्ण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई है।
बादल फटने के बाद किशनगंगा नाले का जलस्तर भी तेजी से बढ़ गया। पानी का बहाव अचानक बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बरती जा रही है।
प्रशासन और संबंधित विभाग हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने लोगों से नदी-नालों के किनारे जाने से बचने और मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन सड़क को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## बेंगलुरु डे-केयर में तीन साल की बच्ची से बेरहमी

**बाथरूम में बंदकर जेट से पानी डाला, वॉशिंग मशीन में बैठाया शिकायत करने वाले को निकाला**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस स्थित एक डे-केयर सेंटर में 2-3 साल के बच्चों के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। 29 जून को घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। वीडियो में टॉयलेट में बंद बच्चा फर्श पर रोता दिखाई दे रहा है, जबकि एक महिला उसका वीडियो बना रही है। दूसरे वीडियो में बच्चे को टॉयलेट सीट पर बैठाकर उसके चेहरे पर जेट स्प्रे से पानी डाला जा रहा है। एक अन्य वीडियो में बच्चे को फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन के ड्रम में बैठाकर डराया जा रहा है। मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने पांच महिला केयरगिवर्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी ने इस घटना की जानकारी मैनेजमेंट को दी थी लेकिन कार्रवाई करने के बजाय उसे नौकरी से निकाल दिया गया। डीसीपी सैदुलु अडावथ ने कहा कि डे-केयर में आने वाले बच्चे कैंपस में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के हैं, जिन्हें उनके माता-पिता ड्यूटी के दौरान यहां छोड़ते थे। वीडियो देखकर माता-पिता और अधिकारी दोनों हैरान रह गए। बच्चों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद गंभीर है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि डे-केयर सेंटर का संचालन सीधे कैपजेमिनी कर रही थी या कंपनी परिसर में किसी बाहरी एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। पांचों महिला कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कर्नाटक राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। आयोग अधिकारियों से रिपोर्ट मांगेगा और अपने स्तर पर जांच करेगा। प्रोबेशन अधिकारी तिलकेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों को लंबे समय से डेकेयर में बच्चों के साथ गलत व्यवहार होने का संदेह था, लेकिन इस सप्ताह कुछ परेशान करने वाले वीडियो सामने आने के बाद ही इसके सबूत मिले।



# आईटी शेयरों की दमदार लिवाली से बाजार में रिकॉर्ड तेजी, सेंसेक्स 579 और निफ्टी 170 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को चौतरफा खरीदारी के चलते शानदार रौनक देखने को मिली। दिग्गज आईटी कंपनियों के शेयरों में आई भारी लिवाली और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई बड़ी गिरावट के कारण दोनों मुख्य घरेलू सूचकांक रिकॉर्ड मजबूती के साथ बंद हुए।

**सूचकांक मजबूत बंद-** गुरुवार को कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स 579.48 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,502.12 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 169.86 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती दिखाते हुए 24,175.70 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार की इस तेजी ने निवेशकों के सेंटिमेंट को नया बूस्ट दिया। रुपया डॉलर के मुकाबले 24 पैसे कमजोर होकर 95.40 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



**तेल कीमत गिरावट-** इस तेजी के पीछे सबसे बड़ा ट्रिगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट रही। वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश तेल आयात करता है, इसलिए कीमतों में गिरावट से उद्योगों की लागत कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ।

**बिक्री में बढ़त-** जून 2026 में कंपनी की घरेलू बिक्री 129 प्रतिशत बढ़कर 3,006 यूनिट और कुल बिक्री 8,346 यूनिट रही।निसान मोटर इंडिया के सौरभ वत्स ने इसे ग्राहकों के बढ़ते भरोसे और 9 जुलाई को होने वाले निसान टेक्टॉन के वर्ल्ड प्रीमियर से जोड़ा।

### आईटी सेक्टर चमका

गुरुवार के कारोबार में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर बाजार की तेजी का सबसे बड़ा अगुआ साबित हुआ। निफ्टी आईटी इंडेक्स 3.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप आईटी इंडेक्स में भी जोरदार खरीदारी रही। एचसीएल टेक का शेयर पांच प्रतिशत उछला, जबकि बजाज फिनसर्व में करीब तीन प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

**निवेश में बढ़ोत्तरी-** अंजली रतन की मौजूदगी में इलेक्ट्रिक बाइक आरवीएक्स 1.24 लाख से शुरू की गई। लॉन्च के साथ हार्दिक पंड्या वाला इंडिया करेगा रेवॉल्ट ब्रांड अभियान रेवॉल्ट मोटर्स की तरफ से शुरू किया गया।

### सेक्टर्स रहे मजबूत

आईटी के अलावा मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और केमिकल सेक्टर्स में भी अच्छी खरीदारी देखने को मिली। हालांकि, मीडिया सेक्टर ही ऐसा रहा, जिसके सूचकांक में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

### वैश्विक संकेत सकारात्मक

घरेलू बाजार को मजबूत वैश्विक संकेतों का भी सहारा मिला। जापान का टोपिक्स और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट में रहा। अमेरिकी एसएंडपी 500 फ्यूचर्स और यूरो स्टॉक्स 50 फ्यूचर्स भी बढ़त में कारोबार करते दिखे।

# सोने में 3,000 की तेजी, दिल्ली में 10 ग्राम का भाव 1.47 लाख के पार; चांदी 5,000 उछली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में दो दिनों की गिरावट पर ब्रेक लगाते हुए पीली धातु ने एक बार फिर जोरदार वापसी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में 3,000 की भारी तेजी दर्ज की गई, जिसके बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,47,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख और अमेरिकी डॉलर में आई कमजोरी ने घरेलू सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की मांग को दोबारा हवा दे दी है। इस तेजी से शादी-ब्याह के सीजन में खरीदारी करने वालों की जेब पर असर पड़ना तय है।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, बुधवार को सोने का बंद भाव 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिसमें 3,000 रुपये (करों सहित) की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त बनाए रखते हुए चांदी का भाव 5,000 रुपये उछलकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (करों सहित) पर बंद हुआ। इससे पिछले सत्र में चांदी 2,35,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि सोने की मांग जहां अंतरराष्ट्रीय रैली के बाद सुधरी है, वहीं औद्योगिक और निवेश मांग के कारण चांदी लगातार मजबूत हो रही है।

### कमजोर डॉलर और वैश्विक बाजारों ने कैसे बदला घरेलू माहौल?

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का भाव 1 प्रतिशत यानी 38.75 डॉलर की तेजी के साथ 4,070.04 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी का भाव भी 1.3 प्रतिशत बढ़कर 59.89 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किया गया। बाजार के जानकारों के मुताबिक, इस तेजी के पीछे कमजोर डॉलर सूचकांक एक बड़ा कारक रहा है। दरअसल, बैंक ऑफ जापान द्वारा जापानी येन को मजबूत करने के लिए किए गए हस्तक्षेप की रिपोर्ट के बाद अमेरिकी डॉलर में नरमी देखी गई। कमजोर डॉलर के कारण अन्य मुद्राएं रखने वाले खरीदारों के लिए सोना सस्ता हो जाता है, जिससे वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ती है और कीमतों को समर्थन मिलता है।

### फेडरल रिजर्व के रुख का बाजार पर क्या असर हुआ?

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमल गांधी के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श का नरम रुख इस तेजी की बड़ी वजह रहा। उन्होंने बाजार की उम्मीदों से कम सख्त (लेस हॉकिश) रुख अपनाया, जिससे ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी की चिंताएं कम हो गईं और सोने की कीमतें ऊपर चली गई÷। इसके अलावा, कतर के दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ता में हुई प्रगति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए बयान ने भी बाजार की धारणा पर सकारात्मक असर डाला है।

### दूसरी छमाही को लेकर विश्लेषकों का क्या अनुमान?

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एनालिस्ट मानव मोदी का कहना है कि निवेशक अब अमेरिका के नॉन-फार्म पेरोल आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। यह रिपोर्ट श्रम बाजार की मजबूती और फेडरल रिजर्व के अगले नीतिगत कदम की दिशा तय करेगी, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकता है। वहीं, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने अपने दृष्टिकोण में कहा है कि साल की दूसरी छमाही सर्राफा बाजार के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, जहां ब्याज दरों की उम्मीदें और भू-राजनीतिक घटनाक्रम कीमतों के सबसे बड़े चालक बने रहेंगे।

# प्राइवेट कंपनी में हर महीने की कितनी तारीख तक सैलरी आ जानी चाहिए? नियम जानें

अपनी आजीविका चलाने के लिए लोग अलग-अलग तरह के काम करते हैं। कोई अपना बिजनेस करता है तो कोई नौकरी करता है जिसमें सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह की नौकरी शामिल हैं। हालांकि, ये हम सभी जानते हैं कि एक बड़ा तबका प्राइवेट कंपनी में काम करता है और कई कंपनियों में तो लोगों को सैलरी भी काफी देरी से मिलती है। ऐसे में आपको लिए ये जानना जरूरी हो जाता है कि प्राइवेट कंपनी में सैलरी मिलने को लेकर सरकारी नियम क्या कहते हैं।



### क्या कहता है नियम?

भारतीय श्रम कानून Payment of Wages Act और हालिया श्रम संहिता की मानें तो, प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों की सैलरी हर महीने की 7 तारीख तक आ जानी चाहिए। हालांकि, इसमें कुछ और नियम जुड़ते हैं जैसे- कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से भी सैलरी की तारीख निर्भर करती है

### 7 तारीख को लेकर क्या है नियम?

जिस कंपनी में 1000 से कम कर्मचारी हैं। ऐसी कंपनियों में हर महीने की 7 तारीख तक सैलरी देनी होती है। एक महीना काम करने के बाद अगले महीने की 7 तारीख को सैलरी देने का नियम है

### 10 तारीख को भी मिलती है सैलरी

कंपनियां ऐसी भी हैं जहां हर महीने अधिकतम 10 तारीख तक सैलरी देने का समय मिलता है। पर ये सिर्फ उन बड़ी कंपनियों में हो सकता है जिनमें 1000 से अधिक कर्मचारी हैं। अगर सैलरी की तारीख को छुट्टी है, तो कब आनी चाहिए सैलरी?

मान लीजिए कि अगर सैलरी वाले दिन छुट्टी है। जैसे- अगर सैलरी वाली तारीख को रविवार या कोई सार्वजनिक अवकाश है। तो ऐसे में कंपनी को उससे पहले कार्य दिवस पर कर्मचारियों को सैलरी देनी होती है। कोई कर्मचारी नौकरी छोड़ दे तो फुल एंड फाइनल कब तक होना चाहिए? अगर किसी कर्मचारी ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है या किसी कंपनी ने कर्मचारी को निकाला है।

## तीन साल में बदली श्रीलंका की तस्वीर

### विश्व बैंक ने उच्च-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था की श्रेणी में किया शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने तीन साल पहले आए भीषण आर्थिक संकट के बाद उल्लेखनीय आर्थिक वापसी दर्ज की है।** विश्व बैंक ने अपनी नवीनतम वैश्विक आय वर्गीकरण रिपोर्ट में श्रीलंका को %निम्न-मध्यम आय% वाले देशों की सूची से हटाकर %उच्च-मध्यम आय% वाली अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में शामिल कर लिया है। यह बदलाव 2025 में दर्ज मजबूत आर्थिक सुधार के आधार पर किया गया है। विश्व बैंक के अनुसार, 2022 में व्यापक आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका आर्थिक पतन के कगार पर पहुंच गया था। इसके बाद विभिन्न उद्योगों में सुधार, पर्यटन गतिविधियों में तेजी और वित्तीय सेवाओं के विस्तार के चलते 2025 में देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पांच प्रतिशत रही। संस्था ने इसे श्रीलंका की आर्थिक पुनर्बहाली का महत्वपूर्ण संकेत बताया है।

# सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत देती है कई आर्थिक लाभ

## चेक करें कौन है पात्र और कौन नहीं

**नई दिल्ली।** क्या आप किसी सरकारी योजना से जुड़े हैं? दरअसल, राज्य सरकारें हों या फिर केंद्र सरकार, ये अपने-अपने स्तर पर कई तरह की लाभकारी और कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। इसी क्रम में एक योजना है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जिसे केंद्र सरकार चलाती है। इस योजना के तहत कई तरह के आर्थिक लाभ मिलते हैं, लेकिन क्या आप इस योजना से जुड़ सकते हैं?



### किन्हें मिलता है पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ?

जो लोग लोहार का काम करते हैं, जो नाव निर्माता हैं, मोची/जूता बनाने वाले कारीगर। पत्थर तोड़ने वाले, नाई यानी बाल काटने वाले, जो अस्त्रकार हैं, धोबी और दर्जी, अगर आप मालाकार हैं हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, गुड़िया और खिलौना निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाले, फिशिंग नेट निर्माता। पत्थर तराशने वाले, जो ताला बनाने वाले हैं, जो लोग मूर्तिकार हैं, जो लोग राजमिस्त्री हैं पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने के बाद क्या लाभ मिलते हैं? इस योजना से जुड़ने के बाद लाभार्थियों को कुछ दिनों की एडवांस ट्रेनिंग दी जाती है। जब तक ये ट्रेनिंग चलती है, तब तक रोजाना 500 रुपये का स्टाईपैंड लाभार्थियों को दिया जाता है इस योजना के तहत अपना काम करने के लिए सस्ती ब्याज दर पर लोन भी दिया जाता है। इसमें पहले 1 लाख रुपये का लोन दिया जाता है जिसे 18 महीनों में लौटाना होता है। फिर आप 30 महीनों के लिए अतिरिक्त 2 लाख रुपये तक का लोन और ले सकते हैं।

# क्या आपके खाते में आएंगे लाड़ली बहना योजना के 1500 रुपये? ऐसे चेक करें लिस्ट में अपना नाम

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश सरकार की %मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना% के तहत प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। सरकार इस कल्याणकारी योजना के तहत हर महीने ?1,500 की राशि सीधे महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करती है। बता दें कि अब तक इस योजना की 37 किस्ते जारी हो चुकी हैं, जो आमतौर पर महीने के 1-10 तारीख के बीच में जारी की जाती है। ऐसे अब महिलाओं को जुलाई माह की किस्त यानी 38वीं किस्त का इंतजार है। अब अगर आप भी इस योजना के लाभार्थी हैं और यह जानना चाहती हैं कि अगली किस्त की राशि आपके खाते में आएगी या नहीं, तो आप घर बैठे ही बेहद आसान ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए लाभार्थी सूची में अपना नाम चेक कर सकती हैं। आइए इसकी प्रक्रिया जानते हैं।



**ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं-** सबसे पहले अपना नाम चेक करने के लिए आपको अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर योजना की आधिकारिक वेबसाइट cmladlibahna.mp.gov.in को ओपन करना होगा। होमपेज पर जाते ही आपको सामने ही मुख्य मेन्यू दिखाई देगा। पोर्टल के होमपेज पर आपको %अंतिम सूची% (फाइनल लिस्ट) या %आवेदन एवं भुगतान की स्थिति% का एक विकल्प दिखाई देगा, आप दोनों में किसी पर भी क्लिक कर सकते हैं। इसके बाद आपके सामने एक नया वेबपेज खुल जाएगा।

**पंजीकरण नंबर और ओटीपी दर्ज करें-** अब खुले हुए नए पेज पर आपको अपना लाड़ली बहना आवेदन क्रमांक या अपनी सदस्य समग्र आईडी दर्ज करनी होगी। इसके बाद स्क्रीन पर दिख रहा कैप्चा कोड भरकर %ओटीपी भेजें% पर क्लिक करें। आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा, जिसे दर्ज करके वेरिफाई करना होगा।

**लिस्ट में अपना नाम देखें-** ओटीपी वेरिफिकेशन सफल होते ही आपके ब्लॉक, ग्राम पंचायत या वार्ड की पूरी लाभार्थी सूची स्क्रीन पर आ जाएगी। इस लिस्ट में आप आसानी से अपना नाम ढूंढ सकते हैं। अगर आपका नाम इस सूची में शामिल है, तो योजना की अगली ?1,500 की किस्त सीधे आपके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

# भारत का निजी ऋण बाजार पांच साल में 25 अरब डॉलर हुआ, आरबीआई के नए नियम बढ़ाएंगे प्रतिस्पर्धा

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को बताया कि भारत का निजी ऋण बाजार पिछले पांच वर्षों में दोगुना हो गया है। 2025 के अंत तक इसका प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) करीब 25 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मजबूत वित्तपोषण मांग के कारण यह बाजार आगे भी बढ़ेगा। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए नियम बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण की अनुमति देंगे। ये नए नियम उस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगे, जिस पर ऐतिहासिक रूप से वैकल्पिक पूंजी का प्रभुत्व रहा है। मूडीज ने कहा कि नए नियम उधारकर्ताओं को लागत कम करने और वित्तपोषण की उपलब्धता बढ़ाने में लाभ पहुंचा सकते हैं। लेकिन ये निजी ऋण प्रदाताओं के लिए अधिग्रहण वित्तपोषण में प्रतिफल को कम कर सकते हैं। साथ ही, इससे सौदों का प्रवाह भी घट सकता है। आरबीआई के नए नियम 1 जुलाई से प्रभावी हो गए हैं। पहली बार आरबीआई ने बैंकों को कुछ शर्तों के अधीन इक्विटी शेयरों और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर के रणनीतिक अधिग्रहण के लिए धन देने की अनुमति दी है। मूडीज के अनुसार, भारत का निजी ऋण बाजार तेजी से विकसित हुआ है। यह मुख्य रूप से संकटग्रस्त कंपनियों के लिए वित्तपोषण के स्रोत से आगे बढ़कर वित्तीय रूप से स्थिर व्यवसायों के लिए ऋण प्रदाता बन गया है।



### निजी ऋण बाजार इतनी तेजी से क्यों बढ़ा है?

भारत का निजी ऋण बाजार पिछले पांच वर्षों में तेजी से बढ़ा है। 2025 में इसका वार्षिक लेनदेन मूल्य 11 अरब डॉलर से अधिक था। उसी वर्ष के अंत तक इसका एयूएम लगभग 25 अरब डॉलर था। वैश्विक मानकों के अनुसार यह बाजार अभी भी छोटा है। देश में मजबूत आर्थिक स्थितियों के बीच वित्तपोषण की जरूरतें बढ़ने से इसकी वृद्धि तेज होगी। भारत के निजी ऋण बाजार में बढ़ने की काफी गुंजाइश है। यह बढ़ती वित्तपोषण जरूरतों और देश की मजबूत व्यापक आर्थिक गति से समर्थित है।

### आरबीआई के नए नियमों का क्या असर होगा?

आरबीआई के नए नियम बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण की अनुमति देते हैं। इससे निजी ऋण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। पहले यह क्षेत्र वैकल्पिक पूंजी पर निर्भर था। उधारकर्ताओं को कम लागत पर अधिक वित्तपोषण मिल सकता है। हालांकि, निजी ऋण प्रदाताओं के लिए प्रतिफल कम हो सकता है। अधिग्रहण वित्तपोषण के सौदों में भी कमी आ सकती है। यह बदलाव बाजार की गतिशीलता को प्रभावित करेगा।

### किन क्षेत्रों में निजी ऋण की अधिक मांग है?

रियल एस्टेट क्षेत्र निजी ऋण के कुल मूल्य का लगभग 40 फीसदी हिस्सा रखता है। बुनियादी ढांचा और उपयोगिता कंपनियां अगले सबसे बड़े हिस्सेदार हैं। विभिन्न क्षेत्रों में प्रवर्तकों के नेतृत्व वाला वित्तपोषण भी भारत में निजी ऋण बाजार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह वित्तपोषण अक्सर पुनर्वित्त, देयता प्रबंधन या हिस्सेदारी अधिग्रहण जैसे उद्देश्यों के लिए होता है। इन क्षेत्रों में मजबूत मांग से बाजार को और बढ़ावा मिल रहा है।

# कूरियर कंपनी ने खो दिया है आपका पार्सल? ऐसे करें शिकायत तो मिलेगा पूरा मुआवजा

**नई दिल्ली।** आज के समय में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज और जरूरी सामानों को एक शहर से दूसरे शहर भेजने के लिए कूरियर सर्विस हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। लेकिन कई बार कूरियर कंपनियों की लापरवाही के कारण हमारा कीमती पार्सल रास्ते में ही खो जाता है या डैमेज हो जाता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बुरी तरह घबरा जाते हैं और कंपनी के कस्टमर केयर के चक्कर काटते रहते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत हर नागरिक को अपने खोए हुए सामान का पूरा हर्जाना पाने का कानूनी अधिकार है। अगर कूरियर कंपनी आपका पार्सल खो देती है, तो आप सही तरीके से शिकायत दर्ज कराकर अपना पूरा मुआवजा वसूल सकते हैं। आइए इस लेख में समझते हैं कि पार्सल गुम होने पर कूरियर कंपनियां कितना मुआवजा देती हैं और शिकायत की पूरी प्रक्रिया क्या है।

**सामान गुम होने पर कितना मिलता है मुआवजा-** अगर पार्सल खो जाता है, तो कूरियर कंपनियां आमतौर पर बुकिंग के समय घोषित की गई सामान की कीमत के बराबर मुआवजा देती हैं। अगर आपने सामान का बीमा कराया है, तो आपको पूरी रकम वापस मिलती है, लेकिन बिना बीमे वाले पार्सल पर कंपनियां अपनी पॉलिसी के अनुसार सिर्फ सीमित राशि या बुकिंग चार्ज का कुछ गुना ही हर्जाना देती हैं।

### कूरियर कंपनी के पास तुरंत लिखित शिकायत करें

पार्सल की डिलीवरी डेट निकलने के तुरंत बाद कूरियर कंपनी के आधिकारिक ईमेल और कस्टमर केयर पर लिखित शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत में अपनी बुकिंग रसीद, ट्रैकिंग आईडी, पार्सल के अंदर रखे सामान का बिल और उसकी कीमत का पूरा विवरण साफ-साफ लिखें और कंपनी से आधिकारिक जवाब की मांग करें।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन %1915% पर कॉल करें

अगर कूरियर कंपनी आपकी शिकायत पर ध्यान नहीं देती या मुआवजा देने से मना करती है, तो आप केंद्र सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1915 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा आप उनकी वेबसाइट (consumerhelpline.gov.in) या उमंग एप पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### कंज्यूमर कोर्ट जाने का नियम और कानूनी अधिकार

आमतौर पर ऊपर बताए गए तरीकों से शिकायत करने पर कूरियर कंपनियां मुआवजा दे देती हैं, लेकिन अगर फिर भी आपका मुआवजा नहीं मिलता है तो आप जिला उपभोक्ता फोरम में कूरियर कंपनी के खिलाफ %सेवा में कमी% का केस फाइल कर सकते हैं। इसके लिए भारी-भरकम वकील की जरूरत नहीं होती, आप खुद एक सादे कागज पर पूरी घटना लिखकर, सामान के बिल और कूरियर रसीद के साथ कोर्ट में मुआवजा और मानसिक प्रताड़ना का हर्जाना मांग सकते हैं।

# केंद्र का राजकोषीय घाटा अप्रैल-मई में बढ़ने का कारण सब्सिडी और ब्याज भुगतान

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2027 के शुरुआती दो महीनों में केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई है। इक्रिरस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-मई में राजकोषीय घाटा बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह पूरे वर्ष के बजट अनुमान का 9.6 फीसदी है। उच्च सब्सिडी और ब्याज भुगतान के साथ राजस्व वृद्धि में कमी इसका मुख्य कारण रही।रिपोर्ट बताती है कि कुल व्यय में लगभग 18 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है। वहीं, कुल प्राप्तियों में लगभग दो फीसदी की कमी दर्ज की गई। यह कमी कर और पूंजीगत प्राप्तियों दोनों में गिरावट के कारण हुई। सार्वजनिक वित्त पर दबाव के बावजूद, पूंजीगत व्यय मजबूत बना रहा। अप्रैल-मई में पूंजीगत व्यय में 13.4 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई। यह वित्तीय वर्ष 2027 के बजट अनुमान का 20.5 फीसदी रहा। इसमें मुख्य रूप से रेलवे पर खर्च और राज्यों को हस्तांतरण शामिल है।




### राजस्व वृद्धि चिंता का विषय क्यों बनी?

राजस्व वृद्धि एक बड़ी चिंता के रूप में सामने आई है। सकल कर राजस्व में केवल 1.8 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई। जीएसटी और उत्पाद शुल्क संग्रह में कमी देखी गई। सीमा शुल्क और कॉरपोरेट कर संग्रह में अच्छी वृद्धि हुई। हालांकि, रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि कच्चे तेल की कीमतें गिरने पर सीमा शुल्क राजस्व नरम हो सकता है। आयकर संग्रह भी सुस्त रहा, जिससे वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने पर सवाल उठे हैं।

### सब्सिडी और ब्याज भुगतान का क्या असर रहा?

सब्सिडी का खर्च वित्तीय दृष्टिकोण के लिए सबसे बड़ा जोखिम बना हुआ है। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी वैश्विक इनपुट कीमतों में वृद्धि के कारण उर्वरक सब्सिडी बढ़ी है। खाद्य सब्सिडी में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। यह उच्च खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य के कारण हुआ। ब्याज भुगतान भी इस अवधि में लगातार बढ़े हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि खाद्य और उर्वरक सब्सिडी मिलकर छह लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती हैं।

### क्या वित्तीय स्थिति में सुधार की उम्मीद है?

अधिकारियों के अनुसार, यह अधिक खर्च बाद में पूंजीगत या अन्य विवेकाधीन खर्चों में कटौती के लिए मजबूर कर सकता है। हालांकि, इक्रिरस का मानना है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में नरमी आई है। इससे सरकार के वित्तीय दृष्टिकोण में सुधार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2027 के शेष भाग के लिए स्थिति बेहतर दिख रही है। सरकार के 4.3 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कुछ व्यय समेकन की आवश्यकता हो सकती है। राजस्व संग्रह में सुधार न होने पर पूंजीगत व्यय पर इसका असर पड़ सकता है।

# अमेरिका ने किया कमाल, बोस्निया और हर्जेगोविना को हराकर प्री-क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचा

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सह-मेजबान अमेरिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोस्निया और हर्जेगोविना को 2-0 से हराया. सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ ही अमेरिका ने अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली है. अमेरिका आखिरी बार 2002 में नॉकआउट मैच जीतने में सफल हुई था, तब उसने मैक्सिको को 2-0 से हराया था. यह अमेरिका के वर्ल्ड कप इतिहास की नॉकआउट की सिर्फ दूसरी जीत है। मैच की शुरुआत से ही अमेरिका ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा. टीम की ओर से फोलारिन बालोगुन ने शानदार गोल दागा, लेकिन ऑफसाइड होने की वजह से उनके इस गोल को अमान्य करार दे दिया गया. हालांकि, पहले हाफ के इंजरी टाइम में बालोगुन ने एक बार फिर मौका बनाया. मलिक टिलमैन के शानदार पास पर उन्होंने डिफेंडरों को छकाते हुए गेंद को गोलकीपर निकोला वासिलज के नीचे से नेट में पहुंचाकर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ के अतिरिक्त समय में बालोगुन दूसरा गोल करने के भी करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार से टकरा गया. दूसरे हाफ में बोस्निया और हर्जेगोविना ने वापसी की कोशिश की. 64वें मिनट में अमेरिका को बड़ा झटका लगा, जब वीएआर की मदद से समीक्षा के बाद बालोगुन को रेड कार्ड दिखा दिया गया. इसके बाद अमेरिका को लगभग आधे घंटे तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद अमेरिका ने शानदार संयम दिखाया और विरोधी टीम को बराबरी का कोई मौका नहीं दिया. मैच के अंतिम चरण में मलिक टिलमैन ने फ्री-किक पर बेहतरीन गोल कर टीम की बढ़त 2-0 कर दी. इससे पहले, क्रिश्चियन पुलिसिक का एक गोल ऑफसाइड के कारण रद्द हो गया था। यह फीफा वर्ल्ड कप के नॉकआउट चरण में किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ अमेरिका की महज दूसरी जीत है. इसके साथ ही टीम ने यूरोपीय देशों के खिलाफ चले आ रहे 12 मैचों के हार के सिलसिला को भी खत्म कर दिया है. पिछले चार वर्ल्ड कप में यह चौथी बार है, जब अमेरिका अंतिम-16 तक पहुंचा है. अब मुख्य कोच मौरिसियो पोचेटिनो की टीम 7 जुलाई को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में सिएटल स्टेडियम में बेल्जियम से भिड़ेगी।



# तीन लोग मैदान में घुसे, जमकर हंगामा, रोकना पड़ा मैच, बेल्जियम ने सेनेगल को हराया

**नई दिल्ली।** बेल्जियम और सेनेगल के बीच बुधवार को राउंड ऑफ 32 के विश्व कप मैच के दौरान तीन लोग मैदान पर घुस आए जिससे खेल रोकना पड़ा. इन लोगों ने 32वें मिनट में खेल में बाधा डाली, उन्हें मैदान से बाहर निकालने के लिए लगभग एक दर्जन सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए. इस घटना के दौरान बेल्जियम के डिफेंडर मैक्सिम डी क्यूपर ने गेंद को अपने पास ही रखा. खेल में रुकावट के समय सेनेगल 25वें मिनट में हबीब डियारा के गोल की बदौलत बेल्जियम से 1-0 से आगे था. डियारा ने इराक के खिलाफ 5-0 की जीत में भी गोल किया था. सेनेगल तीसरे स्थान पर रहने वाली सबसे अच्छी टीम में से एक के तौर पर नॉकआउट दौर में पहुंचा था. अफ्रीकी टीम टूर्नामेंट के सबसे मुश्किल ग्रुप में से एक में थी जिसमें फ्रांस और नॉर्वे जैसी टीम भी थीं. सेनेगल की टीम ने दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद मुकाबला 2-3 से गंवा दिया. सेनेगल के कोच पेप थियाव ने कहा, 'मैं इस फैसले की व्याख्या नहीं करना चाहता। पेनल्टी देने के मामले में हम सभी की अलग-अलग राय होती हैं. मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता और ना ही रैफरी के फैसले की व्याख्या करना चाहता हूं।'

बेल्जियम की यह जीत पिछले 11 विश्व कप में सिर्फ दूसरा मौका थी जब किसी टीम ने नॉकआउट दौर में दो या उससे अधिक गोल से पिछड़ने के बाद अगले दौर में जगह बनाई. बेल्जियम ने 2018 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ 3-2 की जीत के दौरान भी ऐसा ही किया था। रूस में तब तीसरे स्थान पर रही बेल्जियम की उस टीम के कई अहम खिलाड़ी बुधवार की जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे. बेल्जियम के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और 86वें मिनट में गोल करके बेल्जियम की वापसी की उम्मीद जगाई. तीन मिनट बाद टिलेमैन्स ने बेल्जियम के लिए एक और गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींचा और फिर पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।



# हैरी केन के डबल से इंग्लैंड का शानदार कमबैक डीआर कॉन्गो पर जीत से अंतिम-16 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** कप्तान हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट मुकाबले में डीआर कॉन्गो को 2-1 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। मैच के शुरुआती सातवें मिनट में पिछड़ने के बावजूद इंग्लैंड ने शानदार वापसी की और अंततः जीत अपने नाम की। अब उसकी भिड़ंत छह जुलाई को मेक्सिको सिटी स्टेडियम में सह-मेजबान मेक्सिको से होगी। डीआर कॉन्गो ने मुकाबले की धमाकेदार शुरुआत की। सातवें मिनट में ब्रायन सिपेंगा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल दागकर इंग्लैंड को शुरुआती झटका दिया। चांसेल मबेम्बा के हेडर के बाद बॉक्स के बाईं ओर पूरी तरह खाली खड़े सिपेंगा ने नीचा शॉट लगाकर गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गोल खाने के बाद इंग्लैंड ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। जूड बेलिंघम के दो शानदार हेडर को डीआर कॉन्गो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में नहीं जाने दिया। वहीं, मार्कस रैशफोर्ड के शॉट को आरोन वान-बिसाका ने गोललाइन से क्लियर कर दिया। पहले हाफ के आखिरी पलों में हैरी केन का वॉली शॉट भी म्पासी ने रोक दिया। दूसरी ओर, डीआर कॉन्गो के योआने विस्सा का प्रयास पोस्ट से टकरा गया और इंग्लैंड एक और गोल खाने से बच गया।

दूसरे हाफ में इंग्लैंड के मुख्य कोच थॉमस टुखेल के बदलाव असरदार साबित हुए। सब्स्टीट्यूट एंथनी गॉर्डन ने 75वें मिनट में शानदार क्रॉस दिया, जिस पर हैरी केन ने हेडर के जरिए बराबरी का गोल दाग दिया। इस गोल के बाद इंग्लैंड ने मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली और लगातार दबाव बनाता रहा। 86वें मिनट में हैरी केन ने एक बार फिर अपनी क्लास दिखाई। उन्होंने शानदार टर्न लेते हुए डिफेंडर को छकाया और नियर पोस्ट की ओर जोरदार शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। अंतिम मिनटों में डीआर कॉन्गो ने वापसी की कोशिश की, लेकिन इंग्लैंड की रक्षा पंक्ति ने कोई मौका नहीं दिया और टीम ने शानदार जीत दर्ज की।

# मेसी की जर्सी में दिखे यशस्वी, शुभमन की रोनाल्डिन्हो के साथ तस्वीर वायरल

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का खुमार दुनिया भर के खेल प्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है और भारतीय क्रिकेटर भी इससे अछूते नहीं हैं। टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और टेस्ट-वनडे कप्तान शुभमन गिल इन दिनों अमेरिका में फुटबॉल विश्व कप का लुत्फ उठाते नजर आए। एक ओर जायसवाल स्टेडियम में बैठकर फ्रांस का मुकाबला देखते दिखे, तो दूसरी ओर गिल की ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। यशस्वी जायसवाल न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फ्रांस और स्वीडन के बीच खेले गए फीफा विश्व कप मुकाबले को देखने पहुंचे। खास बात यह रही कि भारतीय बल्लेबाज अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी की जर्सी पहनकर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस यादगार पल का वीडियो साझा करते हुए कैप्शन लिखा, बकेट लिस्ट। उनके इस पोस्ट को क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेलों के प्रशंसकों ने खूब पसंद किया।




यशस्वी से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल भी फीफा विश्व कप के रंग में रंगे नजर आए थे। गिल ने अमेरिका में ब्राजील के महान फुटबॉलर और 2002 फीफा विश्व कप विजेता रोनाल्डिन्हो से मुलाकात की। उन्होंने इस खास पल की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए कैमरे के सामने पोज देते नजर आए। तस्वीर वायरल होने के बाद क्रिकेट और फुटबॉल प्रशंसकों के बीच इसकी खूब चर्चा हुई। फीफा विश्व कप 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेटरों की मौजूदगी यह दिखाती है कि फुटबॉल के प्रति उनका लगाव लगातार बढ़ रहा है। शुभमन गिल की रोनाल्डिन्हो से मुलाकात और अब यशस्वी जायसवाल का स्टेडियम पहुंचकर मैच देखना इस बात का संकेत है कि क्रिकेट के सितारे भी दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल महाकुंभ का आनंद लेने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

# यश-सारांश की शानदार गेंदबाजी पहले दिन कप्तान सहान की फिफ्टी

**नई दिल्ली।** भारत ए और श्रीलंका ए के बीच गाले में खेले जा रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ए ने 85 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 288 रन बना लिए। मेजबान टीम के कप्तान सहान अराच्चिगे 83 रन बनाकर नाबाद लौटे और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारत ए की ओर से यश ठाकुर और सारांश जैन ने दो-दो विकेट झटके, जबकि गुरनूर बराड़ को एक सफलता मिली। भारत ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, शुरुआती 15 ओवर तक श्रीलंका ए के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। आखिरकार 16वें ओवर में यश ठाकुर ने सोहान डी लिवेरा (28) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद गुरनूर बराड़ ने पवन्था वीरसिंघे (39) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। दो शुरुआती विकेट गिरने के बाद श्रीलंका ए के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी संभाली। नुवानिंदु फर्नांडो ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि आशेन बंडारा ने 34 रन जोड़कर टीम को स्थिरता दी। इसके बाद अंजला बंडारा ने 42 रन की अहम पारी खेलते हुए कप्तान सहान अराच्चिगे के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे श्रीलंका ए मजबूत स्कोर की ओर बढ़ता गया। एक छोर पर कप्तान सहान अराच्चिगे पूरी तरह टिके रहे और भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा सफलता नहीं मिलने दी। उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने तक 83 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल रहा।

# क्या वैभव को मौका देने के लिए किसी स्टार को बाहर करना सही होगा?


**नई दिल्ली।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया में जगह मिलने के बावजूद अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का मौका नहीं मिला है। आयरलैंड सीरीज और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी वह बेंच पर बैठे रहे। इस बीच भारत के दो पूर्व दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और सुनील गावस्कर ने युवा बल्लेबाज को लेकर अपनी राय रखी है। दोनों का मानना है कि वैभव प्रतिभाशाली हैं और उन्हें मौका मिलना चाहिए, लेकिन टीम संयोजन और समय को लेकर दोनों ने अलग-अलग नजरिया पेश किया। चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि वैभव सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा से मौका जरूर कमाया है, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल करने के लिए मौजूदा टॉप ऑर्डर को तोड़ना सही फैसला नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'अगर वैभव को खेलना है, तो उन्हें खेलना चाहिए, लेकिन किसी को ड्रॉप करके नहीं, बल्कि किसी को आराम देकर। अगर आप उन्हें मौका देना चाहते हैं, तो ठीक है। हालांकि, आपको भारत के टॉप तीन खिलाड़ी में से किसी को भी ड्रॉप नहीं करना चाहिए, चाहे वह संजू हो, अभिषेक हो या ईशान किशन। इसके बावजूद, वैभव एक मौके के हकदार हैं, और उन्हें मौका मिलेगा।'



पुजारा ने संजू सैमसन का भी समर्थन किया और कहा कि लगातार उनके स्थान पर सवाल उठाना सही नहीं है। पुजारा ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत को संजू सैमसन के साथ बने रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई दबाव महसूस करना चाहिए। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में खुद को साबित किया है और उनके पास जिस तरह का टैलेंट है, उसे देखते हुए उन्हें प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए।' पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि डेब्यू में लगातार हो रही देरी युवा बल्लेबाज पर अतिरिक्त मानसिक दबाव डाल सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 15 साल की उम्र में खिलाड़ी दबाव को अलग तरीके से लेता है। उन्होंने कहा, 'वैभव को जब भी मौका मिलेगा, तो यह देरी उन पर और अधिक दबाव डालेगी। हालांकि, 15 साल की उम्र में आप दबाव के बारे में ज्यादा कुछ नहीं सोचते हैं। वह जानते हैं कि अगर उन्हें दूसरे और तीसरे मैच में मौका मिला, तो उन्हें हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करके दिखाना होगा।' गावस्कर ने कहा, 'मगर वह टीम में आकर खुश हैं। भारतीय टीम शानदार खिलाड़ियों से भरी हुई है, जिनसे वैभव काफी कुछ सीख सकते हैं।' अगर वैभव इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में डेब्यू करते हैं तो वह पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही वह 16 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले सचिन तेंदुलकर का भारतीय रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ देंगे। पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में कप्तान श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी की भी सराहना की। भारत ने शुरुआती छह रन पर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन अय्यर ने अभिषेक शर्मा के साथ 82 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला।

### भारतीय बैडमिंटन में बड़ा बदलाव

# इस महीने से घरेलू टूर्नामेंट 3×15 स्कोरिंग सिस्टम पर होंगे, अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप तैयारी शुरू



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन में इस महीने से एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने घरेलू प्रतियोगिताओं में विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के प्रस्तावित नए 3×15 स्कोरिंग सिस्टम को लागू करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य भारतीय खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर अगले वर्ष लागू होने वाले नए नियमों के अनुरूप पहले से तैयार करना है। अब देश में आयोजित घरेलू रैंकिंग टूर्नामेंट, जोनल प्रतियोगिताएं और राष्ट्रीय चैंपियनशिप नए प्रारूप में खेली जाएंगी। इस नई व्यवस्था की शुरुआत 7 से 14 जुलाई तक केरल के एर्नाकुलम स्थित रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित होने वाले योनैक्स-सनराइज ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट से होगी। यह देश का पहला घरेलू टूर्नामेंट होगा, जिसमें खिलाड़ियों को नए स्कोरिंग सिस्टम के तहत मुकाबले खेलने होंगे। अब तक बैडमिंटन के मुकाबले बेस्ट ऑफ थ्री गेम्स के प्रारूप में 21 अंकों तक खेले जाते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्रत्येक गेम 15 अंकों का होगा। मुकाबले पहले की तरह रैली-पॉइंट सिस्टम पर आधारित रहेंगे। यदि स्कोर 14-14 की बराबरी पर पहुंचता है तो किसी खिलाड़ी को गेम जीतने के लिए दो अंकों की बढ़त बनानी होगी। अधिकतम स्कोर 21 रहेगा और यदि स्कोर 20-20 हो जाता है तो अगला अंक जीतने वाला खिलाड़ी गेम अपने नाम करेगा।

**मैच संचालन के नियमों में भी बदलाव**

सिर्फ स्कोरिंग ही नहीं, मैच संचालन के कुछ नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब प्रत्येक गेम में खिलाड़ियों को आठ अंक पूरे होने पर पारंपरिक ब्रेक मिलेगा। निर्णायक तीसरे गेम में कोर्ट बदलने के समय 60 सेकंड का ब्रेक दिया जाएगा, जबकि दो गेमों के बीच मिलने वाला 120 सेकंड का विश्राम पहले की तरह जारी रहेगा। इसके अलावा पिछले गेम का विजेता अगले गेम में पहली सर्विस करेगा।

बीएआई का मानना है कि अगले वर्ष जनवरी से बीडब्ल्यूएफ द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर नया स्कोरिंग सिस्टम लागू किए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए घरेलू स्तर पर इसकी शुरुआत पहले ही कर दी गई है। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि नए प्रारूप में खिलाड़ी कम समय में बेहतर रणनीति बनाने, तेजी से निर्णय लेने और हर अंक को अधिक महत्व देने के लिए तैयार होंगे।

# विंबलडन 2026: बोजकोवा और नवारो तीसरे दौर में, क्रेजिकोवा ने एंड्रीवा को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया

**नई दिल्ली।** विंबलडन 2026 के महिला एकल वर्ग में दूसरे दौर के मुकाबलों ने रोमांच और उलटफेर से भरपूर दिन देखने को मिला। चेक गणराज्य की 21वीं वरीयता प्राप्त मैरी बोजकोवा और अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में जगह बना ली। वहीं दिन का सबसे बड़ा आकर्षण दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा की शानदार वापसी रही, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

**बोजकोवा ने दिखाया अनुभव, तीसरी बार पहुंचीं तीसरे दौर में**

चेक खिलाड़ी मैरी बोजकोवा ने इटली की क्वालीफायर टायरा कैटरिना ग्रांट को 7-5, 6-3 से हराकर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। मुकाबले की शुरुआत उनके लिए आसान नहीं रही और शुरुआती ब्रेक गंवाने के बाद वह दबाव में आ गई थीं, लेकिन अनुभव का परिचय देते हुए उन्होंने शानदार वापसी की और सीधे सेटों में जीत दर्ज की। यह तीसरा अवसर है जब बोजकोवा विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। घास के कोर्ट पर इस सीजन उनकी यह सातवीं जीत है, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म का संकेत है।

**अब सैमसोनोवा से होगी कड़ी चुनौती**

तीसरे दौर में बोजकोवा का सामना रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा से होगा। सैमसोनोवा ने 15वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच होने वाला मुकाबला तीसरे दौर के सबसे रोचक मैचों में शामिल माना जा रहा है।



**पहला सेट गंवाने के बाद नवारो की दमदार वापसी**

अमेरिका की एम्मा नवारो ने भी संघर्षपूर्ण मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए ओक्साना सेलेखमेतयेवा को 3-6, 6-4, 6-1 से हराया। पहला सेट गंवाने के बाद नवारो ने अपने खेल में जबरदस्त सुधार किया और अगले दो सेटों में प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। नवारो लगातार तीसरे वर्ष विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। 2024 में वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं, जबकि पिछले वर्ष चौथे दौर तक का सफर तय किया था। पिछले 18 टूर-स्तरीय मुकाबलों में उनकी यह 14वीं जीत है।

**अगले दौर में मिलेगी कठिन चुनौती**

तीसरे दौर में नवारो का सामना 12वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक और अन्ना ब्लिंकोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए नवारो को इस बार भी खिताब की दावेदारों में गिना जा रहा है।

**क्रेजिकोवा ने किया सबसे बड़ा उलटफेर**

दिन का सबसे चर्चित मुकाबला बारबोरा क्रेजिकोवा और मिर्रा एंड्रीवा के बीच खेला गया। पहला सेट गंवाने के बावजूद क्रेजिकोवा ने शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। मुकाबले में जीत हासिल करने के लिए उन्हें सात मैच प्वाइंट का इंतजार करना पड़ा। एंड्रीवा इस बार खिताब की प्रमुख दावेदारों में मानी जा रही थीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में क्रेजिकोवा के अनुभव के सामने वह टिक नहीं सकीं। यह दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मुकाबलों में क्रेजिकोवा की दूसरी जीत रही।

**ऑल-चेक मुकाबले पर रहेंगी नजरें**

तीसरे दौर में क्रेजिकोवा का सामना अपनी हमवतन निकोला बारटुनकोवा से होगा। बारटुनकोवा ने 32वीं वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा को 6-2, 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया और तीसरे दौर में जगह बनाई। इस जीत के साथ विंबलडन में एक और ऑल-चेक मुकाबला देखने को मिलेगा।

**महिला वर्ग में मुकाबले हुए और रोमांचक**

दूसरे दौर के बाद महिला एकल ड्रॉ और अधिक खुला नजर आने लगा है। कई वरीय खिलाड़ियों के बाहर होने से खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ नई पीढ़ी की टेनिस स्टार भी लगातार चुनौती पेश कर रही हैं, जिससे आने वाले दौर के मुकाबलों में कड़ी टक्कर देखने की उम्मीद है।

# भारत को वैश्विक प्लास्टिक रीसाइक्लिंग हब बनाने पर जोर

## प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को गुणवत्ता, पर्यावरण अनुकूलन एवं वैश्विक मानकों से जोड़ने पर हो रहा मंथन



**नई दिल्ली, ब्यूरो।** जीवन के सभी सभी क्षेत्रों और आयामों में प्लास्टिक के लगातार बढ़ते उपयोग के बीच प्लास्टिक कचरे के निपटान और रीसाइक्लिंग के प्रति समाज और सरकार की गंभीरता का ही नतीजा है कि आज भारत दुनिया के उन चुनिंदा अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है जहां सबसे अधिक मात्रा में प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग कर उसके अधिकतम पुर्नउपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग के सचिव तेजवीर सिंह ने अब केवल रीसाइक्लिंग की मात्रा नहीं बल्कि उच्च गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन और उन्नत रीसाइक्लिंग तकनीकों पर ध्यान देने की आवश्यकता जताते हुए केमिकल रीसाइक्लिंग, डिजाइन फॉर रीसाइक्लिंग, सर्कुलर इकोनॉमी, मोनो-मटेरियल पैकेजिंग तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप उद्योग को विकसित करने को बेहद आवश्यक करार दिया है। उन्होंने उद्योग जगत से इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए अनौपचारिक कचरा संग्राहकों को औपचारिक व्यवस्था से जोड़ने और सरकार, उद्योग एवं अकादमिक संस्थानों के बीच परस्पर सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता भी जताई है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि आज प्लास्टिक आधुनिक जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है लेकिन इसके साथ जुड़ी पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जिस पर गंभीरता से ध्यान देते हुए समाज के सभी वर्गों को यथासंभव सहभागिता करने के लिए आगे आना चाहिए। राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम के हॉल संख्या-6 में तीसरे ग्लोबल कॉन्क्लेव ऑन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी यानी जीसीपीआरएस-2026 का उद्घाटन करते हुए तेजवीर सिंह ने उक्त बातें कहीं। ऑल इंडिया प्लास्टिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन यानी एआईपीएमए द्वारा 250 से अधिक प्रदर्शकों और 12 देशों की भागीदारी में आयोजित इस चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश के उद्योगपति, नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ सहित बड़ी संख्या में रीसाइक्लिंग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि भी शिरकत कर रहे हैं। इस मौके पर अपने संबोधन में एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ प्रभ दास ने प्लास्टिक उद्योग के भविष्य की मजबूती नवाचार, तकनीकी उन्नयन और सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को अपनाने में निहित बताते हुए उद्योग और सरकार के बीच साझेदारी को टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल विकास का सबसे प्रभावी माध्यम और रीसाइक्लिंग आधारित समाधान को भविष्य की औद्योगिक आवश्यकता करार दिया। साथ ही एआईपीएमए के गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन अरविंद मेहता ने जीसीपीआरएस के तीसरे संस्करण को प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग के तेजी से संगठित होते स्वरूप का प्रतीक बताते हुए कहा कि एआईपीएमए उद्योग की तकनीकी कमियों को दूर करने, कौशल विकास, रोजगार सृजन और प्लास्टिक उत्पादों के निर्यात को आगामी वर्षों में कई गुना बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने जीएसटी से उद्योग के औपचारिकीकरण की सराहना करते हुए सीपीसीबी पोर्टल और ईपीआर अनुपालन से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की भी मांग की। इसी प्रकार एआईपीएमए के अध्यक्ष सुनील शाह ने प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग को सरकार से मिल रहे निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# बढ़नी बाजार से ब्लॉक तक छुट्टा पशुओं का आतंक सांड के हमले में बुजुर्ग गंभीर, लखनऊ में इलाज जारी



**स्वतंत्र भारत, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी नगर और ब्लॉक क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की बढ़ती समस्या एक बार फिर गंभीर हादसे का कारण बनी है। क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे सांड और छुट्टा मवेशियों से लोग लगातार परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पीड़ित परिवार के बढ़नी क्षेत्र निवासी विरसेन चौधरी पर एक सांड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी/पीएचसी बढ़नी ले गए, जहां डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के बाद चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट और खून का थक्का (क्लॉटिंग) होने की आशंका जताते हुए उन्हें तत्काल लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों की टीम ने करीब छह घंटे तक ऑपरेशन कर उनकी जान बचाई। परिजनों ने बताया कि इलाज के बाद 24 जून को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली और घर लाया गया। लेकिन करीब पांच दिन बाद उनकी तबीयत फिर अचानक बिगड़ गई। इसके बाद निजी एंबुलेंस से उन्हें दोबारा त त क ा ल केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका फिर से इलाज शुरू हुआ।

वर्तमान में उनकी हालत पहले से बेहतर है और डॉक्टरों के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं। परिजन राकेश चौधरी का कहना है कि यह हादसा उनके परिवार के लिए बेहद दर्दनाक रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़नी बाजार से लेकर ब्लॉक क्षेत्र तक बड़ी संख्या में छुट्टा पशु घूम रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण और गौशालाओं के संचालन के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। यदि समय रहते छुट्टा पशुओं की व्यवस्था की गई होती तो यह हादसा टाला जा सकता था। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बढ़नी नगर और आसपास के इलाकों में घूम रहे छुट्टा पशुओं को तत्काल गौशालाओं में भेजा जाए तथा इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन महिलाएं झुलसीं, पीएचसी में भर्ती

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में बुधवार शाम गरज-चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन महिलाएं झुलसकर अचेत हो गईं। परिजनों ने तीनों को पीएचसी हलिया में भर्ती कराया, जहां उपचार चल रहा है।पहली घटना दिघिया वन विभाग के पास नर्सरी पर भटवारी पहड़ी गांव निवासी निर्मला देवी (45) और गुलाबी देवी (40) काम कर रही थीं। बारिश के दौरान गरज-चमक के साथ कुछ दूर पर बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से दोनों झुलस कर अचेत हो गईं। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी सरस्वती (40) कच्चे मकान के बरामदे में बैठी थीं। उसी दौरान घर के बगल में सागौन के पेड़ के पास बिजली गिरी। चपेट में आकर वह भी झुलसकर अचेत हो गईं। प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि बिजली की चपेट में आकर तीन महिलाएं झुलसकर अचेत हो गई थीं। प्राथमिक उपचार किया गया है। फिलहाल तीनों की स्थिति सामान्य है।सावधानी जरूरी बरसात के मौसम में गरज-चमक के दौरान खुले में, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों। मौसम विभाग की चेतावनी पर ध्यान दें।

# चकबंदी वाली जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट, पिता-पुत्र का सिर फोड़ा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा (महवीर) गांव में चकबंदी के तहत आई जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि दबंगों ने पिता-पुत्र को गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार कुशियरा महवीर निवासी इन्द्रमणि पटेल पुत्र महावीर पटेल ने थानाध्यक्ष हलिया को तहरीर देकर बताया कि उसका गांव कुशियरा वर्तमान समय में चकबंदी में है।आरोप है कि उसकी जमीन पर गांव के ही मनबढ़, दबंग और अपराधी किस्म के व्यक्ति राधेश्याम पुत्र गंगादास व राजेश पुत्र गंगादास जबरन कब्जा कर रहे हैं। मारपीट का आरोप तहरीर में कहा गया है कि 30 जून को शाम करीब 4रू 30 बजे दोनों आरोपियों ने उसे व उसके पिता को गंदी-गंदी गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडे से हमला कर दोनों का सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रतिबंधित कफसीरप व गांजे की पुड़िया की बिक्री का वीडियो हो रहा प्रसारित

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाने से महज पांच सौ मीटर दूर महोगढ़ी गांव में एक घर के भीतर धड़ल्ले से प्रतिबंधित कफ सीरप व गांजे की पुड़िया की बिक्री किए जाने का वीडियो बनाकर किसी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

वीडियो प्रसारित होने के बाद स्थानीय पुलिस में खलबली मची हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महुगढ़ी गांव में प्रतिबंधित कफ सीरप व गांजे की पुड़िया की एक युवक द्वारा काफी दिनों से बिक्री की जा रही है।लेकिन स्थानीय पुलिस कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

प्रसारित हो रहे वीडियो में घर के भीतर गांजे की पुड़िया और कफ सीरप की बिक्री करता हुआ युवक दिखाई दे रहा है।लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस नशे के कारोबारियों पर मेहरबान है जिससे क्षेत्र के किशोर और युवा वर्ग नशे की लत में फंसकर अपनी सेहत बर्बाद कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि महुगढ़ी गांव में नशीला कफ सीरप व गांजे की पुड़िया आसानी से मिलने पर प्रतिदिन पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, प्रयागराज जिले के अलावा क्षेत्र के किशोर और युवा वर्ग इन्हें खरीदने के लिए प्रतिदिन आते हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस शिकायत के बावजूद नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले मनबढ़ युवक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही कर रही है। जिससे क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है।स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट करवाया है।

# स्कूल चलो अभियान के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में निकली जागरूकता रैली



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में स्कूल चलो अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन कराना रहा। विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों की अगुवाई में छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में भ्रमण किया। हाथों में बैनर लेकर बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें और शिक्षा का अधिकार जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में जरूर भेजें। सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया निःशुल्क शिक्षा,निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क गणवेश, प्रशिक्षित शिक्षक (टी.ई.टी. पास), गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उच्च गुणवत्तायुक्त मध्याह्न भोजन ,स्वच्छ वातावरण ,खेल का मैदान ,स्वास्थ्य संबंधी जांच की सुविधा पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्र ने अभिभावकों से अपील की कि वे 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का सरकारी स्कूल में एडमिशन जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। रैली में विद्यालय के शिक्षक आशीष मिश्रा, रामभवन,रसोइया, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश में महिला व पति से मारपीट, घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी एसपी से शिकायत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला और उसके पति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।क्या है मामला सिकटा निवासी ललिता देवी पत्नी हीरालाल ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 24 जून 2026 की शाम करीब 5 बजे वह घर के पास मिट्टी गिरवा रही थी। इसी दौरान गांव के श्रवण उर्फ बबुन्दर पुत्र फेरहू, इन्द्र बहादुर पुत्र कैलाश, सर्वेश पुत्र श्रवण, प्रवेश पुत्र श्रवण और कैलाश पुत्र मैकू एक राय होकर जानलेवा हमला करने की नीयत से पहुंचे।आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बचाने आए पति को भी बुरी तरह मारा-पीटा। हमले में दंपती के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पहले भी दर्ज है मुकदमा पीड़िता ने बताया कि घटना की सूचना पर थाना हलिया में श्रवण उर्फबबुन्दर समेत 4 लोगों के खिलाफमु0अ0सं0 78ध्26 अंतर्गत धारा 115(2), 352, 351(3) ठ.छै.. में मुकदमा दर्ज किया गया था। फिर दी धमकी ललिता देवी का आरोप है कि मुकदमे से नाराज होकर आरोपी 29 जून 2026 की शाम 7 बजे लाठी-डंडा लेकर उसके घर चढ़ आए। घर में घुसकर गाली-गलौज, हाथापाई की और धमकी दी कि ष्जल्द से जल्द गांव व जिला छोड़कर भाग जाओ नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।ष् आरोपियों ने थाने जाने का रास्ता भी रोका। एसपी से गुहार पीड़िता ने एसपी से थानाध्यक्ष हलिया को आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का आदेश देने की मांग की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि डीआईजी विंध्याचल मंडल को भी भेजी गई है।

# पेड़ कटिंग व लाइन मेंटेनेंस के लिए ढाई घंटे रहेगा बिजली शटडाउन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के हलिया उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में गुरुवार को दोपहर 1: 11 बजे से ढाई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने 11 केवी फीडर का नियोजित शटडाउन लिया है। क्यों लिया गया शटडाउन बिजली विभाग के अनुसार, लाइन के आसपास पेड़ों की डालियों की कटाई-छंटाई और लाइन मेंटेनेंस कार्य के लिए यह शटडाउन लिया गया है। बरसात के मौसम में हाईटेंशन तारों से सटी डालियों से हादसे की आशंका रहती है, इसलिए विभाग ने एहतियातन यह कदम उठाया है। पेड़ कटिंग व लाइन मरम्मत प्रभावित क्षेत्र हलिया उपकेंद्र से जुड़े सभी गांवों और कस्बों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि शटडाउन के दौरान जरूरी काम निपटा लें। कार्य पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बरसात में लाइन फॉल्ट और हादसे रोकने के लिए यह मेंटेनेंस जरूरी है।

# वन महोत्सव सप्ताह हलिया क्षेत्र में चला वृहद पौधरोपण अभियान ग्रामीणों ने लगाए पौधे



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह के तहत गुरुवार को हलिया रेंज के बसकुड़िया बीस हेक्टेयर वन भूमि पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। पौधेरोपण कार्यक्रम में वन दरोगा राजकुमार वर्मा, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह, संदीप कुमार के साथ ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाएं, युवा और बच्चे पौधरोपण किया हैं। बंजर जमीन पर तैयार की गई क्यारियों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाएं का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम में वनकर्मियों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर ग्रामीणों के साथ पौधे लगाते दिखे। विभागीय बैनर लगाकर लोगों को हरियाली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उद्देश्य वन विभाग का लक्ष्य है कि वन महोत्सव सप्ताह में अधिक से अधिक पौधे लगाकर क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ाया जाए। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जाए। रेंजर संतोष कुमार राय ने ग्रामीणों से अपील की कि लगाए गए पौधों की देखभाल करें और अपने घर-आंगन, खेत की मेड़ों पर भी पौधे लगाएं। बरसात का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त है।

# साइबर फ्रॉड के शिकार युवक को पुलिस ने लौटाए 8600 रुपये



**हलिया (मिर्जापुर)।** साइबर ठगी का शिकार हुए युवक को हलिया पुलिस ने बड़ी राहत दी है। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पीड़ित के खाते में फ्रॉड किए गए 8600 रुपये वापस कराए। ग्राम बैधा पिपरा, थाना हलिया निवासी बृजेश कुमार पाल पुत्र रामऔतार के साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था। साइबर ठगों ने उनके खाते से कुल 8600 रुपये निकाल लिए थे। पीड़ित ने 3 जून को साइबर क्राइम पोर्टल (एनसीआरपी ) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर हलिया पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व साइबर टीम ने मामले की जांच की। गुरुवार को मिली सफलता पुलिस की सक्रियता से आवेदक बृजेश कुमार पाल उर्फ डब्लू के खाते में पूरी रकम 8600 रुपये वापस करा दी गई। थानाध्यक्ष ने पीड़ित को रिफंड की रसीद सौंपी। टीम में शामिल रहे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई श्यामलाल, कांस्टेबल विश्वनाथ प्रताप।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# जमीन विवाद में महिला से मारपीट ऑपरेशन के बाद भी नहीं बख्शा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला और बचाव में आए लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना हलिया में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कुशियरा निवासी केवली पत्नी गंगादास पटेल ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि 30 जून 2026 को शाम करीब 4रू 30 बजे संदीप पटेल पुत्र सीताराम, इन्द्रमण पटेल पुत्र महावीर और पवन पुत्र इन्द्रमण ने जमीनी विवाद के चलते उसके साथ मारपीट की। हमले में उसे गंभीर चोटें आई हैं।विवाद की वजह पीड़िता ने बताया कि विपक्षी का घर के सामने जमीन है। जब विपक्षी जोतने-बोने जाते हैं तो घर से सटी जमीन को एकदम सटाकर किनारे से जोत देते हैं। मना करने पर आरोपी नाराज होकर मारने-पीटने लगे। ऑपरेशन के बाद भी हमला केवली ने बताया कि एक माह पूर्व उसका हार्निया व बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ है। वह ठीक से चल भी नहीं पा रही है। इसके बावजूद आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। बचाने वालों को भी पीटा बीच-बचाव करने आए राधेश्याम पटेल, संगीता पत्नी राधेश्याम और मनीषा पत्नी राजेश को भी आरोपियों ने मारा। इसमें उन्हें भी गंभीर चोटें आई हैं। जान से मारने की धमकी तहरीर के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए गालियां दीं और चले गए।जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# जनभागीदारी से ही बनेगा आदर्श गांव, किसान समय रहते कराएं फार्मर रजिस्ट्री : पंचायत सचिव

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** जिलाधिकारी मीरजापुर पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर गुरुवार को विकास खंड हलिया की ग्राम पंचायत बबुरा भैरो दयाल स्थित पंचायत भवन में जयशंकर यादव की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जन जागरूकता बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव आशीष कुमार यादव ने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। उन्होंने कहा कि सरकार की अधिकांश कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब पंजीकरण से जुड़ता जा रहा है। ऐसे में कोई भी पात्र किसान केवल जानकारी के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत भवन पर ही विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आय, जाति, निवास तथा जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित विभिन्न जनसेवाओं की सुविधा उपलब्ध है।

अब ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बाजार या साइबर कैफे के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने लोगों से पंचायत भवन की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। बरसात के मौसम को देखते हुए पंचायत सचिव ने ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेज बारिश, गरज-चमक और आकाशीय बिजली के दौरान घरों से बाहर निकलने से बचें तथा पशुओं को पेड़ों के नीचे न बांधें। यदि अतिवृष्टि से किसी का मकान क्षतिग्रस्त होता है तो तत्काल ग्राम पंचायत को सूचना दें, ताकि शासन की ओर से नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि विकसित और स्वच्छ ग्राम पंचायत का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए उन्होंने प्रत्येक परिवार से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है, बल्कि बदलते मौसम चक्र और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम भी है। ग्राम प्रधान जयशंकर यादव ने कहा कि गांव का विकास तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करे।

उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, स्वच्छता अपनाने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा ग्राम पंचायत को आदर्श गांव बनाने के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में प्रेमा देवी, विजया देवी,राजित, इंद्रजीत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# होर्मुज पर पूर्ण नियंत्रण व जहाजों से शुल्क वसूली चाहता है ईरान

**दोहा/दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को दोहा (कतर) में हुई तकनीकी बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही पर

### ■ इसके लिए बल प्रयोग को भी तैयार

सहमति और युद्धविराम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। चर्चा की सीधी जानकारी रखने वाले सूत्र ने बताया कि ईरान होर्मुज पर पूर्ण नियंत्रण और खाड़ी में आने-जाने वाले जहाजों से शुल्क वसूलने की क्षमता के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाने के लिए दृढ़ है, भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े। ईरानी अधिकारी ने भी यही जानकारी दी। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के दामाद जेरेड कुशनर और दूत स्टीव विटकॉफ ने कतर के पीएम से मुलाकात की। यह वार्ता गत माह हस्ताक्षरित 14-सूत्रीय अंतरिम



समझौते पर आधारित है, जिसमें युद्ध रोकना, होर्मुज को फिर खोलना और 60 दिन के स्थायी शांति समझौते के लिए वार्ता शुरू करना शामिल था। इस बीच, ईरान ने कहा, समझौते की भाषा उसे यह तय करने का हक देती है कि कौन से जहाज इस संकरे जलमार्ग से किस रास्ते का उपयोग करेंगे व कौन नहीं।

सूत्रों के मुताबिक, ईरान ने स्पष्ट कहा है कि यदि होर्मुज स्ट्रेट पर उसके नियंत्रण पर सहमति नहीं बन जाती, तब तक उसके वार्ताकार वाशिंगटन के साथ चल रही शांति वार्ता में विवाद के अन्य मुद्दों पर आगे नहीं बढ़ेंगे। यदि अंतरिम समझौता बिना विस्तार के खत्म हो जाता है तो ईरान अगस्त के मध्य में जहाजों से गुजरने के लिए शुल्क लेना शुरू कर देगा, हालांकि उसने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह क्या शुल्क लेगा या कैसे।

ईरान होर्मुज पर स्थायी नियंत्रण चाहता है। जबकि ईरान का कोई भी स्थायी नियंत्रण, जिसमें जहाजों के लिए औपचारिकताएं और शुल्क शामिल हों, उस जलमार्ग से होने वाले सभी शिपिंग कार्यों में लागत, देरी और जोखिम बढ़ा देगा। इसके चलते युद्ध से पहले वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के पांचवें हिस्से वाले इस मार्ग पर परेशानियां बढ़ जाएंगीं। यह वॉशिंगटन के रुख के विपरीत है।

उधर, ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा, ईरान के एटमी अधिकार और अहम शर्तों पर कोई समझौता नहीं होगा। वह बोले, तेहरान वार्ता के अगले चरण में तब तक आगे नहीं बढ़ेगा जब तक कि अमेरिका के साथ हुए 14-सूत्रीय समझौता ज्ञापन के तहत मुख्य वादे पूरे नहीं हो जाते। इन वादों में लेबनान में युद्ध खत्म करना और समझौते को लागू करने से जुड़े उपाय शामिल हैं।

## रूस के हमले से दहली यूक्रेन की राजधानी

### आठ लोगों की हुई मौत

**कीव।** रूस ने गुरुवार की सुबह यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया। इसके कारण भीषण विस्फोट हुए और कीव कई घंटों तक हिलता रहा। कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर टकाचेंको ने बताया कि हमलों में आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि कम से कम 11 लोग घायल हुए हैं। बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से हुए हमले ने नीप्रो नदी के दोनों किनारों पर स्थित शहर के सभी 10 जिलों को प्रभावित किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों द्वारा हमले की पहली चेतावनी जारी किए जाने के बाद कई निवासियों ने मेट्रो स्टेशनों पर शरण ली। रूस ने हाल के हफ्तों में कीव पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। वहीं, यूक्रेन द्वारा रूसी सैन्य स्थलों और ऊर्जा सुविधाओं के खिलाफ किए गए लंबी दूरी के ड्रोन हमलों के कारण रूस के अंदर ईंधन की कमी हो गई है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित हो गई हैं। क्लिट्स्को ने निवासियों से आश्रय स्थलों में रहने का आग्रह किया।

## एक नज़र

### पाक में नाव पलटने से छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात घाटी में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां की प्रसिद्ध सैफुल्ला झील में नौ पर्यटकों से भरी एक नाव पलट गई। इस हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस के अनुसार, नाव पर सवार सभी नौ लोग एक ही परिवार के थे। ये सभी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहने वाले थे और स्वात घाटी के कलाम इलाके में घूमने आए थे। झील की सैर के दौरान अचानक नाव असंतुलित होकर पानी में पलट गई।

### अफगानिस्तान में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**काबुल।** अफगानिस्तान में बुधवार देर रात 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप रात 11.27 बजे (भारतीय समय) दर्ज किया गया। इसका केंद्र अफगानिस्तान में 36.443 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.391 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप की गहराई 173 किलोमीटर मापी गई। फिलहाल भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

### एम्पायर स्टेट पर बैनर लहराने में दो गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित मशहूर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग की एंटीना पर बुधवार को दो लोग चढ़ गए और वहां 'प्यार की ताकत' का संदेश लिखे बैनर को लहरा दिया। दोनों ने ऊंचाई पर सेल्फी ली, एक-दूसरे को गले लगाया और किस भी किया। करीब आधे घंटे बाद वे नीचे उतरने लगे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह अभी साफ नहीं हो पाया है कि दोनों इमारत की सुरक्षा व्यवस्था को पार कर एंटीना तक कैसे पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ओहायो के मोटल में भीषण आग, तीन की मौत

**ओहायो।** अमेरिका के ओहायो राज्य के वूस्टर शहर में बुधवार तड़के एक मोटल में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि तीन लोग कमरे में ही फंस गए और बाहर नहीं निकल सके। दमकल विभाग ने उन्हें बचाने की कई कोशिशें कीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतकों में दो लोग मोटल के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। घटना में कोई अन्य घायल नहीं हुआ। आग लगने के समय मोटल की छत से ऊंची लपटें उठ रही थीं। अन्य कमरों में ठहरे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### ग्रीस में सत्तारूढ़ पार्टी नेताओं के घरों पर फायरबम हमला

**एथेंस।** ग्रीस के थेसालोनिकी शहर में बुधवार तड़के सत्तारूढ़ न्यू डेमोक्रेसी पार्टी के नेताओं के घरों पर तीन फायरबम हमले किए गए। इन हमलों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने गैस सिलेंडर से बने देसी विस्फोटक इस्तेमाल किए। एक कार सत्तारूढ़ पार्टी की पूर्व संसदीय उम्मीदवार अफ्रोदिती नेस्टोरा की थी। वह झुलस गईं, जबकि उनकी मां ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने घटना की निंदा करते हुए इसे अंधी राजनीतिक हिंसा बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पूर्व सीआईए प्रमुख ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत का रुख किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व निदेशक जॉन ब्रेनन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि उनके खिलाफ चल रही जांच से जुड़े सभी दस्तावेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया जाए। ब्रेनन का कहना है कि उन पर राजनीतिक बदले की भावना से जांच की जा रही है और भविष्य में आरोप लगने की स्थिति में ये रिकॉर्ड उनके बचाव के लिए जरूरी होंगे। न्याय विभाग ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि जांच का राजनीतिक दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है।

### भारत से भरोसा व सम्मान चाहता है बांग्लादेश : जमात

**ढाका।** बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख और संसद में विपक्ष के नेता डॉ. शफीकुर रहमान ने भारत से संबंधों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा बांग्लादेश, भारत के साथ परस्पर विश्वास, समानता और सम्मान के आधार पर द्विपक्षीय संबंध बनाए रखना चाहता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि तीस्ता मास्टर प्लान समेत बांग्लादेश के आंतरिक परियोजनाएं उसके अपने संप्रभु मामले हैं और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है।

# वेनेजुएला भूकंप में अब तक 2200 मौतें

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। इस आपदा में मृतकों की संख्या 2,200 के पार पहुंच गई है, जबकि 11,000 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस

### ■ मृतकों का आंकड़ा बढ़ने पर मेक्सिको की मशहूर बचाव टीम रवाना

मुश्किल घड़ी में मेक्सिको की मशहूर बचाव टीम 'टोपोस' मदद के लिए वेनेजुएला पहुंच रही है। यह टीम मलबे में दबे लोगों को निकालने में माहिर मानी जाती है। भूकंप के करीब एक हफ्ते बाद भी वेनेजुएला में हालात बेहद खराब हैं। सबसे ज्यादा असर ला गुआरा राज्य में हुआ है, जहां कई बहुमंजिला इमारतें और घर जमींदोज हो गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बचाव टीमें दिन-रात मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रही हैं।



हालांकि, समय बीतने के साथ अब जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीद कम होती जा रही है। मेक्सिको से रवाना हुए 39 वर्षीय स्वयंसेवक जर्मन बेलो अपने साथ बचाव उपकरणों के अलावा बड़ी संख्या में बॉडी बैग भी ले जा रहे हैं, ताकि मृतकों के शवों को सम्मान के साथ निकाला जा सके। 'टोपोस' मेक्सिको का एक नागरिक बचाव संगठन है। इसकी शुरुआत 1985 में मेक्सिको सिटी में आए भीषण भूकंप के बाद हुई थी। स्पेनिश भाषा में 'टोपोस' का मतलब 'छछूंदर' (Moles) होता है। इस टीम को यह नाम इसलिए मिला क्योंकि इसके सदस्य मलबे के बीच बनी बेहद संकरी जगहों और छेदों में रेंगकर घुस जाते हैं। ये लोग थर्मल कैमरे और संवेदनशील माइक्रोफोन जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं ताकि मलबे के नीचे दबी हल्की सी आहट या शरीर की गर्मी को पहचाना जा सके।

# जन्मसिद्ध नागरिकता पर सुप्रीम कोर्ट गलत था : ट्रंप

**नॉर्थ डकोटा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम

### ■ कहा-लेकिन यह मामला सुलझ जाएगा

कोर्ट की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले में गलत फैसला दिया, लेकिन उन्हें भरोसा है कि भविष्य में यह मुद्दा सुलझ जाएगा। ट्रंप ने यह बयान नॉर्थ डकोटा के मेडोरा में थियोडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में दिया। ट्रंप ने कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता का प्रावधान मूल रूप से गृहयुद्ध के बाद गुलामों के बच्चों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया था। उनके अनुसार, इसका उद्देश्य दूसरे देशों के संपन्न लोगों के बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिकता देना नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता, बल्कि मैं जानता हूं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में गलत था, लेकिन कोई बात नहीं, हम इसका समाधान कर लेंगे। ट्रंप ने हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी स्वागत किया, जिसमें राष्ट्रपति को कार्यपालिका की एजेंसियों



के प्रमुखों को हटाने के अधिक अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने लगभग 90 साल पुराने कानूनी ढांचे को बदलते हुए राष्ट्रपति पद की शक्तियां बहाल की हैं। ट्रंप ने कहा कि यह फैसला 6-3 के बहुमत से आया और यह राष्ट्रपति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार, ऐसे समय में जब राष्ट्रपति को अधिक अधिकारों की जरूरत है, यह फैसला बहुत अहम साबित होगा।

### मेरिट आधारित व्यवस्था की तारीफ

ट्रंप ने शिक्षा में मेरिट आधारित व्यवस्था की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका में दाखिले और अवसर योग्यता के आधार पर मिलेंगे, न कि किसी व्यक्ति की नस्ल या पहचान के आधार पर। उन्होंने कहा कि पहले कई बार कम अंक पाने वाले छात्रों को उनकी पहचान के आधार पर प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश मिल जाता था, जबकि अधिक अंक लाने वाले छात्र पीछे रह जाते थे। ट्रंप ने कहा कि अब यह व्यवस्था खत्म हो रही है और देश फिर से योग्यता आधारित प्रणाली की ओर लौट रहा है।

# पनामा नहर पर चीन को ट्रंप ने दी खुली चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर पनामा नहर और चीन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका

### बोले- ऐसा कभी नहीं होने देंगे

ने पनामा नहर का नियंत्रण सौंपकर बड़ी गलती की थी और अब चीन इस रणनीतिक जलमार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका ऐसा हरगिज नहीं होने देगा। उन्होंने यह बयान नॉर्थ डकोटा में थियोडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह के दौरान दिया। इस दौरान उन्होंने जन्मसिद्ध नागरिकता और राष्ट्रपति की शक्तियों पर भी अपनी राय रखी।

ट्रंप ने कहा कि जब अमेरिका ने पनामा नहर का नियंत्रण पनामा को सौंपा तो उसके बाद वहां से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क कई गुना बढ़ा दिया गया। उनके अनुसार, इससे पनामा को भारी आर्थिक फायदा हुआ। ट्रंप ने दावा किया कि अब चीन इस अहम समुद्री मार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने रणनीतिक हितों से जुड़ा यह मुद्दा किसी भी कीमत पर नजरअंदाज नहीं करेगा।

ट्रंप ने कहा कि पनामा नहर दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। उनका दावा है कि चीन इस रणनीतिक जलमार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चीन को पनामा नहर पर नियंत्रण या प्रभाव स्थापित नहीं करने देगा। उन्होंने पनामा नहर का नियंत्रण पनामा को सौंपने के पुराने फैसले को गलत बताया।

# बच्चों के मुंह में टॉयलेट का पानी डाला गया, पांच नैनी पर आरोप

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड स्थित आईटी कंपनी कैपजेमिनी के परिसर में बने डे-केयर सेंटर में मासूमों से हैवानियत का मामला सामने आया है। डे-केयर की महिला कर्मचारियों ने क्रूरता की हदें पार करते हुए दो-तीन साल के बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के अंदर डाल दिया। उन्हें वेस्टर्न स्टाइल टॉयलेट पर बैठाया, टॉयलेट के जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी डाला। इतना ही नहीं, मासूमों को बाथरूम में बंद कर दिया और चुप रहने के लिए धमकाया। हैवानियत का वीडियो सामने आने के बाद पांच महिला कर्मियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया, यह डे-केयर सेंटर उन कर्मचारियों के बच्चों के लिए है, जो काम के दौरान अपने छोटे बच्चों को यहां छोड़ते हैं। मामला तब सामने आया, जब बच्चों से दुर्व्यवहार के वीडियो व्हाट्सएप पर साझा किए गए। वीडियो की प्रामाणिकता की भी जांच हो रही है।

बंगलूरू के ब्रुकफील्ड में है टेक कंपनी 'कैपजेमिनी' का कैंपस। परिसर में बने एक डे-केयर सेंटर की पांच नैनी (बच्चों की



देखभाल करने वाली महिलाओं) पर लगे गंभीर आरोप। पुलिस ने बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार करने का मामला दर्ज किया। बच्चों को बाथरूम में बंद किया, फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के अंदर डाल दिया। टॉयलेट जेट से बच्चों के मुंह में पानी की बौछार करने जैसे घृणित और अमानवीय बर्ताव के भी आरोप। कथित दुर्व्यवहार के चार वीडियो मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन के एक अधिकारी ने दर्ज कराई शिकायत। डे-केयर सेंटर पर बच्चों से अमानवीय बर्ताव का वीडियो कर्मचारी ने रिकॉर्ड किया था। कर्मचारी की दोस्त को पिछले महीने उसी सेंटर से नौकरी से निकाल दिया गया था।

पुलिस ने आरोपी महिलाओं- मंजुला, विजयलक्ष्मी, भवानी, सिंधु और बिंदु के खिलाफ़ 'जुवेनाइल जस्टिस एक्ट' और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी महिलाओं को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पेश होने का निर्देश देगी पुलिस। वीडियो में कथित तौर पर नैनी 2-3 साल के बच्चों को धमकाती दिखी। ऐसा रोने या शोर-शराबा करने पर किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस की एक टीम ने बुधवार, एक जुलाई को कैंपस का निरीक्षण किया। सेंटर से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए गए। पुलिस यहां रखे जाने वाले बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों से भी पूछेताछ करेगी। क्या डे-केयर सेंटर में पहले भी ऐसी कोई असामान्य गतिविधि देखी गई या बच्चों ने दुर्व्यवहार की शिकायत की, इस पहलू पर भी हो रही है जांच।

पूरे मामले की जांच करने वाली पुलिस के अनुसार, वीडियो में बच्चे रोते नजर आए। उनकी देखभाल करने वाली महिलाएं उन्हें शारीरिक प्रताड़ना दे रही थीं। बच्चे रोते थे या शोर करते थे, तो उन्हें डराया-धमकाया जाता था। चाइल्ड हेल्पलाइन की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया, पांच महिला कर्मियों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम से जुड़ीं धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनसे पूछताछ जारी है। मामला प्रकाश में आने के बाद एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने कहा, कैपजेमिनी की सबसे पहली प्राथमिकता अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की सेहत, सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखना है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं और सच्चाई का पता लगाने की उनकी कोशिशों में मदद कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर, प्रबंधन ने बंगलूरू कैंपस की डे-केयर सुविधा को कुछ समय के लिए बंद करने का फैसला लिया है।'

**शान** — ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' में भरी पहली उड़ान

# कतर ने दिया था 400 मिलियन डॉलर का तोहफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक नए एयरफोर्स वन विमान से अपनी पहली उड़ान भरी। यह नया विमान दरअसल कतर द्वारा तोहफे में दिया गया एक बोइंग 747-800 जेट है, जिसकी कीमत करीब लगभग 3300 करोड़ रुपये है। इस विमान के रंग-रूप और डिजाइन में राष्ट्रपति ट्रंप की अपनी खास पसंद और स्टाइल की साफ झलक देखने को मिली। बता दें कि बुधवार को इस विमान ने अपनी पहली आधिकारिक उड़ान नॉर्थ डकोटा के लिए भरी, जहां ट्रंप थिओडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी देखने पहुंचे थे।

इस नए विमान में अब एयरफोर्स वन की पहचान बन चुका पुराना हल्का नीला रंग नजर नहीं आएगा, जो आसमान में विमान को छिपाने



में मदद करता था। ट्रंप की पसंद के मुताबिक, इस नए विमान के निचले हिस्से को नेवी-ब्लू रंग से रंगा गया है, जिस पर लाल और सुनहरी धारियां बनी हैं। विमान के अंदर ऐशो-आराम का पूरा ध्यान रखा गया है। इसमें आलीशान कालीन, पूरी तरह सीधे होने वाले सोफे, शानदार वूडन पैनलिंग और सीट बेल्ट्स पर राष्ट्रपति की आधिकारिक सील लगाई गई है। ट्रंप ने खुद पत्रकारों से बातचीत में इस पर गर्व जताते हुए कहा कि आपके पास दो रास्ते होते हैं, या तो आप चीजों को बहुत साधारण रखें, या फिर आप उसे शान से दिखाएं। मैंने दिखाने का फैसला किया।


### क्या है इसकी खासियत?

विमान के पंखों में एक बेहद आधुनिक मिरर-बॉल डिफेंस सिस्टम छिपाया गया है, जो दुश्मन की इन्फ्रारेड गाइडेड मिसाइलों को आसानी से चकमा दे सकता है। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए इसमें इलेक्ट्रॉनिक काउंटरमेजर डिफेंस सिस्टम लगाया जाएगा, जो दुश्मन के रडार को जाम करने और मिसाइलों का रास्ता भटकाने में सक्षम है। पंखों के नए और एडवांस्ड डिजाइन की बदौलत इस भारी-भरकम विमान की गति पहले से तेज हुई है, जिससे यह अब 1050 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, इस विमान को राष्ट्रपति की सुरक्षा के कड़े मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने में करीब 400 मिलियन डॉलर (3300 करोड़ रुपये से अधिक) का खर्च आने का अनुमान है। राष्ट्रपति के लिए विमान में एक आलीशान पर्सनल सुइट तैयार किया गया है, जिसमें सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस ड्रेसिंग रूम, शौचालय और एक प्राइवेट जिम भी शामिल है। विमान के अंदर एक अत्याधुनिक डाइनिंग रूम और किचन बनाया गया है, जिसमें एक बार में लगभग 2,000 लोगों के लिए खाना तैयार करने की क्षमता है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089